मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 10:30 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 30 नवंबर 2024

वर्ष 6, अंक 10, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वेब के कैमरे में पहली बार कैद हुई गैलेक्सी सोम्ब्रेरो 14

बेस्टसेलर द किडनी स्कैम में काम करेंगी प्रभलीन 13

## हाइब्रिड मॉडल नहीं तो पाक के बिना ही होगी चैंपियंस ट्रॉफी : आईसीसी

- पीसीबी को हाइब्रिड मॉडल मंजूर नहीं, भारत के बिना टूर्नामेंट खेलने पर नहीं मिलेगा पैसा

**नई दिल्ली/दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अड़ियल रुख पर कड़ा रवैया अपनाते हुए कहा है कि वह या तो हाइब्रिड मॉडल अपनाए या फिर इस प्रतियोगिता से बाहर होने के लिए तैयार रहे। पीसीबी ने शुक्रवार को दुबई में आईसीसी कार्यकारी बोर्ड की आपात बैठक में हाइब्रिड मॉडल के अनुसार प्रतियोगिता की मेजबानी करने से स्पष्ट इनकार कर दिया था। सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत के पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार करने के बावजूद पीसीबी ने एक बार फिर हाइब्रिड मॉडल को खारिज कर दिया, जिसके बाद आम सहमति नहीं बन सकी। आईसीसी के सूत्र ने कहा कोई भी प्रसारणकर्ता आईसीसी की ऐसी किसी भी प्रतियोगिता के लिए पैसा नहीं देगा जिसमें भारत शामिल न हो। पाकिस्तान के हाइब्रिड मॉडल पर सहमत होने के बाद ही शनिवार को आईसीसी की बैठक होगी। यदि पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार नहीं करता है तो चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन एक अन्य देश में किया जा सकता है और उसमें पाकिस्तान शामिल नहीं होगा।

### पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम

इस बीच दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बीसीसीआई के रुख को दोहराया कि भारतीय टीम सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर सकती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता से जब नियमित संवाददाता सम्मेलन में भारतीय टीम के चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा बीसीसीआई ने बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि वहां सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं हैं और इसलिए यह संभावना नहीं है कि टीम वहां जाएगी। नकवी ने बैठक में व्यक्तिगत रूप से भाग लिया क्योंकि वह पाकिस्तान का पक्ष रखने के लिए गुरुवार से दुबई में डटे हुए हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह बैठक में ऑनलाइन सम्मिलित हुए। शाह एक दिसंबर को आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे।

## राज कुंद्रा-शिल्पा शेट्टी के घर प्रवर्तन निदेशालय का छापा

### कानपुर, गोरखपुर और कुशीनगर में भी छापेमारी, पोर्नोग्राफी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का मामला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/कानपुर

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और व्यवसायी राज कुंद्रा समेत कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर छापेमारी की। मामला अश्लील कंटेंट (पोर्नोग्राफी) से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का है, जिसे लेकर मुंबई के अलावा उत्तर प्रदेश में करीब 15 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है।

इस छापेमारी का उद्देश्य मोबाइल एप्लिकेशन और अन्य माध्यमों से अश्लील कंटेंट बनाने के साथ इसके प्रसार, खरीद-फरोख्त में संदिग्धों की भूमिका का राजफाश करना है। उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को कानपुर, कुशीनगर समेत कई जिलों में ईडी ने छापेमारी की। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राजकुंद्रा बड़े कारोबारी हैं। राज कुंद्रा के खिलाफ ही मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की टीम राजकुंद्रा प्रोडक्शन का काम देखने वाले कर्मचारियों और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। राजकुंद्रा के एक करीबी अतुल श्रीवास्तव को गोरखपुर से ईडी ने हिरासत में लिया। अतुल के पडरौना बैंक खाते से लेन-देन के शक में जांच की जा रही है। सॉफ्टवेयर कंपनी चलाने वाले अतुल के पडरौना स्थित घर में पिता प्रमोद श्रीवास्तव और मां से पूछताछ की गई। राज कुंद्रा के पोर्नोग्राफी और मनी लांड्रिंग के मामले में राज प्रोडेक्शन का काम संभालने वाले अरविंद श्रीवास्तव के कानपुर में श्यामनगर स्थित सदन अपार्टमेंट के फ्लैट पर भी सुबह 8.30 बजे ईडी ने छापेमारी की। अरविंद मौके पर नहीं मिला, लेकिन टीम ने उसके पिता नर्वदा श्रीवास्तव से पूछताछ की। देर शाम 7 बजे तक पूछताछ और छानबीन जारी थी। अरविंद कानपुर आईआईटी से इंजीनियरिंग करने के बाद पत्नी हर्षिता के साथ सिंगापुर में रहता है। अरविंद सिंगापुर में रहकर राज कुंद्रा प्रोडक्शन का काम संभाल रहा था। सूत्रों ने बताया कि अरविंद की पत्नी हर्षिता के बैंक खाते में मई 2019 से 2021 के बीच 2 करोड़ 33 लाख 222 रुपये आए थे। इसी के बाद हर्षिता और अरविंद की जांच चल रही है। वर्ष 2021 में मुंबई पुलिस ने एक लड़की की शिकायत पर कुंद्रा के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस ने पोर्न फिल्म बनाने के ठिकाने पर छापेमारी की और कुंद्रा समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया था। ताजा कार्रवाई में ईडी ने 27 नवंबर को नोटिस दिया था।

### 40 प्रतिष्ठानों पर आयकर की छापेमारी जारी

**लखनऊ/कानपुर :** आयकर विभाग की टीम कानपुर की एक बड़ी इस्पात कंपनी समेत उनसे जुड़े 40 से अधिक प्रतिष्ठानों में छापेमारी कर रही है। कानपुर के साथ ही उन्नाव, हमीरपुर, गाजियाबाद, नोएडा समेत कई शहरों में आयकर टीमें जांच करती रहीं। कंपनी संचालक के आवास, अलग-अलग शहरों में संचालित फैक्ट्रियों के अलावा कारोबार से जुड़े कई व्यापारियों के ठिकानों पर भी टीमें पहुंचीं। टैक्स चोरी, मुखौटा कंपनियां व खरीद-फरोख्त में बड़ी गड़बड़ियों के साक्ष्य मिलने की सूचना है।




## निचली अदालत मस्जिद सर्वे पर आगे न बढ़े

### संभल विवाद : सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को हाईकोर्ट जाने को कहा, तब तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद सर्वेक्षण विवाद के मामले शुक्रवार को जिला अदालत से कहा कि वह हाईकोर्ट में सुनवाई होने तक कोई कार्यवाही न करे। इसके साथ ही याचिकाकर्ता शाही जामा मस्जिद समिति को इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने और राज्य सरकार को इलाके में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने प्रदेश सरकार को उस क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया, जहां भारी पथराव के दौरान पांच उपद्रवियों की पिछले दिनों मौत हो गई थी। पीठ ने आदेश दिया कि यदि कोई पुनरीक्षण आवेदन दाखिल किया जाता है, तो उस पर हाईकोर्ट में तीन दिनों के अंदर सुनवाई की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी आदेश दिया कि अधिवक्ता आयुक्त की सर्वेक्षण रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में रखी जाए। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम नहीं चाहते कि इस बीच कुछ भी हो उन्हें (शाही जामा मस्जिद समिति) उचित उपाय करने दें। हम इसे लंबित रखेंगे। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने कहा कि यह सर्वेक्षण करने का आदेश जनता को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि देश भर में 10 ऐसे मुकदमे लंबित हैं, जिनमें सर्वेक्षण कराने की मांग की गई है। पीठ ने कहा कि हमें उम्मीद है और भरोसा है कि ट्रायल कोर्ट कोई कार्यवाही नहीं करेगा। हमने गुण-दोष के आधार पर कोई राय नहीं दी है। वादीगण के अनुसार, शाही जामा मस्जिद का निर्माण मुगल बादशाह बाबर ने श्री हरिहर मंदिर को ध्वस्त कर 1526 में करवाया था।




चंदौसी में कोर्ट के बाहर मौजूद भारी पुलिस बल। ● अमृत विचार

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में दो और याचिकाएं दाखिल

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में संभल में हुई हिंसा को लेकर दो और याचिकाएं दाखिल की गई हैं। पहली याचिका में संभल के जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक, संबंधित एसएचओ तथा अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई है। हजरत ख्वाजा गरीब नवाज वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ता साहेर नकवी और मोहम्मद आरिफ के माध्यम से यह याचिका दाखिल की गई। इसके अलावा पुलिस की गोलीबारी पर सवाल उठाते हुए नागरिक अधिकार संरक्षण संगठन द्वारा अधिवक्ता पवन कुमार यादव के माध्यम से एक अन्य याचिका दाखिल की गई है।

### सुनवाई टली, अब 8 जनवरी को होगी

- कड़ी सुरक्षा के बीच पेश हुए दोनों पक्षों के अधिवक्ता
- सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए दिया 10 दिन का समय

**चन्दौसी।** कड़ी सुरक्षा के बीच जिला न्यायालय स्थित सिविल जज सीनियर डिवीजन न्यायालय में शुक्रवार को जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने का दावा करने वाले मामले की सुनवाई हुई। इसमें कोर्ट कमिश्नर ने सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए समय मांगा। इस पर न्यायालय ने 10 दिन का समय सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए दिया। न्यायालय में आगामी सुनवाई 8 जनवरी को होगी। अदालत ने कहा कि इस बीच जामा मस्जिद में कोई सर्वे नहीं होगा। सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष से विष्णु शंकर जैन के स्थान पर श्रीगोपाल शर्मा और मुस्लिम पक्ष की ओर से शकील वारसी समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे। सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य सिंह की कोर्ट में दिन में 11.20 बजे सुनवाई शुरू हुई। इसमें कोर्ट कमिश्नर रमेश राघव ने प्रार्थना पत्र देकर सर्वे रिपोर्ट तैयार नहीं होने की बात कही। रिपोर्ट पेश करने के लिए समय मांगा। इस पर कोर्ट ने 10 दिन में रिपोर्ट पेश करने को कहा। मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता ने मंदिर पक्ष के दावे की कापी नहीं मिलने की बात कही। कोर्ट ने मस्जिद पक्ष को दावे की कापी देने के निर्देश दिए।

### जनवरी में सूचीबद्ध करने का निर्देश

पीठ ने मामले को 6 जनवरी से शुरू सप्ताह में विचार के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष वादी हरि शंकर जैन और अन्य की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा था कि सिविल जज के समक्ष सुनवाई की तिथि 8 जनवरी तय है।

### मथुरा शाही ईदगाह मामले में 9 दिसंबर को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित हिंदू पक्ष के 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली मस्जिद समिति की याचिका पर 9 दिसंबर को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हम इस पर 9 दिसंबर को दोपहर 2 बजे विस्तार से विचार करेंगे। हमें यह तय करना है कि कानूनी स्थिति क्या है।

## दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि घटकर 5.4 प्रतिशत पर आई

- दो साल के निचले स्तर पर, एक साल पहले 8.1% पर थी

नई दिल्ली, एजेंसी

विनिर्माण और खनन क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर लगभग दो साल के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई। हालांकि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। एक साल पहले की समान अवधि में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। जीडीपी एक निश्चित अवधि में देश की सीमा में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के मुल मूल्य को बताता है।

आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था धीमी होकर 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी। जीडीपी वृद्धि का पिछला निम्न स्तर वित्त वर्ष 2022-23 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 4.3 प्रतिशत रहा था। जीडीपी वृद्धि में आई इस सुस्ती के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहा। इस साल जुलाई-सितंबर तिमाही में चीन की जीडीपी वृद्धि 4.6 प्रतिशत रही। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर (सकल मूल्य वर्धन) पिछली तिमाही में 3.5 प्रतिशत हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 1.7 प्रतिशत थी। हालांकि आलोच्य अवधि में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 2.2 प्रतिशत पर आ गई जो पिछले साल की समान अवधि में 14.3 प्रतिशत की दर से बढ़ा था।

### चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 6 % की वृद्धि

दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े आने के साथ ही चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में जीडीपी वृद्धि छह प्रतिशत दर्ज की गई है। पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में जीडीपी वृद्धि 8.2 प्रतिशत रही थी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि 6.7 प्रतिशत पर अपरिवर्तित बनी हुई है। एनएसओ ने एक बयान में कहा कि 2024-25 की दूसरी तिमाही में स्थिर कीमतों पर जीडीपी का आकार 44.10 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है जबकि 2023-24 की दूसरी तिमाही में यह 41.86 लाख करोड़ रुपये थी। यह जीडीपी में सालाना आधार पर 5.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

## एक नजर

### डॉ. रतन पाल सिंह बने स्वास्थ्य महानिदेशक



**लखनऊ।** प्रदेश में महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. रतन पाल सिंह सुमन को नया स्वास्थ्य महानिदेशक बनाया गया है। विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी की ओर से जारी आदेश में महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. सुषमा सिंह को महानिदेशक परिवार कल्याण बनाया गया है। अन्य आदेश में बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण को महानिदेशक प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है। अपर निदेशक अयोध्या मंडल डॉ. सुशील गुप्ता को बलरामपुर अस्पताल का निदेशक नियुक्त किया गया है।

### मप्र में करंट लगने से जंगली हाथी की मौत

**सतना।** मध्यप्रदेश के मैहर जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के कुंआ गांव में करंट लगने से एक जंगली हाथी की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार 11 केवी की विद्युत लाइन के तार के छू जाने के कारण गुरुवार की रात एक जंगली हाथी की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार हेतु हाथी को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया।

### टीएमसी के पूर्व नेता कुंतल घोष को बेल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस के पूर्व युवा नेता कुंतल घोष को जमानत (बेल) दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि इस मामले में निकट भविष्य में सुनवाई पूरी होने की संभावना नहीं है, जबकि घोष पिछले 19 महीनों से हिरासत में हैं। घोष एक साल से अधिक समय बाद जेल से बाहर आएंगे, क्योंकि उन्हें घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में 20 नवंबर को जमानत दे दी गई थी।

## पार्टी की मजबूती को लेंगे कठोर निर्णय



- पार्टी वर्किंग कमेटी की बैठक में बोले कांग्रेस अध्यक्ष खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों में हार को पार्टी के लिए बड़ा झटका करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि अब जवाबदेही तय करने के साथ ही कठोर निर्णय लेने होंगे। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में यह भी कहा कि पार्टी नेताओं को अनुशासन का सख्ती से पालन करना चाहिए और पार्टी को पुराने ढर्रे की राजनीति से हर बार सफलता नहीं मिल सकती।

खरगे ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है और ऐसे में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करवाना निर्वाचन आयोग का संवैधानिक दायित्व है। उन्होंने वायनाड से प्रियंका गांधी वाड्रा और नांदेड़ से रवींद्र चव्हाण के लोकसभा उपचुनाव जीतने पर उन्हें बधाई दी। कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में हुई इस बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश और पार्टी के कई अन्य नेता शामिल हुए। कांग्रेस और उसके सहयोगियों को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले उसे हरियाणा में भी आश्चर्यजनक हार का सामना करना पड़ा था। खरगे ने कहा हमें तुरंत चुनावी नतीजों से सबक लेते हुए संगठन के स्तर पर अपनी सभी कमजोरियों और खामियों को दुरुस्त करने की जरूरत है। ये नतीजे हमारे लिए संदेश हैं। उन्होंने कई प्रदेशों में पार्टी के भीतर गुटबाजी की ओर इशारा करते हुए कहा कि सबसे अहम बात जो मैं बार-बार कहता हूं कि आपसी एकता की कमी और एक-दूसरे के ख़िलाफ़ बयानबाजी हमें काफी नुकसान पहुंचाती है। खरगे ने कहा कि जब तक हम एक हो कर चुनाव नहीं लड़ेंगे, आपस में एक-दूसरे के ख़िलाफ़ बयानबाजी का सिलसिला बंद नहीं करेंगे, तो अपने विरोधियों को राजनीतिक शिकस्त कैसे दे सकेंगे?

## बिरसा मुंडा के प्रपौत्र मंगल मुंडा का निधन

**रांची।** आदिवासी नेता बिरसा मुंडा के प्रपौत्र मंगल मुंडा की शुक्रवार को हृदय गति रुकने से मौत हो गई। मंगल मुंडा (45) एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे और यहां राज्य के शीर्ष अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में उनका इलाज किया जा रहा था। उन्होंने रिम्स में रात साढ़े 12 बजे अंतिम सांस ली। झारखंड के खूंटी जिले में 25 नवंबर को एक यात्री वाहन की छत से गिरने के कारण मंगल मुंडा के सिर में गंभीर चोट आई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुंडा के निधन को आदिवासी समाज के लिए क्षति बताया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी शोक व्यक्त किया है।

## संसद की कार्यवाही 2 दिसंबर तक स्थगित

- गतिरोध बरकरार, विपक्ष के हंगामे से नहीं चले दोनों सदन

नई दिल्ली, एजेंसी

अडाणी समूह पर लगे आरोपों और संभल हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर संसद में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण शुक्रवार को भी गतिरोध कायम रहा तथा राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद, जबकि लोकसभा की बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12:10 बजे दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

अब कार्यवाही सोमवार 2 दिसंबर को शुरू होगी। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत 25 नवंबर को हुई थी और विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण पहले सप्ताह दोनों सदनों में गतिरोध कायम रहने से महत्वपूर्ण विधायी कामकाज नहीं हो पाया। लोकसभा की कार्यवाही आरंभ होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया, कांग्रेस और सपा के सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। कांग्रेस सदस्य अडाणी समूह से जुड़े मामले को उठा रहे थे, वहीं सपा सांसद संभल हिंसा का मुद्दा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की। हंगामे के बीच ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कुछ पूरक प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

## सज्जन कुमार के एक मामले में 16 को फैसला

- 1984 के सिख विरोधी दंगे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत 1984 के सिख-विरोधी दंगों के सिलसिले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार के खिलाफ हत्या के एक मामले में 16 दिसंबर को अपना फैसला सुनाएगी। यह मामला सिख-विरोधी दंगों के दौरान सरस्वती विहार इलाके में दो लोगों की कथित हत्या से जुड़ा है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा को शुक्रवार को आदेश पारित करना था, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए इसे टाल दिया कि फैसला तैयार नहीं है। अदालत ने एक नवंबर, 1984 को जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या से संबंधित मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## महाराष्ट्र में बस पलटने से 11 यात्रियों की मौत

- गोंदिया जिले में दोपहिया वाहन को बचाने के प्रयास में हादसा

गोंदिया, एजेंसी

महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में शुक्रवार दोपहर महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस पलट जाने से 11 यात्रियों की मौत हो गई और 25 घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि बस 36 यात्रियों को लेकर भंडारा से गोंदिया जिले की ओर जा रही थी, लेकिन सड़क अर्जुनी तालुका के खजरी गांव में अचानक सामने आए दोपहिया वाहन से टकराने से बचने के लिए चालक ने ब्रेक लगाया जिससे बस पलट गई। हादसा दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुआ। कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के लिए 10-10 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की। शिंदे ने कहा कि जरूरत पड़ने पर घायलों को विशेष उपचार के लिए निजी अस्पतालों में भर्ती कराया जाए जिसका खर्च राज्य सरकार देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुख जताया और मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख तथा घायलों को 50 हजार रुपये की मदद देने की घोषणा की।

## सात हत्यारोपियों को मौत की सजा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के चुचुरा में जिला सत्र न्यायालय ने 2020 में एक व्यक्ति की जघन्य हत्या के मामले में सात लोगों को मौत की सजा सुनाई है। सभी पर बिष्णु मल की हत्या करने और शव को क्षत-विक्षत करने का दोष सिद्ध हुआ तथा एक अन्य को मृतक के अंग को नष्ट करने का दोषी पाया गया। फास्ट ट्रैक कोर्ट, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चुचुरा ने मल की हत्या के लिए गुरुवार को विशाल दास और उसके छह अन्य साथियों को मौत की सजा सुनाई। अभियोजन के अनुसार, दास और उसके सहयोगियों ने 11 अक्टूबर 2020 को मल को उसके घर के पास से अगवा कर उसकी हत्या कर दी और शव के टुकड़े कर फेंक दिए।

**विडंबना** लंबी पढ़ाई और हाई रिस्क जोन बना बड़ी वजह, अमृत विचार ने वरिष्ठ चिकित्सकों से बातचीत कर जाना सर्जरी का भविष्य

## सर्जिकल विशेषज्ञता लेने से कतरा रहे एमबीबीएस डॉक्टर्स

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** सुपर स्पेशलिस्ट सर्जन्स की मांग के बावजूद एमबीबीएस डॉक्टर्स नॉन सर्जरी जैसे पाठ्यक्रम को अधिक महत्व दे रहे हैं। इस वर्ष नीट पीजी ऑल इंडिया काउंसलिंग में इसके प्रमाण मिले हैं।

पहले राउंड में मात्र 14 प्रतिशत एमबीबीएस चिकित्सकों ने एमएस (सर्जरी की सभी शाखाएं) में दाखिला लिया है। ये डॉक्टर, विशेषज्ञ तो बनेंगे मगर सर्जन नहीं होंगे। विशेषज्ञों से इसका कारण पूछा गया तो किसी ने इसकी वजह अस्पतालों में तोड़फोड़, मरीज-तीमारदारों का अभद्र व्यवहार बताया तो किसी ने लंबी पढ़ाई व महंगे सेटअप का हवाला दिया। सर्जरी का भविष्य क्या होगा, अमृत विचार ने इस सवाल का जवाब वरिष्ठ चिकित्सकों से बातचीत कर समझा।



"विशेषज्ञता कोई भी हो, सरकारी नौकरी में वेतन बराबर है। जबकि सर्जन को इमरजेंसी समेत हर स्तर पर सतर्क रहना पड़ता है। सर्जिकल ब्रांच में इमरजेंसी होती है, जिससे सरर्जन्स की निजी लाइफ खासी प्रभावित होती है। कम एडमिशन हो रहे हैं, भविष्य में इसका खास प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि सीटें सभी फुल होती हैं।

– **प्रो. निशा सिंह**, क्वीन मेरी, केजीएमयू



"मेडिको लीगल मामले अधिक आते हैं, आए दिन मारपीट की घटनाएं हो रहीं हैं। सभी डॉक्टर अपनी जान बचाना चाहते हैं और सुरक्षित जोन चुन रहे हैं। टापर्स के पास विकल्प होता है, इसलिए नॉन सर्जरी ब्रांच अपना रहे हैं। इतना ही नहीं अच्छा सर्जन बनने में करीब 40 साल की उम्र बीत जाती है।

– **डॉ. अंकित पचौरी**, पूर्व उपाध्यक्ष आरडीए कैंसर इंस्टीट्यूट, लखनऊ



"जनरल सर्जरी के बाद बाद सुपर स्पेशयलिटी करनी होती है। सर्जरी सीखने में समय अधिक लगता है। ओटी सेटअप लगाना अत्यधिक महंगा है। साथ ही इलाज से असंतुष्ट होने पर तीमारदारों के अभद्र व्यवहार की वजह से सर्जरी क्षेत्र हाई रिस्क जोन बन चुका है। इसलिए युवा डॉक्टर्स नॉन सर्जिकल ब्रांच को महत्व दे रहे हैं।

– **प्रो. जेडी रावत**, विभागाध्यक्ष पीडियाट्रिक सर्जरी, केजीएमयू



"सर्जन ही नहीं, स्त्री रोग विशेषज्ञों को भी रात-दिन ड्यूटी करनी होती है। इमरजेंसी ड्यूटी करने का घर-परिवार पर खासा प्रभाव पड़ता है। प्रसव के दौरान ब्लीडिंग होने का खतरा ज्यादा होता है। अगर सुरक्षित प्रसव के लिए सिजेरियन किया तो रुपये कमाने के आरोप लगते हैं। डॉक्टर तनाव नहीं सुकून चाहता है। इसलिए टॉपर्स, जिसके पास विकल्प हैं, नॉन सर्जिकल ब्रांच को महत्व दे रहे हैं। इतना ही नहीं नॉन क्लीनिकल ब्रांचों में भी मेडिकल छात्र बढ़ रहे हैं। – **डॉ. अतुल कुमार अग्रवाल**, बाल रोग विशेषज्ञ, बरेली।

## एक नजर

### योग प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक सरताज का स्वागत

शाहजहांपुर, अमृत विचार : मुस्लिम समाज ने मुस्लिम राष्ट्रीय मंच योग प्रकोष्ठ के नवनियुक्त क्षेत्रीय संयोजक सरताज मंसूरी का फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। गुरुवार को मोहल्ला बाड़ूजई प्रथम में आयोजित स्वागत समारोह में नवनियुक्त क्षेत्रीय संयोजक सरताज मंसूरी ने कहा कि जिंदगी का सच्चा सुख निरोगी शरीर में ही है। निरोगी काया के लिए जीवन में योग को स्थान देना बहुत आवश्यक हो गया है। नियमित योग कर हम सभी स्वस्थ रह सकते हैं। योग करो–रोज करो, स्वस्थ रहो–मस्त रहो के मंत्र को जिंदगी में उतारना होगा। इस मौके पर मिष्ठान वितरण भी किया गया। स्वागत करने वालों में हाफिज शाह आलम, फाजिल खां, मौलाना मुजीब, मौलाना जुनैद, फैजान अंसारी, शैलू, मासूम, निसार अहमद, बब्लू सिद्दीकी, अली, राजू, वसीम, अदि आलम, हमजा, अर्सलान, वारिस, वसीउल्ला आदि शामिल रहे।

### राशन विक्रेता को दी धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सिंधौली क्षेत्र के गांव चककन्हू निवासी मनोज ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी गांव में राशन की दुकान है। 26 नवंबर को शाम पांच वह राशन की दुकान पर बैठा हुआ था। गांव का शिवकुमार आया और राशन मांगने लगा। विक्रेता ने कहा कि मशीन लॉक हो गई और बिना अंगूठा लगाए राशन नहीं मिलेगा। साथ ही इस महीने की तारीख भी निकल गयी है। आरोप है कि आरोपी ने राशन विक्रेता को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# विजेता बनने को खिलाड़ियों ने खूब दिखाया दमखम

## बेसिक की जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का दूसरा दिन, छिटपुट भेदभाव को लेकर लगते रहे आरोप-प्रत्यारोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- ब्लॉकों से आए बालक-बालिकाओं से चहकता रहा स्टेडियम

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षक परिषद की 38 वीं जनपदीय शैक्षिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने विजेता बनने के लिए जी तोड़ कोशिश की। हथौड़ा स्टेडियम में चल रही तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को सभी ब्लॉकों से आए बालक-बालिकाओं ने पूरे दमखम के साथ प्रदर्शन किया और विजेता बनकर अपने विकास खंड को गौरवान्वित किया। हालांकि इस दौरान छिटपुट भेदभाव को लेकर आरोप-प्रत्यारोप लगते रहे।

बीएसए दिव्या गुप्ता के मार्गदर्शन में चल रही प्रतियोगिता के प्राथमिक वर्ग 100 मीटर दौड़ में जलालाबाद की मीनाक्षी ने प्रथम, कटरा-खुदागंज की निर्मला ने द्वितीय और जलालाबाद की रूबी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 200 मी. बालिका दौड़ में अलग-अलग ब्लॉकों से कोमल, शिखा, लता, 50 मी. में मीनाक्षी, रूबी, नंदनी, प्राथमिक बालक वर्ग की 200 मी. में अनिकेत, सुभान, आशीष, 100 मी. में मानुष, अनिकेत, दुर्वेश, रहमान, निलेश, 50 मी. में अनिकेत, शोभित, आशीष, प्रांशु क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए विजेता घोषित किए गए। जूनियर बालक वर्ग की 100 मी. में निगोही के दिनेश ने प्रथम, भावलखेड़ा के आसिफ ने द्वितीय, मिर्जापुर के प्रेमपाल ने तृतीय, बालिका वर्ग की 100 मी. में भावलखेड़ा की वर्षा ने प्रथम, जैतीपुर की अलीशा ने द्वितीय और जलालाबाद की शिवानी ने तृतीय स्थान पाया। इसी प्रकार 200 मीटर बालक दौड़ में दिनेश, आकाश, गौतम, 600 मीटर दौड़ में फैसल, आकाश, मोहित, बालिका वर्ग की 200 मीटर दौड़ में रीता, दिव्या, सोनम, 400 मीटर दौड़ में वर्षा, प्रिया, शिवानी, 600 मीटर दौड़ में वर्षा, आरुषि, वंशिका ने क्रमशः पहला दूसरा और तीसरा स्थान पाया।

### योग में पुवायां और ददरौल संयुक्त रूप से विजेता

खो–खो में विकास खंड निगोही विजेता व जैतीपुर विकास खंड उपविजेता, वॉलीबाल में बंडा विजेता, जलालाबाद उपविजेता रहा। जिमनास्टिक में नगर क्षेत्र विजयी रहा। योग में पुवायां और ददरौल संयुक्त रूप से विजेता और खुटार उपविजेता, हॉकी बालक में भावलखेड़ा विजेता, जलालाबाद उपविजेता, हॉकी बालिका वर्ग में भावलखेड़ा विजेता व बंडा उपविजेता बना।


योगा प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाते बालक–बालिकाएं। ● अमृत विचार


बालक कबड्डी के फाइनल में एक–एक अंक के लिए जूझते खिलाड़ी। ● अमृत विचार


सिंधौली और ददरौल टीम के बीच खो–खो मैच का दृश्य। ● अमृत विचार

### प्रतियोगिताओं में इन शिक्षकों का रहा योगदान

खंड शिक्षा अधिकारी नगर नागेंद्र सिंह, रमेश पंकज, केडी यादव, जिला व्यायाम शिक्षक रामप्रसाद की देखरेख में चली प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में वीरपाल सिंह, डॉ. विनय गुप्ता, मसूद कमाल, राधेश्याम, रामऔतार, बृजमोहन सिंह, यशपाल सिंह, अनूप कुमार, सुशील भारती, संजीव कुमार, रोहित सक्सेना, अरुण कुमार, शोएब, पल्लवी वर्मा, अवधेश कुमार, देवेश द्विवेदी, विनोद कुमार, अजय वर्मा, सैफाली, विकास मिश्रा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, अंकुर त्रिपाठी, देवेंद्र कुमार, प्रमोद पांडेय, निरूपमा महंत, पूजा भार्गव, सचिन अवस्थी, वागेश गौतम, निर्भय सिंह, मनोज कुमार सुमन, अमन अवस्थी, संतराम, हर्ष प्रभात, अजीत गौतम आदि व्यायाम शिक्षकों और खेल अनुदेशकों का योगदान रहा।

# डेढ़ सौ सदस्यों के साथ ऐप्जा जिला कार्यकारिणी गठित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** प्रेस क्लब में शुक्रवार को ऑल इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऐप्जा की जिला, महानगर व तहसील इकाई का गठन किया गया। डेढ़ सौ पत्रकारों ने शपथ ली। मुख्य अतिथि ऐप्जा के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी का पत्रकारों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। चीफ कोऑर्डिनेटर ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए आशीष त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार राम जी मिश्रा, सर्वेश चंद मिश्रा, गिरीश चंद दीक्षित, भगवान शरण शर्मा को जिला संरक्षक मनोनीत करते हुए वरिष्ठ पत्रकार अरविंद कुमार त्रिपाठी को जिला अध्यक्ष, विश्नु दयाल कनौजिया को जिला महामंत्री, अरविंद कुमार कनौजिया को महानगर अध्यक्ष मनोनीत किया। इस दौरान जिला कार्यकारिणी में ललित तिवारी, विश्वनाथ त्रिवेदी, अनुराग मिश्रा, अज्जम खान, शाहिद गुड्डु को जिला उपाध्यक्ष, सुशील तिवारी को जिला महासचिव सुमित गुप्ता, चंद्रकांत दीक्षित को जिला सचिव, दिनेश मिश्रा को कलान तहसील का अध्यक्ष बनाया गया। जबकि विवेक मिश्रा अंशु को तिलहर तहसील का प्रभारी बनाया गया है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार अशोक द्विवेदी, राजू मिश्रा, आशीष त्रिपाठी, ब्रह्मात्मज वीनू सिंह आदि रहे।

# छात्रों को समझाई संसद की कार्यप्रणाली

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जीआईसी में युवक बिरादरी की ओर से संसद कैसे चलती है नामक कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज में युवक बिरादरी की ओर से संसद कैसे चलती है नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों को संसद की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया।

शुक्रवार को प्रधानाचार्य अनिल कुमार की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में युवा वक्ता ललित हरि मिश्रा ने बताया कि संसद भारत के विधि निर्माण की सर्वोच्च संस्था है, जो कि राष्ट्रपति , लोकसभा और राज्यसभा से मिलकर बनती है। किसी भी विधेयक को कानून का रूप लेने के लिए दोनों सदनों से पारित होना होता है और साथ ही राष्ट्रपति की भी मंजूरी भी आवश्यक होती है। संसद विधि निर्माण के साथ राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति का निर्वाचन , राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर चर्चा परिचर्चा, संविधान संशोधन का भी कार्य करती है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ. स्वप्निल यादव ने बताया कि राजनीति प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करती है। इसलिए देश के प्रत्येक युवा को राजनैतिक रूप से जागरूक होना चाहिए। तभी वह एक बेहतर नागरिक बन पाएगा। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, प्रेमशंकर सक्सेना, समर यादव और अनुराग यादव सहित राजकीय इंटर कॉलेज के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।


छात्रों को संसद की कार्रवाई से अवगत कराते युवा वक्ता ललित हरि मिश्रा।

# परिवार परामर्श केंद्र में एक दंपती का समझौता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** पुलिस लाइन परिसर में स्थित परिवार परामर्श केंद्र पर शुक्रवार को 12 पत्रावली की सुनवाई की गई। जिसमें एक दंपती का समझौता हुआ।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले के एक दंपती जिनकी शादी 14 वर्ष पूर्व हुई थी। दोनों में कहासुनी के बाद पारिवारिक विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र पर बुलाया गया। आपस में वार्ता कराई गई और दोनों को समझाया गया। दोनों पक्ष एक-दूसरे के साथ रहने को तैयार हो गए और सहमति से समझौता कर लिया। दोनों को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया। इस अवसर पर सिपाही पूनम मिश्रा, मोनिका, करुणा आदि थे।

# बच्चों ने विभिन्नता में एकता की झलक दिखा मन मोहा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- धूमधाम से मनाई गई ग्रीन वैली कॉन्वेंट स्कूल की 25वीं वर्षगांठ

**अमृत विचार :** ग्रीन वैली कॉन्वेंट स्कूल का 25 वां वार्षिक समारोह (सिल्वर जुबली) शुक्रवार को अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन स्कूल निदेशक आसिफ अली खान और तारिक कमल खान ने रिबन काटकर किया। फेमिना अखलाद और शिवा ने कक्षा-एक के बच्चों द्वारा स्वागत गीत वेलकम गेस्ट्स, वेलकम फ्रेंड्स, वेलकम डैड एंड मॉम के साथ संचालन किया।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि शहीद अशफाक उल्लाह खां के प्रपौत्र अशफाक उल्ला खान ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद छात्रों-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कक्षा - 4 के बच्चों ने ओ पालन हारे प्रार्थना, वेजिटेबल, बेबी शार्क, पार्टनर डांस, फिर मिलेंगे चलते चलते (कपल डांस) फ्रेंडशिप डांस और योगा का शानदार प्रदर्शन किया गया। इसी श्रृंखला में मेरे अच्छे मामा और नमन करो नमन करो गीत प्रस्तुत किए गए। कॉलर्स ऑफ़ इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने पंजाब का भांगड़ा , तमिलनाडु का भरतनाट्यम, राजस्थान का घूमर, गुजरात का गरबा और महाराष्ट्र का लावणी डांस का शानदार प्रदर्शन कर भारत की विभिन्नता में एकता की झलक दिखा कर अभिभावकों का मन मोह लिया। स्कूल के संस्थापक एवं निदेशक आसिफ अली खान ने स्थापना दिनांक 1999 से 2024 तक के 25 वर्ष के सफर का विवरण दिया।बताया कि उन्होंने और भाई तारिक़ कमल ने इस स्कूल की स्थापना की थी। इस मौके पर प्रबंधन समिति के सदस्य खान शाह खावर, सना सज्जाद, डॉ. नुसरत खान और शहर शहपर कमल खान आदि मौजूद रहे।


ग्रीन वैली कॉन्वेंट स्कूल में डांस प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

### समारोह को सफल बनाने में इनकी रही भूमिका

समारोह को सफल बनाने में स्कूल प्रधानाचार्य शशि गुप्ता, उप प्रधानाचार्य रंजीता शर्मा, कॉर्डिनेटर बिंदु सक्सेना, सदफ खान, फैजान खान, अध्यापक अनुराग, रोशन लाल, शिवा, अदीब, अध्यापिका स्वाति सिंह, सांध्य शुक्ला, समरीम खान, पूजा मल्होत्रा, रूबी अग्रवाल, अनुषा खान, कनीज खान, प्रीति गुप्ता, फेमिना अखलाद, गुलनाज, रश्मि सक्सेना, शालिनी का योगदान रहा और कार्यक्रम मुख्य प्रबंधक यासिर अली की अहम भूमिका रही।

# विवि प्रतियोगिता से चैंपियन बन लौटे एसएस के एथलीट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 17 मेडल पर एसएस कॉलेज का कब्जा
- कॉलेज को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों का किया स्वागत

**अमृत विचार :** एसएस कॉलेज के एथलेटिक्स ने महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विवि एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉलेज को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में कई मेडल जीतकर चैंपियन का खिताब अपने नाम करने वाले खिलाड़ियों का कॉलेज में जोरदार स्वागत किया गया। खिलाड़ियों ने ट्रॉफी मुमुक्षु शिक्षा संकुल के अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती और प्राचार्य प्रोफेसर आरके आजाद को सौंपी।

महाविद्यालय के क्रीड़ा सचिव प्रो अजीत सिंह चारग ने बताया कि कॉलेज के खिलाड़ियों ने विवि एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 5 स्वर्ण पदक, 6 रजत पदक एवं 6 कांस्य पदक समेत कुल 17 पदक हासिल किए। उन्होंने बताया कि बालक वर्ग की 10,000 मीटर दौड़, 20 किलोमीटर पैदल चाल, 110 मीटर बाधा दौड़, 400 मीटर दौड़ और 4×400 मीटर रिले दौड़ में प्रथम स्थान हासिल करते हुए खिलाड़ियों ने पांच स्वर्ण पदक हासिल किए। इसके अतिरिक्त बालक वर्ग में 4 रजत पदक एवं 6 कांस्य पदक पर भी कब्जा जमाया। बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 रजत पदक प्राप्त किए। खिलाड़ियों की सफलता पर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, सचिव डॉ. अवनीश मिश्र, प्राचार्य प्रोफेसर आरके आजाद ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर क्रीड़ा सहसचिव डॉ. प्रांजल शाही, एसपी डबराल, डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. संदीप अवस्थी, डॉ. शिशिर शुक्ला, डॉ. मृदुल पटेल, डॉ. कुमुद, डॉ. दुर्गविजय सहित महाविद्यालय की टीम के कोच वैभव ठाकुर उपस्थित रहे।



मुमुक्षु शिक्षा संकुल के अध्यक्ष स्वामी चिन्मयानंद को ट्रॉफी सौंपते खेल शिक्षक।

# स्टेडियम में एक पेड़ मां के नाम के तहत रोपी पौध

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मेरा युवा भारत अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने गुरुवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम हथौड़ा में जिला खेल कार्यालय स्टाफ, कोच के साथ पौध रोपित की। एक पेड़ मां के नाम नामक अभियान के तहत अनार, पीपल, गुलहड़, गुलमोहर आदि के पौधों को रोपित कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। पोस्टर्स के माध्यम से खिलाड़ियों को जागरूक किया गया। पौध रोपित करने वालों में कोच पंकज सक्सेना, ओमप्रकाश, शकील, मुजाहिद, हिमांशु सक्सेना, शिव प्रताप समेत खिलाड़ी भी शामिल रहे।

# यातायात जागरुकता मॉडल्स ने किया प्रभावित

संवाददाता, निगोही

- रॉयल इंटरनेशनल स्कूल में यातायात जागरुकता कार्यक्रम के तहत बच्चों ने लगाई प्रदर्शनी

**अमृत विचार :** रॉयल इंटरनेशनल स्कूल निगोही में शुक्रवार को बच्चों को यातायात सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा यातायात जागरुकता वाले मॉडल्स की प्रदर्शनी लगाई गई। जिससे प्रभावित हो अतिथियों ने बच्चों की सराहना की।

इस मौके पर ट्रैफिक सीओ ज्योति यादव ने छात्रों से सड़क पर चलते समय पूरी सतर्कता और नियमों का पालन करने की अपील की। टीएसआई विनय कुमार पांडेय, ट्रैफिक इंचार्ज बाल कृष्ण यादव ने भी जागरूक किया। इस अवसर पर अतिथियों ने बच्चों अजीम खान, मन्नत फातिमा, अनन्या मिश्रा, अनुष्का मिश्रा, भूमि मिश्रा, नाव्या सिंह आदि द्वारा यातायात जागरुकता के बनाए गए मॉडल की सराहना की।अंत में विद्यालय के प्रबंधक नरेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. दीपेंद्र प्रताप सिंह और प्रधानाचार्या नुजहत अंजुम ने सभी का आभार व्यक्त किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष सचिन बाथम ने बच्चों को यातायात के नियमों का महत्व बताया।


बच्चों द्वारा बनाए मॉडल्स देखतीं सीओ ट्रैफिक ज्योति यादव। ● अमृत विचार

# महासम्मेलन को लेकर तय की रणनीति



विकास भवन में हुई बैठक में मौजूद कर्मचारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अटेवा विकास भवन ईकाई ने किया बढ़चढ़कर हिस्सा लेने का फैसला

**अमृत विचार :** अटेवा की विकास भवन कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को विकास भवन सभागार में हुई। बैठक में एनपीएस, ओपीएस भारत छोड़ो महासम्मेलन को लेकर रणनीति बनाई गई। महासम्मेलन का आयोजन एक दिसंबर को खिरनी बाग खेल मैदान में होगा।

बैठक में एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधू के जनपद आगमन और अटेवा शाहजहांपुर के तत्वाधान में होने वाली एनपीएस, यूपीएस, निजीकरण, भारत छोड़ो महासम्मेलन में शामिल होने सहित तमाम बिंदुओं पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने बताया एक दिसंबर दिन रविवार को जीआईसी के क्रीड़ा स्थल में होने वाले महासम्मेलन में विकास भवन इकाई भी बढ़चढ़कर हिस्सा लेगी। विकास भवन में तैनात कर्मचारियों को एकत्रित करने के लिए विनायक मेहरोत्रा, अमित कुमार, विद्योत्तम सिंह यादव को नोडल अधिकारी बनाया गया। अध्यक्षता विद्योत्तम सिंह यादव ने की। महामंत्री श्याम किशोर शर्मा के अवकाश पर रहने के चलते लेखाकार अमन कुमार ने महामंत्री के दायित्वों का निर्वहन करते हुए बैठक की कार्रवाई शुरू कराई। संचालन अटेवा विकास भवन शाखा के संयोजक व ग्राम्य विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अमित कुमार ने किया। बैठक में अमित कुमार, प्रदीप शुक्ला, मोहम्मद सईद खां, रामजी गुप्ता, ओमकार, विनायक मेहरोत्रा, अनिल कुमार, मनीष पांडेय, जियाउददीन अंसारी, अली मोहम्मद, चरन सिंह, अंकुश वर्मा, ऋषिराम, श्रीराम आदि मौजूद रहे।

# समर्थकों ने केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का जन्मदिन मनाया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के 52वें जन्मदिन पर शुक्रवार को प्रसाद भवन स्थित कैंप कार्यालय पर पार्टीजन और शुभचिंतकों ने केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया।

सभी ने कहा कि हमारे नेता ने देश-प्रदेश ही नहीं बल्कि विश्व स्तर तक शाहजहांपुर का नाम रोशन किया है, जोकि जनपद वासियों के लिए गर्व की बात है। जितिन प्रसाद ने अपने राजनीतिक जीवन में अब तक कई पदों को सुशोभित किया इसलिए उन्हें विकास पुरुष कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी। इस दौरान मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र, अनिल तिवारी, प्रशान्त कठेरिया, सबील हसन, मानिल बाजपेई, अमित बाजपेई, मोती मिश्रा, सुशील शुक्ला मुकेश श्रीवास्तव, प्रमोद मिश्रा, निपेंद्र मिश्रा, दिव्यांशु बाजपेई आदि मौजूद रहे।


प्रसाद भवन में केंद्रीय राज्य मंत्री का जन्मदिन मनाते समर्थक। ● अमृत विचार

# नियमों का पालन कर सुरक्षित रहें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मदरसा फैजाने मदीना में पुलिस विभाग ने चलाया जागरुकता अभियान

**अमृत विचार :** निगोही मार्ग स्थित मदरसा फैजाने मदीना में गुरुवार को यातायात जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीओ ट्रैफिक ज्योति यादव, यातायात प्रभारी बालकृष्ण यादव, टीएसआई विनय पांडेय, साइबर क्राइम थाना इंचार्ज रोहित कुमार आदि ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनका पालन किए जाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में साइबर क्राइम थाना इंचार्ज रोहित कुमार ने डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन ठगी जैसे बढ़ते साइबर अपराधों पर चर्चा की और इससे बचने के उपाय बताए। वहीं, यातायात प्रभारी बालकृष्ण यादव ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह दी। इस मौके पर सीओ ट्रैफिक ज्योति यादव ने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन करना न केवल हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि यह जीवन को सुरक्षित रखने के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने सर्दियों के मौसम में कोहरे के संभावित खतरों पर जोर देते हुए विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। इस दौरान उन्होंने सभी को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई।

जागरुकता कार्यक्रम में मदरसा प्रबंधक मोहम्मद अनीस अत्तारी, प्रधानाचार्य अता-उल-मुस्तफा मिस्बाही, व्यापारी नेता सचिन बाथम, हाजी वसीम खां, पार्षद जीशान खां, सैयद कासिम रजा, शहजाद खां, हाजी आसिफ खां, शरीफ, अलीम, रिजवान अत्तारी, मोहम्मद जमा खां सहित अन्य विशिष्टजन मौजूद रहे।


मदरसा फैजाने मदीना में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

## एक नजर

### एसपी ने किया परेड का निरीक्षण, दिए निर्देश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी राजेश एस ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। परेड के निरीक्षण के उपरांत जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए दौड़ लगवाई। जवानों को एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए ड्रिल कराई गई। एसपी ने पीआरवी के वाहनों को चेक किया तथा उपकरण रखरखाव के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस कैंटीन, बैरक, मेस, स्टोर रुम, यातायात कार्यालय आदि शाखाओं को निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई व्यवस्था पर निर्देश दिए। इस अवसर पर सीओ ट्रैफिक रश्मि यादव आदि मौजूद रहे।

### पति का पर्स... पत्नी के कुंडल चोरी, दी तहरीर

**खुटार, अमृत विचार :** जनपद पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव चतीपुर के रहने वाले पुत्तू लाल ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को वह अपनी पत्नी सुनीता देवी, पुत्री सेजल सिंह के साथ खुटार के डाकघर में आधार कार्ड बनवाने आये थे और लाइन में लगे थे। उसी समय चोर ने पुत्तुलाल की जेब में रखी पर्स निकाल ली। जिसमें करीब 55 सौ रुपये रखे हुए थे। इस बीच उसकी पत्नी सुनीता देवी के कान के कुंडल निकाल लिए गए। इस बात का पता लगने पर पर्स, कुंडल के बारे में लोगों से पूछा। लेकिन पता नहीं चल सका। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### दुकान से हजारों का सामान चोरी, तहरीर दी

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** फर्रुखाबाद जिले के अमृतपुर थाना के गांव कुमौर निवासी सुधीर चौहान ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि मिर्जापुर क्षेत्र में स्टेट हाइवे पर दोषपुर नागर के सामने दुकान है। उसकी दुकान शिव शक्ति एसोसिस्ट के नाम से है। 27 नवंबर की रात चोरों ने दुकान के ताले तोड़ दिए। चोर दुकान में से खाद, पीछे मकान में से एसी स्टेपलाइजर, फ्रिज, वाशिंग मशीन, बैट्री, सिलेंडर, एलईडी आदि सामान चुराकर ले गए। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला महमंद जलालनगर निवासी साजिद हसन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 25 नवंबर को दिन में लालइमली चौराहे पर एक पेट्रोल पंप के सामने बाइक खड़ी करके चला गया। लौटकर आया तो बाइक नहीं थी। तलाश करने पर भी नहीं मिली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# महिला पर गंदे कमेंट्स... पुलिस चौकी के सामने बाइक में लगा दी आग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मेडिकल स्टोर पर दवा खरीदने पहुंची थी महिला, युवक ने कर दी टिप्पणी
- महिला के पक्ष में पहुंचे लोगों से आरोपी की हाथापाई, दोनों पक्षों में हुआ समझौता

**अमृत विचार :** शहर में पाकड़ पुलिस चौकी के सामने एक महिला मेडिकल स्टोर से दवा ले रही थी। इसी बीच एक विशेष समुदाय का युवक मेडिकल स्टोर पर आया। उसका महिला से किसी बात पर विवाद हो गया तो वह महिला पर भद्दे कमेंट्स करने लगा। महिला पक्ष के लोग उसके साथ हाथापाई करने लगे। युवक बाइक छोड़कर भाग गया। इस दौरान महिला और अन्य लोगों ने उसकी बाइक में आग लगा दी। दमकल मौके पर पहुंची ओर आग पर काबू पाया। पुलिस मौके पर पहुंच गयी ओर जली बाइक को चौकी पर ले गई। जहां दोनों पक्षों में समझौता हो गया।



मेडिकल स्टोर के पास सड़क पर एकत्र लोग और जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार



धूं-धूं कर जलती बाइक। ● अमृत विचार

चौक कोतवाली क्षेत्र में पुलिस चौकी पाकड़ के सामने एक मेडिकल स्टोर है। शुक्रवार को सुबह 11 बजे एक 30 वर्षीया महिला वहां दवा लेने पहुंची। दवा लेने के बाद वह मेडिकल स्टोर संचालक से बातचीत कर रही थी। इसी बीच बाइक से एक विशेष समुदाय का युवक मेडिकल स्टोर पर दवा लेने पहुंच गया। इस बीच युवक की महिला से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी। बताया जाता है कि आरोपी ने भद्दे कमेंट्स कर दिए थे। इस पर महिला नाराज हो गई। दोनों के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। महिला के समर्थन में कुछ लोग पहुंच गए और युवक के साथ हाथापाई करने लगे तो आरोपी युवक बाइक छोड़कर भाग गया। जिसके बाद गुस्साई महिला और अन्य लोगों ने पाकड़ चौकी से कुछ दूरी पर खड़ी उसकी बाइक में आग लगा दी। जिससे अफरा-तफरी मच गई। हंगामे की सूचना पर पुलिस और दमकल पहुंच गई। कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। तब तक बाइक पूरी तरह जल गई थी। पुलिस ने बाइक को चौकी पर खड़ा कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

### युवती के साथ छेड़छाड़

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 27 नवंबर को उसकी 20 वर्षीया पुत्री शहर में बाजार में खरीदारी करने गई थी। उसकी पुत्री शाम को अपने घर वापस जा रही थी। सिंधौली क्षेत्र के दीपू ने उसकी पुत्री का महिला थाने से पीछा किया। आरोप है कि आरोपी ने उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### युवती को किया अगवा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 22 नवंबर की शाम उसकी 18 वर्षीया पुत्री किसी काम से गई थी। वह शाम आठ बजे तक घर वापस नहीं आई तो परिवार वालों ने उसकी तलाश की। अगले दिन जानकारी हुई कि मोहल्ले का भोलू नामक युवक उसे अगवा कर ले गया है। उसकी पुत्री घर से 45 हजार रुपये और सोने के जेवर ले गई है। उन्होंने आरोपी के घर पर जाकर शिकायत की तो आरोपी के परिवार वालों ने जान से मारने की धमकी दी।

# मुकदमे में समझौता न करने पर फावड़ा मारकर वृद्ध की हत्या

## कचहरी में जान से मारने की धमकी दे चुका था मुख्य आरोपी

संवाददाता, सिंधौली/शाहजहांपुर

- तिलक समारोह में घटी घटना से मची अफरा-तफरी, कोर्ट में चल रहा है मारपीट का केस

**अमृत विचार :** तिलक की दावत में शामिल होने गए वृद्ध पर रंजिशन फावड़े से हमला करके हत्या कर दी गई। कोर्ट में चल रहे मारपीट के केस में समझौता न करने पर आरोपी ने दो साथियों के साथ घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस केस की जांच कर रही है।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव मूड़ा हारिस निवासी राजेंद्र(63) के घर के सामने गुरुवार शाम एक तिलक समारोह था। शाम पांच बजे वह भी दावत में पहुंचे। इसी दौरान गांव का ही नन्हे अपने दो साथियों के साथ वहां आ गया। राजेंद्र का नन्हे से एक केस में गवाही देने को लेकर विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते दावत में पहुंचते ही आरोपी गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर राजेंद्र के सिर पर फावड़े से प्रहार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से तिलक समारोह में भगदड़ मच गई। परिवार वाले पहुंचे तो देखा कि राजेंद्र अर्द्धबेहोशी की हालत में है। सिर से काफी खून बह चुका था। परिवार वाले घायल को लेकर थाने पहुंचे। भतीजे सुशील ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी।



पोस्टमार्टम हाउस पर जानकारी देता परिजन

राजेंद्र को सीएचसी ले गए जहां से मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान गुरुवार देर रात उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि आरोपी नन्हे और उसके परिजनों ने राजेंद्र के साथ मारपीट की थी। उसका मुकदमा कोर्ट में चल रहा है।

आरोपी मुकदमे में समझौते के लिए दबाव बना रहे थे, लेकिन राजेंद्र समझौता करने के लिए तैयार नहीं थे। इसी बात से आरोपी नाराज थे। कचहरी परिसर में भी मुख्य आरोपी राजेंद्र को जान से मारने की धमकी दे चुका था। इस सबके बाद भी जब समझौता नहीं किया तो राजेंद्र की हत्या कर दी गई।

> पुरानी रंजिश को लेकर घटना हुई है। हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद केस को तरमीम कर दिया जाएगा। -महेंद्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक सिंधौली।

### पंजाब की तर्ज पर गन्ना मूल्य तय करने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** किसान मजदूर संगठन के पुवायां तहसील महासचिव सचिन मिश्रा ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर प्रदेश में किसानों को गन्ना मूल्य 401 रुपये प्रति क्विंटल देने की मांग की है। कहा कि पंजाब सरकार ने 401 रुपये मूल्य देना शुरू कर दिया है। अगर वहां की चीनी मिलों को नुकसान नहीं हो रहा है तो यूपी की चीनी मिलों को नुकसान कैसे हो जाएगा। यूपी के गन्ना मंत्री का बयान किसानों के लिए एक झटका है।



सचिन मिश्रा।

सीएम के नाम लिखे पत्र में सचिन ने कहा कि पंजाब सरकार ने वर्तमान सत्र में गन्ना मूल्य 401 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया है। पंजाब की चीनी मिलों को घाटा नहीं है तो प्रदेश की चीनी मिलों को घाटा कैसे हो रहा है। गन्ना लागत बेतहाशा बढ़ी है। सिर्फ मजदूरों से गन्ने की छिलाई प्रदेश में 20 प्रति क्विंटल बढ़ गई है। गन्ना छिलाई के लिए किसानों को मजदूर मिल नहीं रहे हैं। ऐसे मौके पर गन्ना मंत्री का मामूली गन्ना बढ़ोतरी का का बयान आया है, जो गन्ना किसानों के लिए झटके से काम नहीं है। मिल के शुभचिंतक बनकर काम नहीं चलेगा।

# पत्नी की विदा कराने ससुराल गए युवक की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता, निगोही/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** ससुराल में पत्नी की विदा कराने गए एक युवक की अचानक तबीयत खराब हो गई। ससुराली उसे सीएचसी ले गए। मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इधर खबर मिलने पर मृतक के परिवार वाले मेडिकल कॉलेज पहुंच गए और मृत्यु का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाए।



मृतक आकाश।

जलालाबाद क्षेत्र के गांव हार गुरइया निवासी आकाश वर्मा(23) पुत्र रामऔतार वर्मा की शादी तीन साल पहले शिवानी निवासी दियूरियान थाना निगोही के साथ हुई थी। शिवानी दीपावली से पहले मायके चली गई थी। गुरुवार की दोपहर दो बजे आकाश पत्नी की विदा कराने के लिए गया। वह रात में ससुराल में रुक गया।

- दीपावली से मायके में रह रही थी पत्नी, गुरुवार को ससुराल गया था आकाश

शुक्रवार की सुबह चार बजे उसकी अचानक तबीयत खराब हो गई। ससुराली उसे सीएचसी पर लाए। डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। ससुराली सुबह आठ बजे मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने आकाश को मृत घोषित कर दिया। इधर सूचना मिलने पर मृतक आकाश के पिता रामऔतार मेडिकल कॉलेज पहुंचे तो उन्हें बेटे का शव मोर्चरी में रखा मिला। उन्होंने बताया कि उनका बेटा घर से ससुराल सही सलामत गया था। उन्हें सुबह सूचना मिली कि उसके बेटे की तबीयत खराब है। वह अस्पताल में गए तो बेटा मृत अवस्था में मिला। उन्होंने थाना पर लिखकर दिया है कि बेटे की मृत्यु कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाए। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### चौकीदार की संदिग्ध अवस्था में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** ओवरहेड टैंक पर एक ग्रामीण चौकीदार करता था। गुरुवार की शाम उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में ओवरहेड टैंक पर मौत हो गई। कांट थाना क्षेत्र के गांव बबक्करपुर निवासी राम भरोसे(60)गांव के ओवरहेड पर चौकीदारी करते थे। गुरुवार की शाम पांच बजे उनकी अचानक तबीयत खराब हो गयी। परिवार वाले सीएचसी लेकर आए। डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार वालों ने बताया कि उनकी तबीयत खराब चल रही थी। उनका इलाज चल रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# मरीजों की जांच करने वाली मशीन खुद बीमार

- मेडिकल कॉलेज में शो पीस बना हेल्थ एटीएम, बाढ़ के पानी से हो गया था खराब
- ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन समेत 32 तरह की होती हैं जांचें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** मेडिकल कॉलेज में मरीजों की जांच करने वाली मशीनें खुद बीमार हैं। हेल्थ एटीएम से ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन समेत 32 तरह की जांच होती हैं लेकिन मेडिकल कॉलेज में पांच माह से ये मशीन खराब है। अस्पताल में बाढ़ का पानी आने से हेल्थ एटीएम खराब हो गया था। स्वास्थ्य विभाग ने भी ठीक कराने की जरूरत नहीं समझी। लोग मरीज खराब देखकर मायूस होकर लौट जाते है।

जिले में मेडिकल कॉलेज की ओपीडी, पुराना जिला अस्पताल, पुवायां, तिलहर, निगोही, जलालाबाद, कलान, ददरौल और भावलखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हेल्थ एटीएम लगाए गए थे। हेल्थ एटीएम से लंबाई, वजन, मांस इंडेक्स, प्रोटीन, आई विजन, हेल्थ कोर, हिमोग्लोबिन, बाडी टेम्परेचर, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, फैट एमआई, पल्स, शरीर में पानी की मात्रा समेत 32 की तरह जांच की जाती है। इन मशीनों का लोकार्पण कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, सांसद अरुण सागर, विधायल चेतराम, सलोना कुशवाहा ने किया था। शुरू में हेल्थ एटीएम सही चले और लोगों ने अपनी जांच कराई। सही देखभाल न होने से मशीनें धीरे-धीरे खराब होने लगी। कुछ स्वास्थ्य केंद्रों पर मशीनें बंद पड़ी है और पूरी जांच नहीं होती है। मरीजों की जांच करने वाली मशीनें खुद बीमार हो गयी है। मेडिकल कॉलेज में रोजाना काफी संख्या मरीज आते है। पांच माह पहले बाढ़ का पानी घुसने से ओपीडी में लगा हेल्थ एटीएम खराब हो गया था। मशीन शो पीस बनकर खड़ी है। लोग जांच कराने के लिए आते है और मशीन खराब होने पर मायूस होकर चले जाते है। इसके बावजूद मशीन ठीक नहीं कराई गई।

### नए हेल्थ एटीएम का प्रस्ताव निरस्त

स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पांच स्थानों पर हेल्थ एटीएम लगाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। चौक मंडी, बरेली मोड़, रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस अड्डे, कचहरी परिसर स्थान को चिह्नित किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रस्ताव को शासन ने रद्द कर दिया था।

> मेडिकल कॉलेज में मशीन को ठीक कराने के लिए कंपनी से पत्राचार किया गया है। उम्मीद है कि शीघ्र ठीक हो जाएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मशीनें चल रही है। यह जांच नि:शुल्क होती है। - डॉ. आरके गौतम, सीएमओ

# कहासुनी में दबंगों का उत्पात, खोखा तोड़ा

संवाददाता, निगोही

- सामान की तोड़फोड़ और नगदी लूटने का आरोप
- निगोही के गांव पतराजपुर में शुक्रवार सुबह हुई घटना

**अमृत विचार :** निगोही के गांव पतराजपुर में शुक्रवार सुबह दबंगों ने उत्पात मचाया। मामूली कहासुनी में गरीब का परचून की दुकान का खोखा तोड़ दिया, जिससे सामान तहस-नहस हो गया। आरोपियों ने दुकानदार और दुकान के पास मौजूद लोगों की पिटाई की। आरोप है कि मारपीट करने वाले नगदी, मोबाइल और एक महिला के जेवर भी लूट लिए। पीड़ित ने मामले की तहरीर दी है।

निगोही के गांव पतराजपुर निवासी मेघनाथ ने बताया कि उसने खोखे में परचून का सामान रखा है। शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे वह खोखा पर बैठा दुकानदारी कर रहा था, इसी दौरान गांव का एक व्यक्ति आया और बेवजह झगड़ा करने लगा। कुछ देर में उसने अपने 10-12 साथियों को बुला लिया और सभी मारपीट करने लगे। आरोपियों ने उसका खोखा भी पलट दिया। इस दौरान वहां पर मौजूद गांव के नरायनलाल, वीरेंद्र, आरती, सोमवती, दिनेश के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। आरोप लगाया कि खोखा में रखे उसके पांच हजार रुपये व मोबाइल भी लूट लिया। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने आरती के कुंडल भी नोच लिए और उसके इतनी जोर से थप्पड़ मारे कि उसके सुनाई देना बंद हो गया। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। खोखा पलट देने से उसका सामान भी तहस-नहस हो गया। पीड़ित ने निगोही थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।



टूटा खोखा और बिखरा सामान दिखाता पीड़ित मेघनाथ। ● अमृत विचार

# कोहरा: एक मार्च तक 14 ट्रेनें आंशिक रूप से निरस्त

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- इंजन में लगेगी फॉग सेव डिवाइस, सिग्नल व बैरियर पर लगेगी रेडियम पट्टी

**अमृत विचार :** कोहरे व धुंध के कारण दो दिसंबर से एक मार्च तक डाउन व अप लाइन की 14 ट्रेनें आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। ट्रेनों के इंजन में फॉग सेव डिवाइस लगेगी। इसके अलावा सभी सिग्नल पोस्ट स्ट्रिप और बैरियर पर रेडियम पट्टी लगेगी।

सीएमआई एसके ठाकुर ने बताया कि डाउन लाइन की हावड़ा-काठगोदाम एक्सप्रेस 2 दिसंबर से 24 फरवरी तक प्रत्येक सोमवार, अप लाइन की काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस 4 दिसंबर से 26 फरवरी तक प्रत्येक बुधवार, अप लाइन गुवाहाटी एक्सप्रेस 9 दिसंबर से 24 फरवरी तक प्रत्येक सोमवार, डाउन लाइन की गुवाहाटी एक्सप्रेस 11 दिसंबर से 26 फरवरी तक प्रत्येक बुधवार, अप लाइन की जनता एक्सप्रेस 2 दिसंबर से 27 फरवरी तक प्रत्येक सोमवार, गुरुवार, शनिवार, डाउन लाइन की जनता एक्सप्रेस 4 दिसंबर से 29 फरवरी तक प्रत्येक बुधवार, शनिवार, सोमवार, अप लाइन की काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 3 दिसंबर से 28 फरवरी तक प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार, डाउन लाइन की काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 4 दिसंबर से 1 मार्च तक प्रत्येक बुधवार व शनिवार, अप लाइन की 15073 त्रिवेणी एक्सप्रेस 6 दिसंबर से 28 फरवरी तक प्रत्येक शुक्रवार, डाउन लाइन की 15074 त्रिवेणी एक्सप्रेस 4 दिसंबर से 26 फरवरी तक प्रत्येक बुधवार, अप लाइन की ट्रेन संख्या 15075 को 5 दिसंबर से 27 फरवरी तक प्रत्येक गुरुवार व सोमवार, डाउन लाइन की ट्रेन संख्या 15076 को 3 दिसंबर से 25 फरवरी तक प्रत्येक मंगलवार, शनिवार, अप लाइन की गरीब रथ एक्सप्रेस 3 दिसंबर से 25 फरवरी तक प्रत्येक मंगलवार, डाउन लाइन की गरीब रथ एक्सप्रेस 3 दिसंबर से 25 फरवरी तक प्रत्येक मंगलवार को निरस्त रहेगी। इधर सभी ट्रेनों में फॉग सेव डिवाइस लगाई जाएगी। यह डिवाइस जीपीएस आधारित है। इसके लगने से ट्रेनों की रफ्तार 15 किमी प्रति घंटे बढ़ जाएगी। इसके अलावा सभी सिग्नल पोस्ट पर स्ट्रिप और बैरियर पर चमकदार पट्टी लगाई जाएगी।

# ससुरालियों की पिटाई से क्षुब्ध युवक ने फंदे पर लटक कर दी जान

- चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या को उकसाने की रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां, अमृत विचार :** ससुराल वालों की पिटाई से क्षुब्ध युवक ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता ने पुत्रवधू समेत चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


सिधौली थाना क्षेत्र के गांव शिवनगर निवासी रामदास ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके पुत्र अमित का विवाह 6 वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के गांव बनसइया में सरिता पुत्री रामेश्वर के साथ हुआ था। उसके दो पुत्रियां हैं। डेढ़ माह पूर्व हुए प्रसव के बाद उसकी पत्नी रात भर घर पर रही अगले दिन सुबह मायके चली गई। 28 नवंबर को अमित अपनी पत्नी को विदा करने ससुराल गया था लेकिन उसके ससुर और सालों ने विदा करने से मना कर दिया। तब उसने अपनी बाइक बिक्री के 50 हजार रुपये जो कि सालों को दिए थे, वापस मांगे। जिस पर उन लोगों ने मना कर दिया। आरोप है कि अमित के ऊपर दबाव बनाने के लिए पुलिस को बुला लिया गया। पुलिस समझा बुझाकर वहां से चली गई। उसके बाद उक्त लोगों ने अमित के साथ मारपीट की, जिससे उसके काफी चोटें आईं। इससे आहत होकर अमित ने गांव के दक्षिण दिशा में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अरविंद, रामेश्वर, पार्वती और सरिता निवासीगण बनसइया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# हैंगिंग से हुई थी लापता बालक की मौत

संवाददाता, तिलहर

- खुलासे को गठित तीन टीमें जांच में जुटी, नहीं मिला कोई ठोस सुराग
- पुलिस फोर्स की मौजूदगी में विवेक के शव का हुआ अंतिम संस्कार
- तिलहर के जन्यूरी के लापता विवेक का फंदे पर लटका मिला था शव

**अमृत विचार:** तिलहर क्षेत्र में दो दिन से लापता बालक विवेक कुमार का शव गांव के बाहर गन्ने के खेत में फंदे से लटका मिला था।वह मंगलवार दोपहर डेढ़ बजे घर से खेलने के लिए गया था और उसके बाद वापस नहीं लौटा था। पिता हीरालाल ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने बालक विवेक के शव का पोस्टमार्टम शुक्रवार को कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है।



मृतक विवेक।

खुलासे को जुटी तीन टीमों को दूसरे दिन भी कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा। हीरालाल के लापता पुत्र विवेक(12) का शव गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे गांव से करीब तीन सौ मीटर दूर राजेंद्र वर्मा के गन्ने के खेत में यूकेलिप्टिस के पतले से पेड़ पर पतली रस्सी में फंदे पर लटका मिला था। उसका धड़ पूरी तरह से जमीन पर था और गले में पतली रस्सी से फंदा कसा हुआ था। शव जिस स्थिति देख परिवार के लोग हत्या की बात कह रहे थे। परिजनों ने इस घटना में पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव को तिलहर-निगोही संपर्क मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया था। एएसपी सिटी मनोज कुमार अवस्थी, सीओ अमित चौरसिया के समझाने पर भी शांत नहीं हो रहे थे। पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा के आश्वासन पर शांत हुए थे। गुरुवार को विवेक के परिजनों के आक्रोश को देखते हुए जब शुक्रवार को शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा तो वहां पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया। अंतिम संस्कार के दौरान किसी भी गड़बड़ी की आशंका के चलते सीओ अमित चौरसिया व कोतवाल राकेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ गांव में मुस्तैद रहे। पुलिस को बताया गया कि विवेक का एक कान और एक पैर की ऐड़ी कटी हुई थी। पुलिस ने अपनी जांच में इस बिंदु को भी शामिल किया है। परिवारवालों का कहना है कि बेटे को मारकर लटकाया गया है।

भारत सरकार द्वारा छात्रवृति आधारित इंटर्नशिप
C-DAC, CERT-IN, CMET, ERNET, NIELIT, SAMEER तथा STQC (अखिल भारत) मे कार्य आधारित शिक्षण कार्यक्रम के तहत
प्रौद्योगिकी क्षेत्र
ए आई, एम् एल, बी डी ए, मशीन विज़न, आर पी ए, ए आर/ वी आर, ब्लॉक चेन, सी पी यू डिज़ाइन, वायरलेस नेटवर्क्स (5 जी, वाई-फाई 6 इत्यादि), आई ओ टी, एज कंप्यूटिंग तथा क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी तथा साइबर फोरेंसिक, डिजिटल प्रिजर्वेशन, लैंग्वेज कंप्यूटिंग, हेल्थ इन्फार्मेटिक्स, सॉफ्टवेयर-डिफाइंड रेडियो, सिलिकॉन फोटोनिक्स, क्वांटम कंप्यूटिंग व अन्य तकनीकी क्षेत्र
रिक्त पद - 770
Meity, भारत सरकार द्वारा निधित
भारत सरकार के प्रीमियर संगठनों में प्रमुख प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित रियल वर्ल्ड की अत्याधुनिक राष्ट्रीय परियोजनाओं पर काम करके व्यावहारिक अनुभव, तकनीकी ज्ञान : विश्लेषणात्मक सोच, रियल टाइम वर्किंग, प्रॉब्लम सॉल्विंग, रीज़निंग, तर्क कौशल, विचार कौशल आदि प्राप्त करके व्यावसायिक कौशल में वृद्धि करने का अवसर यहां दिया जा रहा है।
PARTICIPATING INSTITUTES
जनवरी 2025 बैच के लिए पंजीकरण
अवधि - 6 माह
छात्रवृत्ति -10,000 रुपए प्रति माह
अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2024
योग्यता
• बी.टेक./बी.ई./एमसीए/एम.एससी. पिछले 3 वर्षों में उत्तीर्ण
• बी.टेक./बी.ई./एमसीए/एम.एससी. के अंतिम वर्ष के छात्र
• एससी, एसटी और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के छात्र
• महिला छात्र
जल्द आवेदन करें- https://internship.aicte-india.org/ernet.php or https://wblp.in/wbl-Opportunities
PMU सी डैक CDAC | प्रगत संगणन विकास केन्द्र
इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की एक वैज्ञानिक संस्था, ए-34, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-8, मोहाली, पंजाब, भारत
CBC-06134/12/0002/2425

# ओवर लोड वाहनों को लेकर सख्त हुए डीएम

## कहा- नियमों का कड़ाई से पालन न करने पर होगी कठोर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जनपद के चीनी मिल प्रबंधकों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में बैठक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने चीनी मिलों में गन्ना ढुलाई के लिए लगे वाहनों के वजन तथा हाइट को मानक के अनुसार रखने के सख्त निर्देश दिए।

शुक्रवार को हुई बैठक में उन्होंने चीनी मिल प्रबंधकों को निर्देश दिए कि ट्रांसपोर्टरों को यह सुनिश्चित कराएं कि किसी भी दशा में गन्ना लदे ट्रकों, ट्रॉलियों, ट्रॉलों में वजन और उनकी हाइट मानक से अधिक न हो। सभी वाहनों पर रिफ्लेक्टर अवश्य लगा होना चाहिए। उन्होंने एआरटीओं और चीनी मिल प्रबंधकों को कड़ाई से इसका अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि निरंतर वाहनों की चेकिंग जारी रहेगी। नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि खाली वाहन अथवा लोडेड वाहन सड़क पर न रहें। वाहन यार्ड में रहें यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चीनी मिल प्रबंधकों को निर्देश दिए कि गन्ना ढुलाई करने वाले वाहनों में मानक से अधिक वजन

● **कलेक्ट्रेट में हुई बैठक में चीनी मिल प्रबंधकों को दिए ट्रांसपोर्टरों को नियम बताने के निर्देश**

व अधिक ऊंचाई नहीं होनी चाहिए। बड़े ट्रालों का संचालन नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी चीनी मिल प्रबंधकों को निर्देश दिए कि गंभीरता से कार्य करके तीन दिनों में सुधार लाएं अन्यथा प्रशासन की ओर से कार्रवाई की जाएगी।

## रिश्वत मांगने की शिकायत पर राजस्व निरीक्षक को निलंबित करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जन सुनवाई के दौरान उपस्थित लोगों की शिकायतों को एक-एक लोगों के पास पहुंचकर सुना और संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर वार्ता कर शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान तहसील पुवायां के राजस्व निरीक्षक मनोज सक्सेना की भूमि पैमाइश के संबंध में पैसे मांगने की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी ने निलंबन के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी शिकायत निस्तारण गुणवत्तापूर्ण समय से निस्तारित नहीं करेगा उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना व संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जमीन से संबंधित समस्या को राजस्व विभाग की ओर से तत्काल मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि जो भी जन सुनवाई के दौरान समस्याएं आ रही हैं उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समय सुनिश्चित कराएं और यह भी कहा कि लाभार्थी को निस्तारण से संतुष्टि भी मिलनी चाहिए।

# शिकायतों की जांच करने पहुंचे नगर आयुक्त



महानगर में निरीक्षण करते नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निस्तारण, राजकीय संपत्ति की सुरक्षा आदि कार्यों के लिए नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र ने महानगर में निरीक्षण किया।

नगर आयुक्त ने शुक्रवार की सुबह ग्रीन वैली स्कूल से पुत्तूलाल चौराहे तक और राजकीय इंटर कॉलेज के पास स्थित नाला सफाई की स्थिति को देखा। निरीक्षण में स्थित नालियों की

● **जीआईसी के पास स्थित नाले की अपनी उपस्थिति में कराई सफाई**

सफाई नियमित करने तथा कुछ स्थलों पर प्रकाश बिंदुओं पर दिक्कत कर रही पेड़ की टहनियों की कटाई-छंटाई के लिए संबंधित को निर्देशित किया। प्रकाश बिंदु व शुद्ध पेयजलापूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त रखने को भी कहा। इसके अलावा नगर आयुक्त ने जीआईसी के पास स्थित नाले का निरीक्षण किया और अपनी उपस्थिति में नाला सफाई का कार्य कराया।

**इन शिकायतों की है भरमार**

समुचित साफ-सफाई व नाला सफाई कार्य, स्वच्छ जलापूर्ति, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, गड्ढा मुक्त सड़क, करारोपण, अतिक्रमण हटवाना, छुट्टा पशुओं का विचरण जैसी तमाम शिकायतें पहुंच रही है।

निरीक्षण में पार्षद अनूप त्रिवेदी, सहायक अभियंता पथ प्रकाश नरेश कुमार, अवर अभियंता निर्माण, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सतेंद्र कटियार आदि मौजूद रहे।

# परेशानी:खाली हाथ लौटे किसान, नहीं मिली खाद



खाद पाने को सहकारी समिति में जुटे किसान। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** परौर क्षेत्र में साधन सहकारी समिति चौकिया पर शुक्रवार को खाद का वितरण हुआ लेकिन भीड़ अधिक होने के कारण तमाम किसानों को डीएपी नहीं मिल पाई।

गांव बगरा निवासी डोरीलाल ने बताया कि वह कई बार समिति का चक्कर काट चुके हैं, उन्हें खाद नहीं मिली है। रामवीर निवासी कुबेरपुर ने बताया वह कई दिनों से समिति के चक्कर काट रहे हैं, उन्हें डीएपी की आवश्यकता है लेकिन उन्हें एक दाना भी खाद नहीं मिली। राम लड़ैते कुइया डांडी ने बताया कि समिति पर गरीबों काश्तकारों का कोई स्थान नहीं

● **परौर क्षेत्र में साधन सहकारी समिति चौकिया पर हुआ डीएपी का वितरण**

है रसूक वाले किसान ही समिति से उर्वरक का फायदा उठाते हैं। संजीव कुमार निवासी नारायण नगर ने बताया कि उन्हें यूरिया मिली न ही डीएपी। सत्यवीर सिंह निवासी नयागांव ने बताया कि वह खाद के लिए बेहद परेशान है लेकिन उन्हें एक भी बोरी नहीं मिली। परौर के मजरा मोहनपुर निवासी राजीव सिंह चौहान, परशुराम कश्यप, पंचपाल कश्यप का कहना है सुबह से बैठे-बैठे खाद के इंतजार में शाम हो गई लेकिन एक दाना खाद का नहीं मिला।

# मेडिकल विद्यार्थियों ने ली शव का सम्मान करने की शपथ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



पं. राम प्रसाद बिस्मिल हास्पिटल में शव का सम्मान करने की शपथ ग्रहण करते मेडिकल छात्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबंध पं. राम प्रसाद बिस्मिल अस्पताल में शुक्रवार को शव शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। एनाटॉमी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने मेडिकल विद्यार्थियों को शव को सम्मान देने की शपथ ग्रहण कराई। इस मौके पर एक शव को फूल मालाएं पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार सक्सेना के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को शव का सम्मान करने और गोपनीयता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि सभी चिकित्सकों को हमेशा शव का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि वह हमारा पहला

● **शव को फूल माला पहनाकर दिया गया सम्मान, अर्पित की श्रद्धांजलि**

शरीर रचना का शिक्षक है। शव की गोपनीयता हमेशा रखनी चाहिए। शव से अर्जित ज्ञान का उपयोग समाज की सेवा के लिए करेंगे। विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार सक्सेना ने बताया कि शव शपथ एवं प्रतिज्ञा, एमबीबीएस छात्र शव विच्छेदन शुरू करने से पहले लेते हैं। इसका उद्देश्य है कि शव के साथ उचित व्यवहार करना होता है। कार्यक्रम में एमएस डॉ. महेन्द्र पाल गंगवार, प्रोफेसर डॉ. राहुल पालीवाल, प्रोफेसर डॉ. राणा प्रताप, प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार, सह आचार्य डॉ. विनोद कुमार रवि, सह आचार्य डॉ. देवल अरोरा, सह आचार्य डॉ. पूजा त्रिपाठी, सह आचार्य डॉ. रिशु मिश्रा, सह आचार्य डॉ. श्वेता जायसवाल आदि सकांय सदस्य, जूनियर रेजिडेंट डाक्टर एवं छात्र उपस्थित रहे। डॉ. राहुल पालीवाल ने आभार व्यक्त किया।

# मस्जिदों के आसपास तैनात रहा पुलिस फोर्स



धर्मगुरु के साथ बैठक करते एएसपी ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** संभल की घटना को ध्यान में रखते हुए जुमे की नमाज के दौरान शहर की मस्जिदों के आसपास एहतियातन पुलिस बल तैनात रहा। वहीं कटरा में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी ने प्रमुख खानकाह ए कलीमियां में धर्मगुरु हजरत सैयद सरवर महमूद कलीमी के साथ बैठक की। उन्होंने धर्मगुरु से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। नगर में सभी मस्जिद के आस-पास सुरक्षा की दृष्टि से फोर्स तैनात किया गया था। उन्होंने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस दौरान सीओ तिलहर अमित चौरसिया, प्रभारी निरीक्षक ओमशंकर शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## विद्युत व्यवस्था सुचारू कराए जाने की मांग

**कलान, अमृत विचार :** नगरवासियों को शाम को विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं मिल पा रही है। शुक्रवार को तो विद्युत व्यवस्था की समस्या पूरे दिन बनी रही। लोग दैनिक कार्यों को करने के लिए पानी का इंतजार करते रह गए। बिजली नहीं आने से मोटर नहीं चली। नगर निवासी रामचंद्र गुप्ता ,रामदास ठेकेदार, रजनीश गुप्ता, अभिषेक, बंटी आदि ने जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह से मांग की है कि विद्युत विभाग द्वारा हो रही कटौती को दूर कर 24 घंटे विद्युत दिलाई जाए।

## पति के खिलाफ दर्ज कराई दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**पुवायां, अमृत विचार :** गांव बिलहरा निवासी रवीना ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी लगभग छह वर्ष पूर्व इस्लाम के साथ हुई थी। उसका पति अतिरिक्त दहेज में उससे एक बाइक और एक लाख नगदी की मांग करता था। मना करने पर 24 नवंबर को पति ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। तब वह अपने मायके चली गई। पति ने मायके में भी पहुंच कर उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# परौर में रामलीला का समापन धूं-धूं कर जला रावण का पुतला



धूं धूं कर जलता रावण का पुतला। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** परौर में चल रही रामलीला मेला का शुक्रवार को रावण वध लीला मंचन और पुतला दहन के साथ समापन हो गया।

परौर में बाबा ब्रह्मदेव स्थान पर इस वर्ष मेले का आयोजन 19 नवंबर से 29 दिसंबर तक किया गया था। शुक्रवार को सुलोचना सती, राम रावण युद्ध का मंचन किया गया। जिसमें राम रावण का भीषण युद्ध हुआ। अंत में विभीषण ने भगवान राम को बताया कि रावण की नाभि में अमृत है। भगवान राम द्वारा छोड़े तीरों में से एक तीर रावण की नाभि में लगा, जिससे उसकी नाभि का अमृत सूख गया। इसके बाद रावण का पुतला धूं धूं कर जलने लगा। मेला आयोजन में राकेश कुमार यादव, मदनपाल सिंह, सत्यपाल सिंह, मोनू सिंह, शिवेंद्र प्रताप सिंह सहयोग रहा। रात को राजगद्दी का आयोजन होगा।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल में बादल और अनामिका बने विजेता

संवाददाता, तिलहर



चेस प्रतियोगिता में हिस्सा लेतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय में क्रीड़ा प्रभारी डॉ. शशिभूषण और डॉ. अंकिता कनौजिया के निर्देशन में वर्तमान सत्र की वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत छात्र-छात्रा वर्ग में बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, कैरम और शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

शुक्रवार को छात्र वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बीकॉम पंचम सेमेस्टर के बादल विजेता और बीए तृतीय सेमेस्टर के मोहम्मद सद्दाम उपविजेता रहे। छात्रा वर्ग में बीए तृतीय सेमेस्टर की अनामिका मीनाक्षी को हराकर विजेता बनीं। कैरम प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में समीर विजेता और मोहम्मद आरिफ़ उपविजेता रहे। कैरम

● **राजकीय महाविद्यालय में शुरू हुईं वार्षिक खेल प्रतियोगिताएं**

प्रतियोगिता के छात्रा वर्ग फाइनल मैच में तृतीय सेमेस्टर की कीर्ति सिंह ने बीए पंचम सेमेस्टर की अनुभवी को हराकर बाजी मारी। शतरंज प्रतियोगिता के फाइनल में छात्र वर्ग में कपिल कुमार ने राजदीपक शर्मा को हराया और छात्रा वर्ग में बीए प्रथम सेमेस्टर की इलमा अंसारी ने छाया को हराया। शतरंज में विशेष प्रदर्शन के लिए मुस्कान के लिए पुरस्कृत करने की घोषणा की गयी। टेबल टेनिस के छात्रा वर्ग में अनामिका विजेता और रेनू गंगवार उपविजेता रहीं। छात्र वर्ग में एक रोमांचक मुक़ाबले में बीए तृतीय सेमेस्टर के मोहम्मद सद्दाम ने आकाश को हराया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सरनपाल सिंह, विशाल शर्मा, अनुज कुशवाहा, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# अतिक्रमण की बैठक में छाया रहा जाम का मुद्दा

संवाददाता, तिलहर

● **अधिकारियों ने व्यापारियों से स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील की**

**- व्यापारियों ने की नगर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग**



अतिक्रमण को लेकर व्यापारियों के साथ बैठक करते एसडीएम जीत सिंह व सीओ अमित चौरसिया। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अतिक्रमण हटाने को लेकर हुई बैठक में जाम का मुद्दा छाया रहा। अधिकारियों ने जहां व्यापारियों से स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील की, वहीं व्यापारियों ने भी नगर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने व ई रिक्शा का रूट प्लान तय करने की मांग की।

शुक्रवार की शाम कोतवाली में एसडीएम जीत सिंह व सीओ अमित चौरसिया ने नगर से अतिक्रमण हटाने को लेकर व्यापारी नेता व संभ्रांत लोगों के साथ बैठक की। एसडीएम जीत सिंह ने कहा कि सभी व्यापारी नाली के बाहर अपनी दुकानों का सामान न रखें और कोई भी पक्का निर्माण न करें। सीओ अमित चौरसिया ने कहा कि सब्जी तथा फल के ठेले एक स्थान पर न खड़े हों। यह लोग अपना सामान ठेले से चलते हुए बेचें। व्यापारियों ने नाली के बाहर आकर अतिक्रमण न करने पर सहमति दी। इसके बावजूद व्यापार मंडल अध्यक्ष हितेश गुप्ता रिंकू ने कहा कि बीते कुछ दिनों से नगर में जगह-जगह जाम लग रहा है, जिस कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

ई रिक्शा का रूट प्लान तय करें बाजार में पुलिस ड्यूटी लगने के बाद भी बड़े वाहन दिन में प्रवेश कर रहे हैं, जिस कारण लंबा जाम लग रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस जाम पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। ई-रिक्शा चलने का कोई भी रूट प्लान नहीं है। जिस कारण भी जाम लगता है। एसडीएम ने कोतवाल राकेश कुमार व ईओ कल्पना शर्मा को ई-रिक्शा चलने का रूट प्लान तैयार करने के निर्देश दिए।



अतिक्रमण हटवाते एसडीएम संजय पांडेय और सीओ निष्ठा उपाध्याय। ● अमृत विचार

# एसडीएम और सीओ ने खुटार रोड पर हटवाया अतिक्रमण

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी संजय पांडेय, क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार शाम को नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

जिसके अंतर्गत राजीव चौक से लेकर जेवां चौराहे के पास नाले के आगे दुकानदारों का सामान हटवाया गया। कई दुकानदारों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया और कई दुकानदारों का सामान साथ में चल रही नगर पालिका की ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरवा दिया गया। इस दौरान कई दुकानदारों ने अधिकारियों से मिन्नत कर एक दिन का समय मांग लिया। एसडीएम ने बताया कि पूर्व में भी अनाउंसमेंट करवा कर सूचित करवाया गया था लेकिन दुकानदार अतिक्रमण नहीं हटा पाए। इस दौरान नायब तहसीलदार सरजीत निगम, सगीर अहमद, कमलेश कुमार और अमित के साथ कोतवाल हरपाल बालियान फोर्स के साथ मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

## होमगार्ड पर मारपीट का आरोप, दी तहरीर

**इस्लामनगर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के नूरपुर पिनौनी में एक व्यक्ति 25 नवंबर को अपनी कार से दिल्ली से आया था। युवक ने कार अपने ही प्लाट में खड़ी कर दी और भांजे और भतीजे के साथ पैदल घर जा रहा था। इसी दौरान यहां मौजूद एक होमगार्ड ने उन्हें रोक लिया।
आरोप है कि होमगार्ड उनके साथ गाली गलौज करने लगा। जिसका उन लोगों ने विरोध किया तो होमगार्ड ने युवक के ऊपर डंडे प्रहार कर दिया। युवक को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपी होमगार्ड के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

# सर्वे के बाद पुल 400 मीटर अतिरिक्त बनेगा, तब बनेगी एप्रोच रोड

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बदायूं से फरीदपुर जाने के लिए रामगंगा पर बने पुल की एप्रोच रोड बाढ़ में बह गई
- आईआईटी रुड़की करेगी सर्वे प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद कराया जाएगा निर्माण कार्य

**अमृत विचार:** मौत का कारण बनने वाले पुल पर आवागमन कराना इतना आसान नहीं है। रामगंगा अभी कटान कर रही है। पुल पर आवागमन सुलभ कराने के लिए करीब 400 मीटर पुल की लंबाई बढ़ाई जाएगी। इसके बाद ही सुरक्षात्मक एप्रोच रोड का निर्माण हो सकेगा। इसमें कंक्रीट की कई लेयर की दीवारे बनाई जानी है। यह सब तभी संभव होगा जब आईआईटी रुड़की मॉडल स्टडी सर्वे का काम पूरा करेगी। पुल की ओर आने जाने वाले रास्तों पर अवरोधक लगाकर बंद किए जाने का काम जारी है।

बदायूं से बरेली के फरीदपुर की ओर जाने के लिए रामगंगा पर बने पुल की एप्रोच रोड वर्ष 2022 में आई बाढ़ में बह गई। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी पुल को पूरा करने लिए मंथन कर रहे हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार रामगंगा का पानी अब भी कटान कर रहा है। जिस ओर से एप्रोच बह गई थी उसी ओर पानी का रुख भी है। अधिकारियों की माने तो पुल का निर्माण पूरा करने के लिए करीब 400 मीटर बढ़ाई जाए तब कहीं जाकर उसकी एप्रोच रोड बन सकेंगी। मॉडल स्टडी सर्वे का काम पूरा होने के बाद विभाग फिर से प्रस्ताव शासन में भेजेगा। मंजूरी के बाद ही निर्माण शुरू हो सकेगा।

### पुल से गिरकर चली गई थी तीन लोगों की जान

गूगल मैप के सहारे जा रहे लोगों की कार अधूरे पुल से नीचे गिर गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। इस प्रकरण की जांच पूरी हो चुकी है। लापरवाही बरतने वाले पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की गर्दन पर कार्रवाई की तलवार लटकी है। माना जा रहा है अवर अभियंताओं के साथ ही अधिशासी अभियंता पर भी कार्रवाई तय हो चुकी है, जो शासन स्तर से होनी है। वहीं गूलल मैप से भी पुल के रास्ते को हटा दिया गया है।

शासन से बजट की मांग की गई है। जल्द ही बजट मिल जाएगा। रुड़की आईआईटी के लिए भी पत्र जारी किया गया है। दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में मॉडल स्टडी सर्वे शुरू होने की संभावना है।
– **नरेश कुमार**, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी विभाग

### जल्द आएगी रुड़की की टीम, करेगी सर्वे

पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों की माने तो फिर से आईआईटी रुड़की के लिए पत्राचार किया गया है। साथ ही शासन में भी बजट की मांग की गई है। दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में शासन में बजट मिलने के साथ ही आईआईटी रुड़की के द्वारा मॉडल स्टडी सर्वे का काम भी शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल पुल की ओर जाने वाले रास्ते को अवरोधक लगाकर बंद किया रहा है। इससे दोबारा से कोई हादसा न हो सके।

## सार-संक्षेप

### जैविक खेती के प्रति किसानों को किया जागरूक



**बिल्सी/ बिसौली, अमृत विचार :** किसानों को जैविक खेती के प्रति जागरूक करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। ब्लॉक क्षेत्र अंबियापुर के गांव रायपुर और बिसौली के गांव परवेज नगर में किसान गोष्ठी कर कृषि अधिकारियों ने किसानों को जैविक खेती के प्रति जागरूक किया। तहसील क्षेत्र के रायपुर मजरा में हुई किसान गोष्ठी में कृषि अधिकारी कृषि अधिकारी अजीत सिंह किसानों को मिर्च व आलू में लगने वाले सारे कीटों के उपचार बताएं। उन्होंने धनराज, जुपिटर-5, धनिक व धनुष को प्रयोग करने के लिए बताए। इससे सारे कीट नियंत्रण हो जाएगा। फसल अत्यधिक समय तक स्वच्छ रहेगी और अत्यधिक पैदावार होगी। गोष्ठी में गांव के किसान रेशपाल, ओमवीर, नेत्रपाल, सुमितकुमार, गौरव, मोरपाल, अनिल कुमार, चरण सिंह आदि मौजूद रहे। बिसौली क्षेत्र के गांव परवेज नगर में गोष्ठी हुई। इसमें कृषि अधिकारी नीरज वर्मा किसानों को जागरूक किया। किसान सुरेंद्र कुमार, रेमेशपाल, अजयपाल, आकाश, सुरेशपाल,ओमेंद्र आदि मौजूद रहे।

### भाकियू लोकशक्ति ने मनाया सातवां स्थापना दिवस



**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव सतेती में स्थित जिला कैंप कार्यालय पर शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकर्ताओं ने यूनियन का सातवां स्थापना दिवस मनाया। संगठन पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। जिलाध्यक्ष ठाकुर बबलेश सिंह राठौड़ ने बताया कि आज के ही दिन भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की स्थापना की गई थी। तब से यूनियन के पदाधिकारी लगातार इसका स्थापना दिवस मनाते चले आ रहे है। उन्होंने बताया कि यूनियन की स्थापना किसानों के हितों की लड़ाई लड़ने एवं उनको सरकारी योजनाओं का समय लाभ दिलाने के उद्देश्य से इसकी स्थापना की गई थी। यूनियन जिले के किसानों की समस्याओं के निराकरण कराने के लिए लगातार काम कर रही है। यहीं कारण है कि यूनियन से किसान जुड़ते जा रहे है। इस मौके पर महेश चंद्र आर्य, देवेंद्र यादव, सिराज मोहम्मद, रुस्तम, छत्रपाल सिंह, देवेंद्र पाल सिंह, मोहित कुमार, सुबोध शर्मा, उज्जवल श्रीवास्तव, महानंदा आदि मौजूद रहे।

### लाइन लगाकर समिति पर खड़े रहे लोग, नहीं खुले ताले



**कादरचौक, अमृत विचार :** डीएपी वितरण होने की सूचना पर समिति पर सैकड़ों किसान पहुंच गए। डीएपी मिलने की आस में लोग समिति पर दोपहर तक लाइन लगाकर खड़े रहे। लेकिन समिति का ताला नहीं खुल सका। मायूस होकर किसान वहां से लौट गए। किसानों ने बताया गेहूं बुवाई का दौर जारी है। गेहूं बुवाई के लिए किसानों को डीएपी की आवश्यकता पड़ रही है। लेकिन किसानों को डीएपी नहीं मिल पा रही है। शुक्रवार को कस्बा स्थित सहकारी समिति पर डीएपी मिलने सूचना पर दर्जनों किसान वहां पर पहुंच गए। किसान भूखे प्यासे सुबह से शाम तीन बजे तक खड़े रहे। लेकिन समिति का ताला नहीं खुल सका। किसान मायूस होकर लौट गए।

### शिक्षामित्र ने छात्र को बेरहमी से पीटा, बेहोश

**बदायूं, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई के दौरान शिक्षामित्र ने एक छात्र की बेरहमी से पिटाई लगा दी। छात्र का कसूर मात्र इतना था कि वह कक्षा में खांस रहा था। शिक्षा मित्र की पिटाई से छात्र बेहोश हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही परिजन स्कूल पहुंच गए। परंतु उससे पहले ही शिक्षामित्र भाग गया। छात्र के परिजनों ने शिक्षामित्र के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। मामला सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव सुजावली का है। गांव निवासी वीरेंद्र सिंह का बेटा विशाल गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार का छात्र है। आरोप है कि बीती 27 नवंबर को पढ़ाई के दौरान विशाल खांस रहा था। खांसी होने से कक्षा में पढ़ा रहे शिक्षामित्र नाराज हो गए। साथ ही छात्र की बेरहमी से पिटाई लगा। शिक्षामित्र ने छात्र को इतना पीटा की वह बेहोश हो गया। जानकारी मिलते ही छात्र के परिजन स्कूल पहुंचे। परंतु उससे पूर्व ही शिक्षामित्र स्कूल से भाग गया। परिजनों ने छात्र को कस्बा सहसवान स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। छात्र के ठीक होने पर छात्र के पिता ने पुलिस को तहरीर दी।

### माई भारत एप से युवा करेंगे विकसित भारत का निर्माण

**बदायूं, अमृत विचार :** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें माई भारत संस्था के उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के क्षेत्रीय युवा कार्यक्रम अधिकारी लोकेंद्र कुमार ने माई भारत आउटरीच के संबंध में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। लोकेंद्र कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य ऐसे युवा तैयार करना है जिनके आधार पर भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बन सके। इसके लिए केंद्र सरकार ने माई भारत एप लांच किया है। इसके माध्यम से छात्र-छात्रा अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। एप पर अपलोड बायोडाटा सभी रोजगार संस्थाओं को आसानी से सुलभ होगा। जिससे युवाओं को रोजगार प्राप्त करने में आसानी होगी। प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार बत्रा, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सतीश सिंह यादव, डॉ. संजय कुमार, डॉ. ज्योति बिश्नोई, डॉ. बबीता यादव, डॉ. प्रेमचंद, डॉ. सरिता यादव, डॉ. रविन्द्र सिंह यादव, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. संजीव राठौर, डॉ नीरज कुमार आदि उपस्थित रहे ।

# अंबियापुर में अव्यवस्थाओं का अंबार, ठप पड़े विकास कार्य

## तहसील सदर क्षेत्र के गांव अंबियापुर में मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं ग्रामीण

संवाददाता, बदायूं/ विजय नगला

**अमृत विचार:** ब्लॉक सालारपुर के गांव अंबियापुर में अव्यवस्थाओं का अंबार है। विकास कार्य ठप पड़े हैं। गांव की स्थिति बद से बदतर है। ग्राम पंचायत और ब्लॉक स्तरीय जिम्मेदारों की अनदेखी से यहां बदहाली है। साफ पीनी तक नहीं है, जबकि एक दर्जन से अधिक हैंडपंप खराब पड़े हैं। ग्राम पंचायत में विकास कार्य के लिए लाखों रुपये का बजट मिला, लेकिन विकास कार्य के नाम पर आरआरसी सेंटर का ही निर्माण हो सका है। वह भी सफेद हाथी साबित हो रहा है। कूड़े का निस्तारण न होने की वजह से गलियों में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। इससे ग्रामीण संक्रामक रोगों से पीड़ित हो रहे हैं। ब्लॉक से लेकर जिला स्तरीय अधिकारी गांव की ओर से रुख मोड़ चुके हैं।
अंबियापुर गांव के विकास पर यदि नजर दौड़ाई जाए तो केवल अव्यवस्था नजर आएगी। गांव के मुख्य मार्ग पर ही गंदगी और कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। खड़ंजे उखड़ पड़े हैं। नालियां टूटी हुई हैं। जल निकासी का साधन न होने से नालियों का गंदा पानी सड़कों पर आ जाता है। लोगों का निकलना दूभर होता है। सफाई कर्मी के नियमित न पहुंचने के कारण गंदगी के ढेर लगे रहते है। पेंशन और आवास योजना के पात्र लाभ के लिए भटक रहे है। उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा। तमाम लोग ऐसे हैं, पूर्व में पेंशन मिल रही थी। वह भी खाते में आना बंद हो गई है। इस अव्यवस्था के लिए ग्रामीण ग्राम प्रधान और सचिव को जिम्मेदार मान रहे हैं। कहना है कि यदि ग्राम प्रधान ने गांव के विकास पर ध्यान दिया होता को गांव के हालात ऐसे न होते।



गांव अंबियापुर में कीचड़ से भरा मुख्य मार्ग। ● अमृत विचार



गांव की सहकारी समिति के पास लगा सरकारी हैंडपंप खराब पड़ा है।



गांव में बने आरआरसी सेंटर पर लगा ताला।

### पांच लाख की लागत से बना था आरआरसी सेंटर

स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव में आरआरसी सेंटर बनाया गया था। साथ ही गांव में कूड़ा उठाने के लिए ई-रिक्शा आदि की खरीदारी की गई थी। लेकिन ई-रिक्शा से कूड़ा उठाने के स्थान पर सवारियां ढोई जा रही हैं। और आरआरसी सेंटर में ताला पड़ा हुआ है। ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र के गांव अंबियापुर में बना सामुदायिक शौचालय बदहाल पड़ा है। उसकी सही से देखभाल तक नहीं होती। पानी तक की व्यवस्था अभी तक नहीं हो सकी है। जिसकी वजह से उसमें ताले पड़े रहते हैं। एडीओ पंचायत खालिद अली ने बताया ग्राम पंचायत को इस वित्तीय वर्ष में दस लाख का बजट मिला है। ग्राम पंचायत में जांच कर रुके हुए कार्य पूर्ण कराए जाएंगे।

- ग्रामीणों के लिए न साफ पानी और न चलने के लिए ठीक रास्ते जलभराव से पनप रही बीमारियां

ग्राम पंचायत में पंचायत घर बना हुआ है। यहां लगा कंप्यूटर सिस्टम अब से करीब चार माह पूर्व चोरी हो गया था। इसे अभी तक नहीं लगाया गया है। कंप्यूटर सिस्टम न होने की वजह से ग्रामीणों के आय-जाति, मूल निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र आदि का कार्य ठप पड़ा है। – **अंजलि**, पंचायत सहायक

चार माह पूर्व पंचायत घर में लगा कंप्यूटर सिस्टम चोरी हो गया था। इस वजह से विकास कार्य नहीं हो पाया। कंप्यूटर सिस्टम जल्द आ जाएगा। इसके बाद विकास कार्य में शुरू कराए जाएंगे।
–**राजू**, ग्राम प्रधान पति

### लोगों ने बयां किया दर्द



गांव में हालात बद से बदतर है। गांव विकास पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। ग्राम प्रधान और सचिव की ने अनदेखी से गांव बदहाल हो चुका है।
–**सत्यपाल सिंह**, अंबियापुर गांव



गांव के विकास के नाम पर कुछ नहीं कराया गया और न ही कोई बैठक हुई। गांव में सफाई कर्मी भी नहीं आते। गंदगी के कारण संक्रमण फैल रहे हैं। लोग चिकुनगुनिया तथा अन्य रोगों से पीड़ित हैं।–**दामोदर सिंह**, अंबियापुर गांव



गांव में सचिव द्वारा कभी भ्रमण तक नहीं किया गया है। अधिकांश लोगों को यह तक पता नहीं है कौन सचिव ग्राम पंचायत पर कार्यरत है। –**संजीव कुमार**, अंबियापुर गांव



ग्राम प्रधान और सचिव की लापरवाही की वजह से गांव बदहाल हो गया है। लाखों रुपये मिलने के बाद भी गांव स्थिति खराब पड़ी है।
शिव कुमार, अंबियापुर गांव

## रंजिश में देवर और भाभी के साथ मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बिल्सी , अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव वनबेहटा में शुक्रवार को रंजिश में घर में घुस कर देवर और भाभी को लाठी-डंडों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच पड़ताल करने के बाद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव निवासी मनवीर पुत्र भूरे सिंह की गांव के ही विनोद व मुकेश पुत्रगण बिट्टू सिंह से किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है। इसी के चलते शुक्रवार सुबह विनोद और उनके परिवार के लोगों ने मनवीर के घर आकर गाली-गलौज करने लगे। जब मनवीर उनकी भाभी ने गाली देने के मना किया तो विनोद और उनके पुत्रों ने आकर लाठी-डंडे से उन पर हमला बोल दिया। इससे मनवीर और उनकी भाभी साधना पत्नी सुखवीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान ग्रामीणों की भीड़ लग गई। मामले की शिकायत पुलिस से की। क्राइम इंस्पेक्टर बीके मौर्य ने बताया कि पुलिस ने साधना के पति सुखवीर सिंह की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है। साथ ही घायलों को इलाज के लिए बिल्सी सीएचसी पर भेजा है। जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## टक्कर लगने के बाद ट्रैक्टर के पहिया से कुचला युवक, मौत

संवाददाता,करियामई

**अमृत विचार :** शुगर मिल पर गन्ना पहुंचाकर वापस आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली को पिकअप ने टक्कर मार दी। ट्रैक्टर पर बैठा युवक नीचे गिर गया और पहिया से कुचल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को सीएचसी ले गई। यहां चिकित्सक ने युवक की मौत की पुष्टि की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उघैती थाना क्षेत्र के गांव खुशहालपुर निवासी अरविंद (35) पुत्र नन्नुकी और ज्ञानचंद्र पुत्र बादाम सिंह यदु शुगर पर गन्ना डालकर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर वापस लौट रहे थे। देर रात बिजनौर मार्ग स्थित गांव दारानगर के पास पिकअप ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रैक्टर पर बैठे ज्ञानचंद्र नीचे गिर गए और पहिया के नीचे आ गए। हादसा होते ही पिकअप चालक भाग गया।
ट्रैक्टर चला रहे अरविंद ने उनके परिजन और पुलिस को सूचना दी। ज्ञानचंद्र को रुदायन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक के मृत घोषित करने पर परिवार में चीत्कार मच गया। उनकी पत्नी धर्मवती रो-रोकर बेसुध हैं। एसओ राजेश कौशिक ने बताया कि हादसे में युवक की मौत हुई थी। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं आई है।



ज्ञानचंद्र (फाइल फोटो)

# मोतियाबिंद ऑपरेशन की दवाएं नहीं, घेराव की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला अस्पताल के नेत्र विभाग में मरीजों को हो रही परेशानी,भाकियू असली ने सीएमओ कार्यालय का घेराव करने की दी चेतावनी

**अमृत विचार :** लाख कोशिशों के बाद भी नेत्र विभाग को मोतियाबिंद के ऑपरेशन की दवाएं नहीं मिल सकी हैं। इससे मरीज परेशान हैं। भारतीय किसान यूनियन असली ने चेतावनी दी है कि इस समस्या से निपटने को दो दिसंबर को सीएमओ कार्यालय का घेराव किया जाएगा। दो दिन में दवाएं उपलब्ध नहीं कराई गई तो सीएमओ कार्यालय पर बेमियादी धरना शुरू किया जाएगा।
भारतीय किसान यूनियन असली के जिलाध्यक्ष केपी सिंह राठौर ने शुक्रवार को बताया कि दो दिसंबर को सीएमओ कार्यालय का घेराव करेंगे और नेत्र विभाग में दवाओं की कमी का मुद्दा उठाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि दो दिन के अंदर दवाएं नहीं मिली तो सीएमओ कार्यालय पर बेमियादी धरना दिया जाएगा। जिला अस्पताल स्थित नेत्र विभाग में आंखों के मरीज हर दिन सैकड़ों की संख्या में आते हैं। इनमें पचास प्रतिशत मरीज मोतियाबिंद के ऑपरेशन कराने वाले होते हैं। नेत्र विभाग के अनुसार पिछले छह महीने से मोतियाबिंद के ऑपरेशन की दवाएं नहीं हैं। जिससे अधिकांश मरीज बिना ऑपरेशन के लौट रहे हैं। नेत्र विभाग ने दवा न होने की जानकारी सीएमओ डॉ. रामेश्वर मिश्रा को भी दी, लेकिन दवा खरीदने को कोई कदम नहीं उठाया गया। जब फिर से पता किया गया तो पता चला कि दवाओं की फाइल डीएम के पास है। यहां से फाइल स्वीकृत नहीं हुई है इससे दवाओं की खरीद नहीं हो सकी है। नेत्र विभाग ने पिछले महीना कुछ दवाएं खरीदी गई थी जिनसे कुछ मरीजों के ऑपरेशन किए गए थे। लेकिन अब फिर से दवाएं खत्म हो चुकी हैं जिससे अब सैकड़ों मरीज प्रतिदिन वापस लौट रहे हैं। मरीजों का कहना है कि अस्पताल के चक्कर काटते काटते परेशान हो गए हैं। यहां पर दवाएं नहीं हैं। मोतियाबिंद के ऑपरेशन की दवा न होने से मरीज अक्सर यहां पर हंगामा करते हैं।



केपी सिंह राठौर, जिला अध्यक्ष भाकियू असली



जिला अस्पताल स्थित नेत्र विभाग। ● अमृत विचार

### डीएम कार्यालय में फाइल नहीं हुई स्वीकृत, मरीज परेशान

नेत्र विभाग के डॉ. पीयूष मोहन अग्रवाल ने कहा कि वह पिछले दिनों डीएम निधि श्रीवास्तव से मिले। उन्होंने दवाओं की समस्या उनके समक्ष रखी। इस पर डीएम ने कहा इस मामले में सीएमओ से बात की जाएगी। सीएमओ डीएम के पास जाने से कतरा रहे हैं जिससे दवाओं की फाइल उनके पटल पर पड़ी धूल फांक रही है।

**नई पहल** | परीक्षा में छात्र-छात्राओं से गणित, विज्ञान और अंग्रेजी के विषय के पूछे जाएंगे प्रश्न

# बोर्ड से पहले देनी होगी ऑनलाइन परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- वेबसाइट पर अब तक 90 प्रतिशत स्कूलों ने पंजीकरण कराया

**अमृत विचार:** बोर्ड परीक्षा में राजकीय विद्यालयों की स्थिति को सुधारने के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग ने इस साल से नई पहल की है। इन स्कूलों में अध्ययनरत कक्षा नौ से 12 तक के बच्चों की ऑनलाइन परीक्षाएं कराई जाएगी। गणित, विज्ञान, अंग्रेजी विषय से संबंधित प्रश्न बच्चों से पूछे जाने हैं।
इस परीक्षा में विफल रहे विद्यार्थियों की दोबारा से अगले माह परीक्षा होनी है। ऑनलाइन परीक्षा के लिए 30 नवंबर को स्कूलों के प्रधानाचार्य को विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण करना होगा। डीआईओएस से मिले निर्देश के बाद अब तक 90 प्रतिशत पंजीकरण कराया गया है। वित्त विहीन स्कूलों के अपेक्षा सरकारी स्कूलों का रिजल्ट काफी खराब रहता है। बच्चे अपेक्षा के अनुरूप बोर्ड परीक्षा में प्रदर्शन नहीं कर पाते। बच्चों की शैक्षिक क्षमता को बढ़ाने के लिए उद्देश्य से यूपी बोर्ड ने नई पहल शुरू की है।
बोर्ड परीक्षा से पूर्व माध्यमिक के सभी सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत कक्षा नौ से 12 तक के बच्चों की ऑनलाइन परीक्षा कराई जानी है। यह परीक्षा दिसंबर माह में आयोजित की जाएगी। इसके लिए तिथियां भी घोषित कर दी गईं हैं।
ऑनलाइन परीक्षा के लिए यूपी बोर्ड से मिले निर्देश के बाद डीआईओएस ने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य को पत्र जारी पंजीकरण कराने के निर्देश दिए हैं। डीआईओएस का पत्र मिलने के बाद स्कूलों के प्रधानाचार्य वेबसाइट पर पंजीकरण कराने में जुटे हुए हैं। अब तक 90 प्रतिशत स्कूलों ने पंजीकरण कराया है। 30 नवंबर को अंतिम दिन है। इसके चलते स्कूलों में तेजी से तैयारी चल रही है।
वहीं 12 से 14 दिसंबर के बीच होने वाली परीक्षा के बाद स्कूलों को एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट तैयार कर विभाग को भेजनी होगी। इस परीक्षा में विफल रहने वाले विद्यार्थियों को अगले माह होने वाली परीक्षा में शामिल किया जाएगा।

### इन तिथियों में होगी परीक्षा

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि 12 दिसंबर को कक्षा नौ व 10 की गणित, कक्षा 11 व 12 की भौतिक विज्ञान, 13 दिसंबर को कक्षा 9 व 10 की विज्ञान, कक्षा 11 व 12 की रसायन विज्ञान, 14 दिसंबर को कक्षा 11 व 12 की गणित व जीव विज्ञान की परीक्षा संपन्न कराई जाएगी।

बच्चों की शैक्षिक क्षमता बढ़ाने के लिए कक्षा नौ से 12 तक के बच्चों की ऑनलाइन परीक्षा कराई जाएगी। अब तक करीब 90 प्रतिशत स्कूलों के द्वारा पंजीकरण कराया जा चुका है। अंतिम तिथि तक सभी स्कूल पंजीकरण करा लेंगे। –**डॉ. प्रवेश कुमार**, जिला विद्यालय निरीक्षक

## सिपाही की दबंगई रुपये न देने पर पीटा

**बदायूं, अमृत विचार :** वजीरगंज थाना क्षेत्र के कस्बा बगरैन निवासी अरशद ने बताया कि वह अंडे का ठेला लगाते हैं। 25 नवंबर को उनका वारंट आया था, जो जमानती था। एक सिपाही वारंट लेकर आया और रुपये मांगे। अरशद ने रुपए नहीं दिए। बल्कि परिचितों ने जमानत करा ली। जमानत के बाद भी सिपाही ने रुपये मांगे। अरशद के साथियों ने 500 रुपये दिए तो सिपाही धमकाने लगा। इसके बाद शुक्रवार को सिपाही अरशद के अंडे के ठेले पर पहुंचा और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने अरशद को चौकी ले जाकर पीटा। भीड़ देखकर सिपाही और ज्यादा गुस्सा गया। लोगों के अनुसार वह शराब के नशे में था। उसने अपनी वर्दी फाड़ ली। रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी देकर थाने चला गया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड बंद मरीज निजी सेंटरों पर जाने को मजबूर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला अस्पताल में दो और महिला अस्पताल में 20 दिनों से खराब है मशीन, मरीज परेशान

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों की अल्ट्रासाउंड मशीन खराब होने से जिले के लोगों की जेब पर असर पड़ रहा है। वह प्राइवेट लैब में जाने को मजबूर है। जिला अस्पताल में दो महीने और जिला महिला अस्पताल में 20 दिन से अल्ट्रासाउंड बंद हैं। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी निजी लैब में मरीजों को भेज रहे हैं।
कई महिलाओं ने बताया कि जहां उन्हें अल्ट्रासाउंड कराने को भेजा गया वहां 500 रुपये तक लिए गए। प्राइवेट सेंटरों पर लूट मची हुई है। जिला अस्पताल में दो महीने पहले तक हर दिन दो से तीन दर्जन अल्ट्रासाउंड होते थे, लेकिन 25 सितंबर को मशीन खराब हो गई। वह शहर के निजी अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर महंगे दामों पर अल्ट्रासाउंड कराने को मजबूर हैं।
वहीं जिला महिला अस्पताल में दो बार मैकेनिक को बुलाया गया लेकिन मशीन ठीक नहीं हुई। अब मशीन को बाहर भेजा गया है। यहां करीब एक सप्ताह का समय और लगने की संभावना है। महिला अस्पताल में हर दिन 50 से 70 गर्भवती का अल्ट्रासाउंड किया जाता है।
ब्लॉक सलारपुर की एक गर्भवती ने शुक्रवार को बताया कि वह बार चक्कर लगा चुकी है। यहां पर ताला लटका रहता है। उनसे कहा जाता है कि जल्द ही मशीन ठीक हो जाएगी। वह सात महीने की गर्भवती है। आने जाने में दिक्कत होती है।
उझानी के गांव संजरपुर निवासी आठ माह की गर्भवती ने कहा कि आठ दिन पहले आई थी तो बताया गया कि एक सप्ताह में मशीन ठीक हो जाएगी। शुक्रवार को बताया कि मशीन अभी भी खराब है। जिला अस्पताल आए कई मरीज मायूस होकर घरों की ओर लौट गए।

मशीन को दो बार मैकेनिक ने ठीक करने की कोशिश की लेकिन ठीक नहीं कर सका। अब गाजियाबाद मशीन भेजी गयी है। वहीं से ठीक होकर भेजी जाएगी। कुछ समय लगेगा प्रिंटर भी ठीक हो जाएगा।
– **डॉ. इंदु कांत वर्मा**, सीएमएस

# खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

डॉ. एम. अहमद (BUMS)

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693 9837338306


# जमीन के विवाद में किसान को मारी गोली, हालत गंभीर

## बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कमालपुर का मामला

संवाददाता, बिसौली

- घायल ने दिया बयान, कालूपुर गांव के रहने वाले चार लोगों पर लगाया आरोप

**अमृत विचार :** जमीन के विवाद को लेकर एक पक्ष के कुछ लोगों ने किसान पर हमला कर दिया। विरोध पर मारपीट की कर किसान को गोली मार दी। इससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। घायल को बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया। पुलिस ने घायल के बयान लिए। इसमें उन्होंने चार लोगों पर आरोप लगाया है। घायल को बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कमालपुर निवासी रमाकांत (45) पुत्र सुम्मेरी मछली पालन करते हैं। गुरुवार रात वह मछली पालन फार्म पर सोए थे। शुक्रवार सुबह लगभग छह बजे चार लोग असलाह लेकर फार्म पर पहुंचे। सोते समय ही रमाकांत को पीटने लगे। रमाकांत ने विरोध किया तो हमलावरों ने उनकी पीठ पर गोली मार दी और मौके से भाग गए। गोली की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग पहुंचे। रमाकांत के परिजन और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक विशाल प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। परिजन भी आ गए। घायल को बिसौली के सीएचसी ले जाया गया। यहां सीओ बिसौली अजय कुमार सिंह ने पहुंचे। पीड़ित का बयान लिया गया। घायल ने चार हमलावरों के नाम बताए। साथ ही उनकी पत्नी सेववती से बात की। पत्नी ने बताया कि पास के गांव कालूपुर के लोगों से उनका जमीन का विवाद चल रहा है। कुछ लोगों ने रमाकांत की जमीन खरीदी थी। कई बार मांगने के बाद भी जमीन के आठ लाख रुपये नहीं दिए और धमका रहे हैं। इसके चलते ही घटना को अंजाम दिया गया है। बिसौली के प्रभारी निरीक्षक विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि परिजनों ने जमीन के विवाद में गोली मारने की बात कही है। घायल को अस्पताल में भर्ती किया गया है। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं आई है। मामले की जांच की जा रही है।

## जरीफपुर गड़िया में मिट्टी की ढांग गिरने से दो सगी बहनों समेत बालिकाएं दबीं



**सहसवान, अमृत विचार :** घर की लिपाई के लिए जंगल में मिट्टी की खुदाई करते समय मिट्टी की ढांग गिर गई। इसमें दो सगी बहनों सहित तीन बालिकाएं दब गईं। चीख पुकार सुनकर में यहां पहुंचे लोगों ने उन्हें निकालकर स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। इसमें एक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जरीफपुर गड़िया निवासी श्यावती ,मंजू पुत्री रतनपाल व तुलसी पुत्री मंगली गांव के पास ही जंगल से घर की लिपाई के लिए पीला मिट्टी खोदने गई थी। मिट्टी की खुदाई करते समय अचानक ढांग उनके ऊपर गिर गई। इसमें श्यामवती, मंजू, तुलसी समेत अन्य बालिकाएं मिट्टी में दब गईं। इस दौरान यहां चीख पुकार बन गई। उनकी चीख पुकार सुनकर लोग एकत्रित हो गए। वहां पहुंचे लोगों ने मिट्टी में दबी किशोरियों और बालिकाओं को बाहर निकाला। उन्हें तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। इसमें किशोरी श्यामवती की हालत गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों ने घायल किशोरी को जिला अस्पताल रैफर किया है।

# 19 साल पुराने मामले में दो लोगों को तीन साल कारावास की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कोर्ट ने लगाया 10-10 हजार रुपये का जुर्माना
- अफीम का चूरा बिक्री करने के आरोप में सुनाई न्यायालय ने सजा

**अमृत विचार:** एनडीपीएस एक्ट में दो लोगों को कोर्ट ने तीन साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उन पर दस-दस हजार रुपये का जुर्माना डाला है। मुजरिमों को पुलिस ने वर्ष 2005 में अफीम डोडा का चूरा ले जाते हुए पकड़ा था।

विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस अतुल कुमार सिंह के मुताबिक थाना कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक ध्यान सिंह ने 19 नवंबर 2005 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कहा गया था कि जब वादी ध्यान सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त कर रहे थे तो छोटी जियारत के रास्ते कुरऊ की ओर से दो व्यक्ति अपने कंधे पर एक-एक बोरा रख आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों पीछे मुड़कर चलने लगे। पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। साथ ही भागने का कारण पूछने के साथ उनके पास बोरे को खोल कर देखा। जिसमें अफीम का डोडा चूरा था। पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने नाम प्रमोद कुमार पुत्र नत्थू लाल निवासी नाहर खां सराय थाना कोतवाली और दूसरे ने हृदयेश साहू पुत्र जाहरी लाल उर्फ हजारी लाल निवासी चौधरी सराय थाना कोतवाली बताया। पुलिस दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करने के बाद कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट सौरभ सक्सेना ने पत्रावली और साक्ष्यों का अवलोकन किया। कोर्ट ने अभियोजन एवं बचाव पक्ष की ओर से दलीलों को सुनने के बाद आरोपी प्रमोद कुम्हार और हृदयेश साहू को मुजरिम ठहराया। कोर्ट ने दोनों को तीन-तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है ।साथ ही दोनों मुजरिम पर जुर्माना भी डाला है।

# पुरानी रंजिश में चाकू से किया हमला बचाने आए भाई के सिर में मारी रॉड

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कौल्हाई की बाजार में हुई थी कहासुनी, अगले दिन दूसरी बाजार में पीटा, किया हमला

**अमृत विचार :** पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने युवक पर चाकू से हमला किया। उसे बचाने आए भाई के सिर पर लोहे की रॉड मारकर घायल कर दिया। ताऊ को भी लाठी-डंडों से पीटा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव बाजपुर निवासी सोहिल पुत्र सलीम ने तहरीर देकर बताया कि सात नवंबर की सुबह लगभग 10 बजे वह गांव खैरपुर खैराती की बाजार में टेंपो से अपने भैंस नीचे उतार रहे थे। कौल्हाई की बाजार में हुई कहासुनी के चलते मोहल्ला पट्टी यकीन निवासी मोहसिन पुत्र मोहम्मद उमर, उसका भाई वसीम, छोटा पुत्र खचेड़ू ने जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया। चाकू सोहिल के चेहरे पर लगा। छोटे भाई सोहिल ने बचाने का प्रयास किया तो छोटा ने उसके सिर में लोहे की रॉड मार दी। सोहिल बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। शोर सुनकर सोहिल के ताऊ हबीब ने बचाने का प्रयास किया तो हमलावरों ने उन्हें जमीन पर गिराकर लाठी-डंडों से पीटा। लोहे की किसी चीज से हमला कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# गैरहाजिर 4 कर्मचारियों का वेतन काटा, एक का रोका

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शुक्रवार दोपहर तीन बजकर 10 मिनट पर नगर पालिका चेयरमैन ने कार्यालय का किया निरीक्षण
- लंच के समय कार्यलय से चले जाने की मिली थी शिकायत, कई कर्मचारियों को दी चेतावनी



गोशाला में मौजूद नगर पालिका परिषद बदायूं की चेयरमैन फात्मा रजा व अन्य।

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद बदायूं की चेयरमैन फात्मा रजा ने शुक्रवार दोपहर लंच के बाद तीन बजकर 10 मिनट पर कार्यालय में निरीक्षण किया। इस दौरान कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले। चार कर्मचयरियों का वेतन काटा गया और एक का वेतन रोका गया। इसके बाद चेयरमैन ने गोशाला में गोवंश को गुड़, हरा चारा और सब्जी खिलाया।

नगर पालिका के कुछ कर्मचारी लंच में काम के बहाने कार्यालय छोड़कर चले जाते है और फिर लौटकर वापस नहीं आते। कुछ दिनों से चेयरमैन को भी ऐसी शिकायतें मिल रही थी। इसके चलते चेयरमैन अचानक कार्यालय पहुंच गईं। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिलने पर शरीफ, साहिर, मानसरोवर और अफसर का वेतन काटा गया है। इसके अलावा दैनिक कार्य पंजिका में इन्द्राज नहीं होने के कारण नो वर्क नो पे के आधार पर लिपिक महेश बाबू का वेतन रोकने का आदेश दिया है। चेयरमैन ने कर्मचारियों को आदेश जारी किया है। कहा कि कार्यालय अवधि में किसी भी कार्य, राजस्व वसूली के कार्य से बाहर जाते हैं तो पूरा विवरण भ्रमण रजिस्टर में इंद्राज करके ही कार्यालय से जाएंगे। भ्रमण रजिस्टर में आने जाने का समय, कार्य व उद्देश्य का विवरण भरना अनिवार्य होगा। कार्यालय व फील्ड में किए गए काम का रोज का विवरण दैनिक रजिस्टर में इंद्राज करना भी जरूरी है। आदेश का कड़ाई से पालन करना होगा। कोई भी कर्मचारी बगैर लिखित अनुमति के मुख्यालय से बाहर नहीं जाएगा। उन्होंने गोवंश की सही प्रकार से देखभाल करने को कहा। इस मौके पर पालिका के सभासद गिरीश शुक्ला, अबरार, आशीष कश्यप, मनोज कश्यप, सभासद पति मनोज चंदेल आदि मौजूद थे।

# जेसीबी छीनने का प्रयास, ग्रामीण पहुंचे तो भागे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बिनावर के गांव टिटौली के पास पुल के निर्माण में लगी थी जेसीबी, चला रहा था चालक

**अमृत विचार :** बरेली के दो लोगों ने पुल निर्माण का काम कर रहे चालक से जेसीबी छीनने का प्रयास किया। चालक के शोर मचाने पर एकत्र हुए लोगों को देखकर आरोपी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भाग गए। चालक की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बरेली के गांव नवादा इकरामउल्ला निवासी अरुण बाबू पुत्र महेंद्र पाल ने थाना बिनावर पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि वह पीडब्ल्यूडी के टेंडर के आधार पर गांव टिटौली के पास पुल बन रहा है। यहां वह जेसीबी के चालक हैं। जेसीबी ठेकेदार बरेली के मोहल्ला आकाशपुरम निवासी जावेद खां की है। 24 नवंबर की शाम लगभग पांच से छह बजे के बीच वह जेसीबी चला रहे थे। बरेली के थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र के कस्बा के मोहल्ला उड़ला जागीर निवासी फिरोज खान पुत्र अली शेर खां अपने मौसेरे भाई बरेली के मोहल्ला कस्बापुर निवासी रिजवान के साथ आए। अरुण बाबू को धमकाना शुरू कर दिया। गाली-गलौज और धक्का-मुक्की करके जेसीबी से नीचे उतार दिया। फिरोज खान और रिजवान जेसीबी पर बैठ गए और ले जाने की कोशिश करने लगे। कहा कि ठेकेदार जावेद खां के भाई राशिद खां पर उनके रुपये आ रहे हैं। रुपये देने के बाद वह जेसीबी वापस कर देंगे। अरुण बाबू ने शोर मचा दिया तो ग्रामीण मौके पर पहुंचने लगे तो वह दोनों जेसीबी से उतरे और आगे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर बरेली की ओर भाग गए। अरुण बाबू ने ठेकेदार को फोन करके सूचना दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जानबूझकर अपमानित करने, धमकाने आदि के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बच्चे की जान गई

**बदायूं अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव दरामनगर निवासी अनमोल पुत्र लाखन अपनी पत्नी फूलवती और दो साल के बेटे प्रभाशंकर के साथ गुरुवार शाम रिश्तेदारी से बाइक से लौटकर अपने घर जा रहे थे। कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के गांव सोवनपुर के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायलों को जिला अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सक ने मौत की पुष्टि की। घायल दंपती का इलाज चल जा रहा है।

# हर्ष फायरिंग करने वाले पिता और पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** हर्ष फायरिंग की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अलापुर पुलिस हरकत में आई। उप निरीक्षक की तहरीर पर पिता-पुत्र पर रिपोर्ट दर्ज की।

सोशल मीडिया पर 27 नवंबर को एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें मंच पर दूल्हा-दुल्हन बैठे थे। दो युवक रायफल या बंदूक से फायरिंग कर रहे थे। वीडियो में उनका चेहरा स्पष्ट नहीं हो रहा था। पुलिस के पास तक वीडियो पहुंची तो प्रभारी निरीक्षक ने जांच कराई। जांच में पता चला कि वीडियो 25 नवंबर का है। गांव चितौरा निवासी विशाल पुत्र बाबू की बारात गांव ग्योतिधर्मपुर निवासी रविंद्र कुमार पुत्र प्रेमशंकर की बेटी से शादी के लिए आई थी। शादी में अलापुर क्षेत्र के गांव नगरिया हरिदास निवासी अशोक कुमार शर्मा पुत्र छोटे लाल और उनके बेटे निखिल कुमार शर्मा उर्फ सनी शामिल हुए थे। अशोक कुमार शर्मा के पास रायफल व रिवाल्वर के लाइसेंस हैं। निखिल कुमार ने अपने पिता के लाइसेंसी रिवाल्वर व रायफल से जयमाला के समय भीड़ होने के बाद भी फायर किए थे। उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह की तहरीर पर पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू की है।





वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल

एन.एच. 24 बन्थरा, शाहजहाँपुर

आयुष्मान भारत एवं राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत मोतियाबिन्द के मुफ्त आपरेशन, मुफ्त दवा मुफ्त खाना एवं मुफ्त लेंस की सुविधा

अस्पताल में उपलब्ध सुविधायें

1. अत्याधुनिक अमेरिकी फेको मशीन द्वारा बिना टाकें का मोतियाबिन्द का आपरेशन।
2. सबलबाई (काला मोतिया) की अत्याधुनिक मशीन हम्फ्री विजुअल फील्ड द्वारा जाँच का पूरे जनपद में एकमात्र संस्थान।
3. TOPCON OCT मशीन से आंख के परदे की जानकारी द्वारा सबलबाई का प्रारम्भिक अवस्था में पता लगाना।
4. Nd-YAG Laser मशीन द्वारा लेंस की झिल्ली और सबल बाई (काला मोतिया) का उपचार।
5. आँख के अल्ट्रासाउंड की फ्रांस की अत्याधुनिक मशीन द्वारा जाँच की सुविधा।
6. TOPCON OCT मशीन द्वारा रेटिना की जाँच की सुविधा।
7. Nd-YAG Laser द्वारा रेटिना के उपचार की







अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :-

मो. 7521001988, 7521001989


# पुलिस अलर्ट, संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन से की निगरानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


- एसएसपी ने नवादा क्षेत्र में किया रूट मार्च, शांति व्यवस्था बनाने रखने का किया आह्वान

**अमृत विचार :** संभल में मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद बदायूं पुलिस अलर्ट है। संवेदनशील क्षेत्र में निगरानी की जा रही है। एसएसपी खुद नजर बनाए हुए हैं। जुमा की नमाज पर भी पुलिस अलर्ट रही। एसएसपी ने भ्रमण किया। ड्रोन से छतों की निगरानी की गई। तैनात किए गए पुलिसकर्मियों से सतर्क रहने को निर्देशित किया।

पिछले दिनों एसएसपी ने अपराध समीक्षा बैठक की थी। इसमें सभी सीओ और थाना प्रभारियों को असामाजिक तत्व और खुराफातियों पर नजर रखते हुए सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इसके बाद शुक्रवार को जिले की पुलिस ने क्षेत्र में गश्त की। मस्जिद और दरगाह के आसपास पुलिस बल तैनात रहा। मिश्रित आबादी और संवेदनशील जगहों पर गश्त की। ड्रोन से छतों की स्थिति देखी कि कहीं ईंट या पत्थर का ढेर तो नहीं लगा है। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने नवादा क्षेत्र में रूट मार्च किया। वह गलियों से होकर भी गुजरे। उन्होंने शांति व्यवस्था बनाए रखने का आह्वान किया। शहर की जामा मस्जिद पर पुलिस बल तैनात रहा। एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव कोतवाली में मौजूद रहकर मॉनीटरिंग करते रहे। जुमा की नमाज शांतिपूर्वक हो गई।

## सीओ और प्रभारी निरीक्षक ने की पैदल गश्त

**ओरछी, अमृत विचार :** सीओ बिसौली अजय कुमार सिंह और फैजगंज बेहटा के प्रभारी निरीक्षक जवाहरलाल वर्मा व पुलिस के साथ संभल के सीमावर्ती ओरछी चौराहे और कस्बा सहहित आसफपुर, मुड़िया धुरेकी, ओरछी, पिपरिया आदि में पैदल गश्त की। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि कोई भी व्यक्ति सोशल साइट्स पर भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट न डाले वर्ना सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपनिरीक्षक हरपाल सिंह, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, आकाश कुमार, अवनीश शर्मा, शिशपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



ओरछी चौराहे से आसपास के क्षेत्र की ड्रोन से निगरानी कराते सीओ बिसौली अजय कुमार सिंह।



रूट मार्च के दौरान गली से निकलते एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह व अन्य।

## एक नजर

### घर के बाहर सीसी कैमरा लगवाने की शिकायत

**मुजरिया, अमृत विचार :** घर के बाहर सीसीटीवी लगवाने को लेकर विवाद हो गया। पीड़ित ने शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की है। थाना मुजरिय क्षेत्र के कस्बा कौल्हाई निवासी नेत्रपाल सिंह सैलानी ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया गांव निवासी दो लोगों ने उनके खिलाफ षड्यंत्र किया। उनके घर पर निगरानी रखने के लिए घर के पास बिजली के खंभे पर सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया है। वह लोग उनके घर महिलाओं की वीडियो भी बना सकते हैं। घर की प्राइवेसी भंग हो रही है। वह असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा लगवाने के बारे में सचिव भानू प्रताप से पूछा तो उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत की ओर से गांव में कैमरे नहीं लगवाए गए हैं। नेत्रपाल सिंह ने सीसीटीवी कैमरा हटवाने और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### 25 तक होंगे बेगम अख्तर पुरस्कार के लिए आवेदन

**बदायूं, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा मल्लिका-ए-गजल बेगम अख्तर की स्मृति में दादरा, ठुमरी व गजल विधाओं में प्रतिभावान गायक को बेगम अख्तर पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। इसके अंतर्गत चयनित कलाकार को पांच लाख रुपये की धनराशि एवं अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र भेंट स्वरूप प्रदान किया जाता है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन 25 नवंबर तक विभाग की वेबसाइट पर हो सकेंगे।

# 600 मीटर दौड़ में उझानी के आकाश ने मारी बाजी

## पुलिस परेड ग्राउंड में चल रही बेसिक शिक्षा विभाग की तीन दिवसीय प्रतियोगिताएं, समापन आज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पुलिस परेड ग्राउंड में बेसिक शिक्षा विभाग की 41वीं जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 600 मीटर दौड़ में उझानी के आकाश प्रथम स्थान पर रहे। बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजीव शर्मा ने छात्र-छात्राओं को नियमित अभ्यास करने को प्रेरित किया। शनिवार को प्रतियोगिता का समापन किया जाएगा।

बालक वर्ग की 50 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता में वजीरगंज के अजय पहले, फैजान दूसरे और कादरचौक के अरशद तीसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ में भी वजीरगंज के अजय ने पहला, इस्लामनगर के शिवराज ने दूसरा व कादरचौक के अरशद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं 200 मीटर दौड़ में दहगवां के अनुज विजेता बने। वजीरगंज के मोहम्मद फैजान दूसरे और उसावां के शाहरुख तीसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर में कादरचौक के हिमांशु पहले, जगत के अनिकेत दूसरे व इस्लामनगर के शिवा तीसरे स्थान पर रहे। प्राथमिक स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता में विकास क्षेत्र जगत विजेता और दातागंज उपविजेता बना। प्राथमिक स्तर की बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ में दहगवां की स्वाती पहले, अंबियापुर की अंशु दूसरे व कादरचौक की ममता तीसरे स्थान पर रही। और 100 मीटर दौड़ में दहगवां की मधु पहले, सहसवान की खुशबू दूसरे, कादरचौक की ममतता तीसरे और 200 मीटर दौड़ में उझानी की रचना पहले, कादरचौक की जशोदा दूसरे, कादरचौक की दामिनी तीसरे स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ में दहगवां की रीना को पहला, सालारपुर की अंशिका को दूसरा, कादरचौक की जशोदा को तीसरा स्थान मिला। उच्च प्राथमिक स्तर के बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में उसावां के अंकित पहले, दहगवां के सुधीर दूसरे, म्याऊं के कौशल तीसरे, 200 मीटर दौड़ में उसावां के अंकित पहले, म्याऊं के सगेंद्र दूसरे, वजीरगंज के बाबी तीसरे, 400 मीटर दौड़ में उसावां के अंकित पहले, वजीरगंज के उदित दूसरे और म्याऊं के राधेश्याम तीसरे स्थान पर रहे। 600 मीटर दौड़ में उझानी के आकाश पहले, वजीरगंज के उदित दूसरे, कादरचौक के विकास तीसरे स्थान पर रहे। म्याऊं के कौशल ने सबसे दूर चक्का फेंककर जीत हासिल की। वजीरगंज के तालिब दूसरे, दहगवां के सुधीर तीसरे स्थान पर रहे। उच्च प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में 200 मीटर दौड़ में अर्चना पहले, आरती दूसरे, रूबी तीसरे, 400 मीटर में दीक्षा पहले, ज्योति दूसरे, काजल तीसरे, 600 मीटर में दीक्षा पहले, लक्ष्मी दूसरे, वर्षा तीसरे स्थान पर रहीं। वजीरगंज की गीता ने सबसे दूर गोला फेंका। अर्शूल दूसरे, महक तीसरे स्थान पर रही। चक्का फेंक में गीता पहले, रेनू दूसरे, गीता दूसरे स्थान पर रहीं। खो खो प्रतियोगिता में उझानी की सीमा एंड पार्टी विजेता बनी। अंबियापुर की रुबी एंड पार्टी उपविजेता रही। कबड्डी में कादरचौक को पहला, सालारपुर की टीम को दूसरा स्थान मिला।


विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।


कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ी को उसके पाले में जाने से रोकती टीम।


खो-खो प्रतियोगिता में टीम के खिलाड़ियों ने दिखाया दम।

### रात में भी पल-पल की जानकारी करते रहे बीएसए

दूर-दराज के विकास क्षेत्रों के खिलाड़ियों को रोकने के लिए जीजीआईसी और जिला स्काउट भवन में व्यवस्था की गई थी। बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह देर रात दोनों जगहों पर पहुंचे। यहां पता चला कि खिलाड़ियों को कुछ दिक्कत आ रही है। जीजीआइसी के बाथरूम में रोशनी और पानी की दिक्कत थी। साथ ही लिहाफ कम होने की बात कही गई। बीएसए ने रात में ही व्यवस्था दुरुस्त कराई। वह रात में पल-पल की जानकारी करते रहे। वहीं स्काउट भवन के दोनों गेट पर रात में ताला डाला गया था। खिलाड़ी आराम से सोए और सुबह मैदान में हिस्सा लिया।

### प्रतियोगिता के दौरान यह रहे उपस्थित

प्रतियोगिता के दौरान बीईओ प्रशांत राठोर, भूपेंद्र सिंह, गौतम प्रकाश और शिक्षक संघ के उदयवीर सिंह यादव, सुशील चौधरी, अरविंद दीक्षित, दुष्यंत रघुवंशी, प्रदीप गुप्ता, किरण सिसोदिया, रामदास यादव, ज्योति सक्सेना, सुदेश मिश्रा, संतोष उपाध्याय, विजय मिश्रा, संजय यादव, कमलेश, प्रभात कुमार, रामवीर सिंह, मुकेश कुमार, राजेश कुमार, वीना राठौर, प्रीति राठौर, सुरेश पाल सिंह, आयुष भारद्वाज, कामेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे। संचालक डॉ. जुगल किशोर, अनुराग यादव व कामिनी राठौर मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### समस्याओं का किया निस्तारण, 5 लाख जमा कराए

**बिल्सी,अमृत विचार :** शुक्रवार को नगर के विद्युत उपकेंद्र पर बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में एक मेगा शिविर लगाया गया। इस दौरान 25 से अधिक उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। 68 लोगों ने करीब पांच लाख रुपये की बकाया धनराशि जमा कराई। अवर अभियंता दिनेश कुमार सिंह ने शिविर में 68 से अधिक लोगों के बिलों का जमा किया गया। इसमें 20 बिलों को संशोधित कर सुधार किया। इसके अलावा पांच उपभोक्ताओं को खराब मीटर को ठीक कराया। अन्य बिजली संबंधी समस्याओं का भी निदान किया गया। जेई ने बताया कि अगले दिसंबर माह से पांच हजार रुपये से अधिक धनराशि वाले बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। इसलिए ऐसे उपभोक्ताओं को शीघ्र अपने बिल जमा कर देना चाहिए। शिविर में एसडीओ शोएब अंसारी, नासिर जमाल, मनोज कुमार, सूरज पटेल, देवकीनंदन, मुनीष कुमार, तेजपाल सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहे।



### सड़क निर्माण में पीला ईंट का प्रयोग, शिकायत

**इस्लामनगर,अमृत विचार :** क्षेत्र पंचायत निधि से विकास खंड परिसर में सड़क बनाई जा रही है। ठेकेदार निर्माण कार्य में पीला ईंटों का प्रयोग कर रहा है। मानक को ताक में रख ठेकेदार मनमानी कर रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिम्मेदारों से की है। ब्लॉक के गेट से एडीओ पंचायत के ऑफिस तक क्षेत्र पंचायत निधि से लाखो रुपये की लागत से नया रोड बनाया जा रहा है। इसमे ठेकेदार मनमानी कर रहा है। ब्लॉक में हर समय अधिकारी और कर्मचारियों की मौजूदगी रहती है। उनकी आंखों के सामने ही ठेकेदार ने गुणवत्ता को ताक में रख दिया है। वह सड़क निर्माण में पीला ईटों के साथ ही घटिया सामग्री का प्रयोग कर रहा है। इतना ही नहीं ठेकेदार बिना नींव खोदे हुए जमीन के ऊपर से ही नाली की दोनो दीवार पीला ईंट से बनवा रहे हैं, जो अधिकारियों को दिखाई नहीं दे रहा है। जबकि किसी ग्राम पंचायत में पीली ईंट से निर्माण कार्य की शिकायत आती है तो ब्लॉक के तमाम अधिकारी जांच करने पहुंच जाते हैं। लेकिन यहां पीला ईंट निर्माण कार्य में लगाई जा रही है। इस संबंध में प्रभारी बीडीओ संजीव कुमार का कहना है की उनके पास शाम पांच बजे तक ही ब्लॉक का प्रभार था। इसके बाद ब्लॉक पर कार्यरत बीडीओ पहुंचे होंगे। उन्हें इस बारे में पूरी जानकारी होगी।



### डीएम ने तलब किया आरोपी लेखपाल का सर्विस रिकार्ड

**बिसौली, अमृत विचार :** लेखपाल की अश्लील वार्तालाप की ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लेखपाल को निलंबित किया गया है। विधवा महिला की तहरीर पर लेखपाल पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। शुक्रवार को पीड़िता ने कोतवाली बिसौली पहुंचकर बयान दर्ज कराया। महिला ने पहले भी लेखपाल पर कई बार अश्लील बात करने का आरोप लगाया है। तहसील बिसौली कार्यरत लेखपाल रामवतार यादव का किसान सम्मान निधि और आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए आग्रह करने का ऑडियो वायरल हुआ था। इसमें लेखपाल महिला से अश्लील बातें कर रहा था। ऑडियो वायरल हुआ तो डीएम ने लेखपाल को निलंबित कर दिया। साथ ही रिपोर्ट दर्ज की गई। वरिष्ठ उपनिरीक्षक विवेचना करेंगे। शुक्रवार को पीड़ित महिला ने महिला पुलिस की अभिरक्षा में बयान दर्ज कराया। डीएम निधि श्रीवास्तव ने लेखपाल का सर्विस रिकार्ड तलब किया है। लेखपाल पिछले चार वर्ष से बिसौली में तैनात है।

### कस्बा में बस की टक्कर से बुजुर्ग की जान गई

**ओरछी, अमृत विचार :** मुरादाबाद फर्रुखाबाद राजमार्ग शुक्रवार देर रात रोडवेज बस ने ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से मारी टक्कर 70 वर्षीय होरीलाल पुत्र हीरालाल निवासी मौजमपुर हाईवे पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसौली ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। ट्रैक्टर पर बैठे अन्य तीन लोग हल्की फुल्की चोट आई है। थाना पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। थाना अध्यक्ष जवाहरलाल वर्मा ने बताया एक्सीडेंट में एक बुजुर्ग की मौत हुई है पंचनामभर शव को पोस्टमार्टम भेज दिया है।

### कल छह केंद्रों पर होगी विद्या ज्ञान परीक्षा

**बदायूं, अमृत विचार :** रविवार को छह केंद्रों पर विद्या ज्ञान परीक्षा संपन्न होगी। इस परीक्षा में 4080 विद्यार्थी शामिल होंगे। विद्या ज्ञान परीक्षा के लिए 2040 बालिका और 2040 बालकों ने आवेदन किया है। कल यानि एक दिसंबर को होने वाली परीक्षा के लिए शहर के श्री कृष्ण इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, संतोख सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज दातागंज, नेहरू इंटर कॉलेज अलापुर, मदनलाल इंटर कॉलेज बिसौली और प्रमोद इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। पहली पाली में बालिका परीक्षा देंगी, जबकि दूसरी पाली में बालक परीक्षा में शामिल होंगे। डीसी प्रशिक्षण पीसी श्रीवास्तव ने बताया कि विद्या ज्ञान की यह प्रारंभिक परीक्षा है।

# 54वें दिन भी जारी रहा कांग्रेस का बेमियादी धरना

संवाददाता, ककराला

- कांग्रेस नेता फितरत खान ने किया अनशन, ग्रामीणों ने किया समर्थन
- धरने को मिली सफलता, नगर पालिका में बना आधार कार्ड केंद्र

**अमृत विचार :** जनसमस्याओं के समाधान को लेकर कांग्रेस का बेमियादी धरना 54वें दिन भी जारी रहा। क्रमिक अनशन पर शुक्रवार को कांग्रेस नेता फितरत खान बैठे। भारी संख्या में ग्रामीणों ने धरने का समर्थन किया। धरने को कामयाबी मिलनी शुरू हो गई है। कस्बे में आधार केंद्र बना दिया गया है। यहां लोग आधार कार्ड बनवाने पहुंच रहे है।

कांग्रेस के प्रदेश सचिव अजीत यादव लगातार धरने पर बैठे हैं। धरने को अब सफलता मिलती दिख रही है। नगर पालिका परिसर में आधार कार्ड केंद्र बना दिया गया है। शुक्रवार को पहले दिन 67 लोगों के आधार कार्ड बनाए गए। कांग्रेस नेता ने आधार केंद्र का निरीक्षण किया। धरना स्थल पर जारी क्रमिक अनशन पर कांग्रेस नेता फितरत खान बैठे। कांग्रेस प्रदेश सचिव ने कहा कि ककराला की जनता की जीत होगी। जनसमस्याओं के समाधान को वे अंतिम दम तक संघर्ष करेंगे। बंद किए मेडिकल कैंप फिर चालू होंगे। ककराला अस्पताल में इमरजेंसी चिकित्सा न होने से मरीजों को परेशानी होती है। सीएचसी में इमरजेंसी बहाल करने और 24 घंटे डॉक्टरों की तैनाती की मांग की। एक्सरे समेत सभी जांच की सुविधा ग्रामीणों को दी जाएगी।

संक्रामक बीमारियों के इलाज को ककराला के हर वार्ड और आसपास के हर गांव में मेडिकल शिविर लगाए जाएं और फ्री जांचें हो। ककराला से मोहम्मद गंज और ककराला से अलापुर को जाने वाली खस्ताहाल सड़कों का निर्माण कराया जाए। आधार संशोधन निर्माण केन्द्र बनाने, पशु अस्पताल में डॉक्टर की नियुक्ति, महिला डिग्री व इंटर कॉलेज की स्थापना, पुस्तकालय व रीडिंग रूम की स्थापना की जाए। धरने पर फैजियाब खान, आबिद अली, तजम्मुल अंसारी, फैज खान, तौहीद आलम, कामिल खान, पप्पू यादव, बालकिशन यादव, रूपेश यादव, लालवीर यादव, सत्यवीर यादव, लबीब खान, फितरत खान, नुरुल हसन समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


धरना स्थल पर लोगों से बात करते कांग्रेस नेता अजीत यादव।

# दिव्यांग बच्चों की तहसील स्तरीय खेल प्रतियोगिता संपन्न

संवाददाता, दातागंज

**अमृत विचार :** विकास क्षेत्र के संसाधन केंद्र पर समेकित शिक्षा के अन्तर्गत एक दिवसीय दिव्यांग बच्चों की तहसील स्तरीय शैक्षिक एवं बाल क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन समेकित केन्द्र दातागंज पर किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दी जला कर ब्लॉक महामंत्री माधव सिंह द्वारा शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में विकास क्षेत्र म्याऊ, उसावा, समरेर, एवं दातागंज के दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया।

खेल प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग उच्च प्राथमिक स्तर में बौरा का करन प्रथम स्थान, शंकरपुर का नारायण द्वितीय स्थान, दातागंज का प्रखर ने तृतीय स्थान प्रज्ञप्त किया। 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग प्राथमिक स्तर में सैजनिया समरेर से रूपेश प्रथम, संविलियन दातागंज क्षेत्र से अरशद द्वितीय कुड़ा दातागंज से अजय ने तृतीय स्थान पर बाजी मारी। 50 मीटर दौड़ में मानसिक मंदित बालक वर्ग में नोनी टिकन्ना दातागंज से दिव्यांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ब्लॉक महामंत्री माधव सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी नारायण गंगवार, आशुतोष कुमार मिश्रा, एआरपी श्यामवीर सिंह, विनय सक्सेना, विजय कुमार सागर सुरेश बाबू वृजेश कुमार, ज्ञानेन्द्र पाल, कुंवर बहादुर सिंह,राजी कुमार, आदि शिक्षक और अनुदेशक मौजूद रहे।

# बिल्सी प्रभारी निरीक्षक सहित चार पुलिसकर्मियों को नोटिस जारी

- एसएसपी ने न्यायालय के आदेश में लापरवाही बरतने पर जारी किया नोटिस

**बदायूं, अमृत विचार :** न्यायालय के आदेश में लापरवाही बरतने पर बिल्सी प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह पुंडीर, पैरोकार विक्की धामा, डाक मुंशी थाना मामचंद व रविन्द्र सिंह को एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एससीएसटी कोर्ट की न्यायाधीश रिंकु जिंदल ने 25 नवंबर को एक पत्र जारी किया। एसएसपी डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह से बिल्सी प्रभारी निरीक्षक व पैरोकार पर कार्रवाई के लिए लिखा था। राकेश बनाम प्रदीप नारायण आदि के केस में कृष्ण कुमार यादव व प्रदीप नारायण जो कि सरकारी कर्मचारी है न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया गया था। नोटिस जारी होने के बाद भी पुलिस ने किसी तरह की कोई तामील नहीं कराई। न्यायालय ने थाने के पैरोकार को 22 नवंबर को कई बार बुलाया गया पर पैरोकार विक्की धामा न्यायालय में नहीं पहुंचे। न्यायालय ने बिल्सी प्रभारी निरीक्षक को 25 नवंबर को व्यक्तिगत रूप पेश होकर स्पष्टीकरण देने को कहा गया लेकिन न्यायालय के आदेश के बाद भी बिल्सी प्रभारी निरीक्षक न उपस्थित हुए और न ही कोई स्पष्टीकरण दाखिल किया। न्यायालय ने इस प्रकरण में एसएसपी को पत्र लिख कर तीन दिन में कार्रवाई करके न्यायालय को अवगत कराने का आदेश दिया। एसएसपी ने इसकी प्रारंभिक जांच बिसौली सीओ से कराई। इसमें बिल्सी प्रभारी निरीक्षक, पैरोकार विक्की धामा थाने का डाक मुंशी मामचंद तथा आरक्षी रविन्द्र सिंह न्यायालय के आदेश में लापरवाही के दोषी माने गए। एसएसपी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

# रात भर दौड़ रही मिट्टी से लदी ट्रैक्टर ट्रालियों ने उड़ाई ग्रामीणों की नींद


इस खेत से रात में जेसीबी से उठायी जा रही मिट्टी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बाजरा के खेत से रात में उठाई जा रही मिट्टी, दो रातों से नहीं सोए ग्रामीण
- सड़कें धंसी, चकरोड टूटे, खनन करने वाले ग्रामीणों पर हो रहे हावी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन की उदासीनता के चलते खनन करने वाले बड़े पैमाने पर मिट्टी का खनन कर रहे हैं। पूरी रात ट्रैक्टर ट्रालियां मिट्टी लाद कर गांव के बीच से दौड़ रही हैं, इससे ग्रामीण रात को सो नहीं पा रहे हैं। सड़कें टूट चुकी है चकरोड पूरी तरह ध्वस्त हो चुके है। कुछ ग्रामीणों ने थाना पुलिस को सूचना भी दी, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। ग्रामीणों ने एसडीएम को भी सूचना दी फिर भी अवैध खनन रोकने को कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। खनन करने वालों की दबंगई के भय से ग्रामीण भयभीत हैं। शिकायत विभाग सुनने को तैयार नहीं है।

जिला प्रशासन ने करीब एक माह पूर्व बैठक में मिट्टी के अवैध खनन पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश खनन विभाग को दिए थे। उक्त आदेशों को हवा में उड़ाते हुए खनन विभाग ने जेसीबी चालकों को खुली छूट दे दी है। इससे जेसीबी चालक लाखों का ठेका लेकर मिट्टी का अवैध खनन कर रहे हैं। थाना अलापुर क्षेत्र के ग्राम झंडपुर में पिछले तीन दिन से रात आठ बजे से जेसीबी बाजरा के खेत से मिट्टी उठा रही है और ट्रैक्टर ट्रालियों में भर कर इसी थाने के ग्राम उनौला में एक जगह डाल रही है। ग्रामीणों के अनुसार करीब 20 ट्रैक्टर ट्राली से पूरी रात मिट्टी ढोते हैं। सुबह आठ बजे तक जेसीबी खेत से मिट्टी की खुदाई करती है और ट्रैक्टर ट्रालियों में भरी जाती है। यह ट्रैक्टर झंडपुर गांव के बीच से गुजरते हैं। धड़धड़ाते हुए दौड़ते हैं। पूरा गांव रात को सो नहीं पा रहा है।

**ग्रामीणों ने दी चेतावनी, खुद रोकेंगे अवैध खनन:** जिस खेत से मिट्टी उठायी जा रही है। वहां से एक चकरोड से होकर ट्रैक्टर गुजरते हैं। जिससे पूरा चकरोड ध्वस्त हो गया है। ग्राम झंडपुर के ग्रामीणों ने कहा कि अब वह लोग स्वयं ही रात को ट्रैक्टर ट्राली का रास्ता रोकेंगे।

पुलिस या खनन विभाग से शिकायत नहीं करेंगे। अवैध खनन किसी कीमत पर नहीं होने देंगे। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित विभाग की शह पर ही अवैध खनन किया जा रहा है। अब गांव के बीच से ट्रैक्टर नहीं निकलने देंगे। रात भर उन्हें नींद नहीं आ रही है।


ट्राली में भरी जा रही मिट्टी।

> मिट्टी के अवैध खनन की जानकारी नहीं है। यदि अवैध खनन किया जा रहा है तो कार्रवाई की जाएगी। खनन अधिकारी को इसके लिए निर्देशित किया जाएगा। अवैध खनन किसी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। - **मोहित कुमार**, एसडीएम सदर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र रिजवान को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा व हमारे परिवार से उसका कोई वास्ता नहीं होगा। **लियाकत अली पुत्र रमजानी व आयशा पत्नी लियाकत अली निवासीगण मोहल्ला ऊचा, फरीदपुर जिला बरेली।**

सूचना
मैं अपने पुत्र अंकित गुप्ता व पुत्रवधू सोनम गुप्ता के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से तंग आकर संबंध विच्छेद व अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, यह दोनों अपने कृत्यों लेन-देन आदि के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **डॉ0 नरेश चन्द पुत्र स्व. श्री राम लाल निवासी 212, कानूनगोयान भूड़, थाना प्रेमनगर तह0 व जिला बरेली।**

सूचना
सूचित हो कि हमारे मकान स्थित मो. वजीरगंज रोड आंवला तहसील आंवला जिला बरेली उक्त संपत्ति के मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री 21.07.2016 बही संख्या 1 जिल्द संख्या 4137 पृष्ठ 177 से 218 क्रमांक 7279 के दो पृष्ठ रास्ते में कही खो गए थे जिसमें 10-10 रुपए के स्टांप लगे हुए है जिस किसी को मिले वह इस पते पर पहुंचने का कष्ट करे। **रेनू पत्नी विनय कुमार सिंह वजीरगंज रोड आंवला तहसील आंवला जिला बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

सूचना
सर्वधारण को सूचित किया जाता है मेरे निघासन के मकान के सेलडीड़ की चैन सेलडीड नंबर 403 दिनांक 08.02.1995 की मूल प्रति कहीं खो गई है। **दिनेश कुमार पुत्र मिश्रीलाल निवासी मोहल्ला प्रेमनगर निघासन खीरी**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र धीरज कुमार व उसकी पत्नी अनीसा को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा। **जगदीश प्रसाद पुत्र स्व. श्री बाबूराम व श्रीमती लक्ष्मी निवासी 98 निकट ट्रांसफार्मर मो. प्रेमनगर सी.बी. गंज, बरेली।**

आवश्यकता है
U.K.M.C कम्पनी को ऑफिस विस्तार हेतु आवश्यकता है 90 लड़के / लड़कियों की। योग्यता :- हाईस्कूल, इण्टर, ग्रेजुएट, आय 9500/18000 + मुफ्त आवास मिले पीलीभीत रोड बाईपास बरेली।
**सम्पर्क :- 9720245890**

सूचना
सूचित किया जाता है, मै सुनीता देवी पत्नी राकेश कुमार राठौर निवासी छत्रपति शिवाजी नगर, बीसलपुर रोड बरेली, मैने अपनी संपति के बैनामा की मूल प्रतिलिपि खो दी है, जो सब रजिस्टार बरेली में दिनांक 23.09.2002, को बुक संख्या 1 जिल्द संख्या 342 पृष्ठ संख्या 987-1002 क्रम संख्या 7521 पर रजिस्ट्रीकृत हुआ था, उक्त संपति के खो जाने के सूचना अपने नजदीक थाना में 29.11.2024 को कर दी है यदि यह किसी को मिलती है तो कृपया निम्न संपर्क सूत्र सूचित करने का कष्ट करें। **एडवोकेट -मनोज कुमार मो 9412591372**

## शहर में आज

- शहर के मोहल्ला जयजय राम स्थित शिव मंदिर पर कीर्तन शाम चार बजे से
- महात्मा गौतम बुद्ध समाज सेवा समिति की बैठक कार्यालय पर सुबह 11बजे से
- मिशन शक्ति के तहत सार्वजनिक स्थलों पर जागरुकता कार्यक्रम सुबह 10बजे से
- यातायात महा के अंतर्गत जागरुकता एवं चेकिंग अभियान सुबह 11बजे से

## एक नजर

### बंदर के हमले से छत गिर कर महिला घायल

**कासगंज, अमृत विचार :** सोरोंजी के मोहल्ला लहरा में घर की छत पर खेल रहे बच्चे पर बंदर ने हमला बोल दिया। उसे बचाने पहुंची मां सोमवती पर भी बंदर ने हमला बोल दिया। जिससे वह छत से गिर गई और घायल हो गई। उसे सोरोंजी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### महिला ने किया खाया जहर, अस्पताल में भर्ती

कासगंज, अमृत विचार : सदर कोतवाली के गांव कोटरा में जीनत( 26 ) पत्नी गुलाब ने गृह क्लेश के चलते विषाक्त का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने महिला का उपचार किया है। पति गुलाब साहब ने बताया कि उपचार के बाद जीनत की हालत में सुधार है।

### वाहन की टक्कर से राहगीर घायल

**कासगंत, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार रात लगभग 11 बजे कासगंज-नदरई मार्ग पर ब्रज ढाबा के निकट सड़क पार कर रहे अजय पुत्र नरेंद्र निवासी मिर्जापुर कोतवाली सोरोंजी को वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले में विधिक कार्रवाई नहीं हुई है।

### वारंटी गिरफ्तार, भेजा जेल

**कासगंज, अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर न्यायालय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि आरोपी प्रेमपाल निवासी गांव तबालपुर को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेजा गया।

# सांड़ ने ग्रामीण पर किया हमला, मौत

## सदर क्षेत्र के गांव नगला तीधरी का मामला, पशुशाला में बंधी गाय को बचा रहा था ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- घायल को जिला अस्पताल से डॉक्टरों ने किया था रेफर
- अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज जाते समय रास्ते में तोड़ा दम



पोस्टमार्टम गृह पर बैठे शोकाकुल परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित पशुशाला में बंधी गाय को बचाते समय ग्रामीण पर सांड़ ने हमला कर दिया। घायल ग्रामीण को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां हालत में सुधार न होने पर उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। अलीगढ़ ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। ग्रामीण की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



मृतक हरी सिंह।

घटना सदर कोतवाली के गांव नगला तीधरी की है। गुरुवार रात 39 वर्षीय हरी सिंह पुत्र चिरंजीलाल के पशुशाला में सांड़ घुस गया। उसने गाय पर हमला कर दिया। गाय को बचाने के लिए हरी सिंह गए तो सांड़ ने उन पर हमला कर दिया। सांड़ ने उन्हें जमीन पर पटक दिया। उनकी चीख पुकार पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें बमुश्किल बचाया। गंभीर हालत में उन्हें उपचार के लिए परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजन उन्हें अलीगढ़ लेकर जा रहे थे कि रास्ते में उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना था कि घुमंतु गोवंशों का गांव में आतंक है। गोवंश आए दिन किसी न किसी पर हमला कर देते हैं। प्रशासन द्वारा गोवंशों को गोशाला में संरक्षित कराया। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि सांड़ के हमले से ग्रामीण की मौत है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है।

### तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

सांड़ के हमले में मृतक हरी सिंह परिवार में अकेले कमाने वाले थे। उनकी मौत के बाद तीन बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। उनकी एक बेटी 15 वर्षीय सरिता, एक बेटा 12 वर्षीय स्वार्थी, दूसरा बेटा 10 वर्षीय शिवम है। पत्नी आरती का रो-रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण यह घटना हुई है। पूर्व में कई बार शिकायत की जा चुकी है कि छुट्टा पशु खेतों में फसल बर्बाद कर रहे है। गांव में लोगों पर हमला कर रहे है। लेकिन किसी जिम्मेदार ने उनकी शिकायत पर गौर नहीं किया। नतीजा एक और ग्रामीण की जान चली गई।

# कहीं भी मदद को करें 112 पर कॉल, पहुंचेगी पुलिस

**कासगंज, अमृत विचार :** शुक्रवार को मिशन शक्ति अभियान के त हत टीम ने महिलाओं को घरेलू हिंसा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। महिलाओं और बच्चियों पर घरेलू परिवेश में अत्याचार कानूनन अपराध है। मिशन शक्ति के तहत महिला एवं बालिकाओं को घरेलू हिंसा के मामलों में पुलिस यूपी-112 या 1090 पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। इसके साथ ही मामूली विवादों में झूठे मुकदमें न लिखाने, महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वस्थ रिलेशनशिप एवं महिलाओं की सुरक्षा सहायता हेतु निर्मित न्यायिक कानूनों का दुरुपयोग एवं झूठे मुकदमों के परिणाम, साइबर हिंसा से बचाव के बारे में बताया। नशा मुक्ति संबंधित पंपलेट वितरित किए गए, इसके साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारे में चर्चा करते हुए जागरूक किया गया।

# कोहरे में भी रफ्तार भरेंगी ट्रेनें लगाया जा रहा फॉग सेफ्टी डिवाइस

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- रेलवे ने चालक परिचालक की सुविधा के मद्देनजर लिया निर्णय

**अमृत विचार :** अब सर्दी के मौसम में कोहरे के दौरान ट्रेनों की रफ्तार आंशिक भले ही कम हो जाए, लेकिन पूरी तरह नहीं थमेगी। कारण है कि फॉग सेफ्टी डिवाइस सभी ट्रेनों में लगाए जा रहे हैं। कासगंज से रफ्तार भरने वाली सभी ट्रेनें फॉग सेफ्टी डिवाइस से लैस की जा रही हैं।यह डिवाइस चालक परिचालकों की मदद करेंगे। पहले ही सिग्नल का इशारा कर देंगे।

सर्दियों का मौसम शुरू हो गया है और इस मौसम में पड़ने वाला कोहरा एक तरफ जहां आम लोगों को परेशान करता है। वहीं, इसका बड़ा असर रेल यातायात पर भी पड़ता है। घने कोहरे की वजह से विजिबिलिटी काफी कम हो जाती है और ऐसे में ट्रेनों को चलाना बड़ा ही मुश्किल भरा काम होता है। घने कोहरे के कहर से बचने के लिए रेलवे तमाम तरह के इंतजाम करता रहता है ताकि ट्रेनों को सुरक्षित तरीके से चलाया जा सके। घने कोहरे के दौरान ट्रेनों को सुरक्षित तरीके से चलाने के लिए भारतीय रेलवे फॉग सेफ डिवाइस का इस्तेमाल करता है। इससे लोको पायलट को ट्रेन चलाने में काफी मदद मिलती है।

### इस तरह करता है काम

फॉग सेफ डिवाइस एक बैटरी ऑपरेटेड यंत्र होता है, जिसे ट्रेन के इंजन में रखा जाता है। इसमें जीपीएस की भी सुविधा होती है। इस यंत्र में एक वायर वाला एंटीना होता है, जिसे इंजन के बाहरी हिस्से में फिक्स कर दिया जाता है। यह एंटीना इस डिवाइस में सिग्नल को रिसीव करने के लिए लगाया जाता है। इसमें एक मेमोरी चिप लगी होती है, जिसमें रेलवे का रूट फिक्स होता है।

> सभी ट्रेनों में फॉग सेफ डिवाइस लगाए जा रहे हैं। कासगंज जंक्शन से गुजरने वाली और चलने वाली सभी ट्रेनों में डिवाइस लगाए जाने हैं। अधिकांश ट्रेनों में डिवाइस लगाया जा चुके हैं।
>
> - राजेंद्र सिंह, पीआरओ रेलवे

# मोहिनी हत्याकांडः आरोपी अधिवक्ता विवेचना से संतुष्ट नहीं, बदलने की मांग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- तारीख पर अधिवक्ताओं ने कोर्ट से किया विवेचना बदलने का अनुरोध
- एसीजीएम न्यायालय ने एसपी से की विवेचक को बदलने की संस्तुति

**अमृत विचार :** अधिवक्ता मोहिनी हत्याकांड के मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी अधिवक्ता विवेचना से संतुष्ट नहीं है। उन्होंने विवेचना बदलने की मांग न्यायालय से की है। न्यायालय ने इस मामले में एसपी से कार्रवाई की संस्तुति कर दी है। हालांकि अभी विवेचना नहीं बदली गई है।

बीते सितंबर को अधिवक्ता मोहिनी तोमर न्यायालय के मुख्य द्वार से लापता हो गई थी। चार सितंबर को उनका शव गोरहा नहर के रजपुरा गांव के समीप मिला। परिजनों ने शव की शिनाख्त की। अधिवक्ता की हत्या के बाद साथी अधिवक्ताओ में आक्रोश पनप गया। कई दिनों तक हड़ताल की। मामला तूल पकड़ता रहा। पुलिस ने इस मामले में आरोपी अधिवक्ता मुस्तफा कामिल, मुनाजिर रफी, केशव मिश्रा, असद मुस्तफा, हैदर मुस्तफा और सलमान को जेल भेज दिया। बाद में एक ओर नया मोड़ आया। मामले में एक महिला और पुरुष को जेल भेजा गया। दोनों आरोपी ने सुपारी किलर सुनील फौजी और रजत सोलंकी का नाम लिया, लेकिन यह दोनों आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके। इससे पुलिस की मुसीबत बढ़ गई। अब जेल में बंद आरोपी अधिवक्ताओं ने पुलिस पर सवाल उठाए हैं।

### आखिर कैसे लगेगी चार्जशीट

चार्जशीट दाखिल करने के लिए घटना के बाद 90 दिन का समय होता है। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी सुनील उर्फ फौजी है जो इस समय फरार है। ऐसे में तीन दिसंबर को 90 दिन पूरे हो जाएंगे। ऐसे में चार्जशीट दाखिल करना पुलिस के लिए मुश्किल साबित हो रहा है।

> चार्जशीट लगने का समय नजदीक आ गया है। न्यायालय ने विवेचना बदलने के लिए संस्तुति की है। उच्चधिकारी विचार कर रहे हैं।
>
> - राजेश भारती, एएसपी

# जुमे पर जिले भर में बरती गई विशेष सतर्कता

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः



अमांपुर में पैदल गश्त करते थानाध्यक्ष चंचल सिरोही व पुलिस बल।



गश्त करते एएसपी राजेश भारती व सीओ आंचल सिंह चौहान।

- एसपी ने जिले भर में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था पर रखी नजर

**अमृत विचार :** संभल की घटना को लेकर शुक्रवार सुबह से ही पुलिस की टुकडियां गश्त करती देखी गई। जुमा होने के चलते मस्जिदों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया। एसपी ने जिले भर में भ्रमण कर नजर रखी।

संभल में हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद पुलिस कई दिनों से अलर्ट है। मिश्रित आबादी वाली बस्तियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। शुक्रवार को जिले की नमाज के चलते विशेष सतर्कता बरती गई। जिले भर के मुस्लिम बाहुल्य कस्बे व बस्तियों में विशेष एहतियात बरती गई। सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस पिकेट लगाई गई। नमाज स्थलों पर पीएसी बल तैनात किया गया। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने जिले भर में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी। शहर में एएसपी राजेश भारती एंव सीओ सदर आंचल सिंह चौहान, इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने पुलिस बल के साथ मुस्लिम बस्तियों में भ्रमण किया। मिश्रित आबादी बाली बस्तियों में पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। सहावर में एसडीएम एंव शाहिदा नसरीन, पटियाली एसडीएम विमल कुमार, सीओ राजकुमार पांडेय ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान सभाली। एएसपी ने बताया कि संभल की घटना को लेकर प्रदेश के साथ साथ जिले में भी अलर्ट रहा। जुमे की नमाज शांति व्यवस्था के बीच संपन्न हुई।

### पैदल मार्च कर नगर की सुरक्षा व्यवस्था को परखा

**कासगंज।** अमांपुर कस्बे में जुमे की नमाज पर कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक व अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारतीय के दिशा-निर्देश पर एवं सीओ सहावर शाजिदा नसरीन के नेतृत्व में पुलिस ने पैदल मार्च कर नगर की सुरक्षा व्यवस्था को परखा। कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों में शांतिपूर्वक जुमा की नमाज अदा की गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंचल सिरोही ने पुलिस बल के साथ कस्बे में पैदल भ्रमण कर लोगों से बातचीत की।

# शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए रोजाना दौड़ लगाएं पुलिसकर्मी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- एसपी ने पुलिस लाइन में सप्ताहिक परेड का किया निरीक्षक
- पुलिस लाइन में व्यवस्थाओ को लेकर आरआई को दिए निर्देश



निरीक्षण के बाद पीआरबी के वाहनों को देखतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

**अमृत विचारः** शुक्रवार को एसपी ने पुलिस लाइन में सप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। परेड की सलामी ली, पुलिस कर्मियों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के लिए आरआई को निर्देशित किया।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक शुक्रवार की सुबह निर्धारित कार्यक्रम के तहत सप्ताहिक परेड के निरीक्षक को पुलिस लाइन पहुंची। जहां उन्हें गारद की सलामी दी गई। एसपी ने परेड का निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों को स्वस्थ्य बने रहने के लिए प्रतिदिन दौड़ लगाने। साथ ही अच्छा एंव गुणवत्ता का भोजन करने को सुक्षाव दिया। उन्होंने कहाकि शरीर का स्वस्थ होना एक पुलिस कर्मी के लिए बहुत जरुरी है। एसपी ने अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के लिए टोली वायज ड्रिल कराई। इसके बाद पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था देखी। भोजनालय, बैरक का भी निरीक्षण किया। उन्होंने दंगा नियंत्रण उपकरणों की नियमित रुप से सफाई करने के निर्देश आरआई को दिए।एसपी ने आरआई से कहाकि पुलिस लाइन में रह रहे पुलिस कर्मियों की सुविधा का ध्यान रखा जाए। पुलिस मैनूअल के अनुसार सुविधा दी जाए। इस मौके पर सीओ आंचल सिंह चौहान पुलिस लाइन एंव पुलिस कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



सिढपुरा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के दौरान नव युगल। ● अमृत विचार

# दांपत्य सूत्र में बंधे 50 नवयुगल

संवाददाता, सिढपुरा

- जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने दिया आशीष
- सिढपुरा में हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम

**अमृत विचार :** सिढपुरा के एटा रोड स्थित बृज फार्म हाउस में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम हुआ। जिसमें पटियाली तहसील क्षेत्र के विकास खंडो के 50 नवयुगल दांपत्य सूत्र में बंधे। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नवयुगलों को आशीष दिया।

विवाह कार्यक्रम में जिलापूर्ति अधिकारी अरुण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक योजना सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। योजना के अंतर्गत सभी धर्मों और वर्गों की निर्धन कन्याओं के विवाह की व्यवस्था है। सरकार की योजना के अंतर्गत निर्धारित दान भी दिया जाता है। बेसिक शिक्षाधिकारी सूर्यप्रताप सिंह ने योजनाओं की सराहना करते हुए नवयुगलों को आशीष दिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रशांत गुप्ता ने सुखी दांपत्य जीवन की कामना की। इस मौके पर सिढपुरा विकास खंड के 12 पटियाली के नौ, गंजडुंडवारा के 18 नगरीय क्षेत्र गंजडुंडवारा नौ, नगरीय क्षेत्र पटियाली के दो कुल 50 नवयुगल दांपत्य सूत्रों में बंधे। इस मौके पर वर वधु पक्ष के लोग और परिवारवाले मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### फर्जीवाड़ाः जांच में खुल सकती है जालसाजी की और परतें

**कासगंज, अमृत विचार :** फर्जी पत्र के आधार पर हुई नियुक्तियों ने पूरे जिले में खलबली मचा दी है। कासगंज ही नहीं बल्कि पड़ोसी जिला एटा में भी बैचनी बनी हुई है। क्योंकि अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई एटा में हुई है, जबकि कासगंज में कमेटी जांच कर रही है। जांच में जालसाजी की ओर भी परतें खुलना तय माना जा रहा है। कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर ही नहीं बल्कि तहसील कार्यालयों में भी भ्रष्टाचार हावी। कई बार अधिवक्ता तहसील के अधिकारियों पर घूंस खोरी का आरोप लगाकर आंदोलन भी कर चुके हैं। कासगंज कलेक्ट्रेट पर तैनात 11 कर्मचारियों में सात रिटायर्ड हो गए हैं। एक की मौत हो गई, जबकि तीन कार्यरत हैं। एडीएम राकेश पटेल के नेतृत्व में टीम जांच कर रही है। जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। वहीं चर्चा इस बात की है यदि बिंदुवार जांच हुई तो जालसाजी की ओर भी परतें खुल कर सामने आ सकती हैं। इस फर्जीवाड़े के बाद पूरे जिले में खलबली मची हुई है। लोगों का मानना है कि एक स्पेशल टीम बनाकर तहसील कार्यालयों की भी जांच करानी चाहिए। यहां भी फर्जीवाड़े और घोटालों की परतें खुल सकती है। एडीएम राकेश पटेल ने बताया कि कमेटी जांच कर रही है। संबंधित दस्तावेज जुटाए जा रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट जिलाधिकारी को दे दी जाएगी।

### पात्र किसानों तक पहुंचाएं योजनाओं का लाभःडीएम



**कासगंज, अमृत विचार :** राष्ट्रीय कृषि विकास योजनांतर्गत संचालित वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास योजना के तहत गठित जिला मिशन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के लिए निर्देशित किया गया। शुक्रवार को हुई भूमि संरक्षण अधिकारी व जिला कृषि अधिकारी डॉ. अवधेश मिश्र ने बताया कि जनपद में विकास योजना संचालित है। जिसमें वाहिदपुर माफी क्लस्टर, विकास खंड कासगंज का चयन कर लाभार्थी कृषकों को फसल पद्धति, पशुधन एवं वैल्यू एडिशन के अंतर्गत वर्मी कंपोस्ट एवं मधुमक्खी पालन यूनिट की स्थापना के लिए 30000 रुपये तक का अनुदान दिया जाएगा। सदर विधायक देवेंद्र राजपूत ने विकासखंड सोरों के ग्राम खड़िया का चयन कर समिति के समक्ष अनुमोदन के लिए रखा गया। उप कृषि निदेशक महेंद्र सिंह ने बताया कि 4 दिसंबर से जनपद की 242 ग्राम पंचायतों में किसान पाठशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कृषि विभाग एवं कृषि से संबंधित सभी विभागों की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य शुरू हो रहा है। फार्मर रजिस्ट्री 31 दिसम्बर 2024 तक बन जायेगी। उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### बकाएदार का कनेकशन काटने गई टीम पर हमला

**कासगंज, अमृत विचार :** कस्बा अमांपुर के मोहल्ला कसाई में बकाए की वसूली करने और विद्युत चेकिंग के लिए पहुंची विद्युत निगम की टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। उनके साथ हाथापाई की। मामले में जेई ने नामजद सहित अज्ञातों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है। अमांपुर विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता रामजीतराम ने बताया कि उनके नेतृत्व में कर्मचारियों की टीम कस्बे के कसाई वाली गली में विद्युत चेकिंग करने के लिए गई थी। मोहल्ले मुसरित बेगम का कनेक्शन बकाया होने के कारण पूर्व में काटा गया था, लेकिन वह कटे कनेक्शन को जोड़कर बिजली का उपयोग कर रहीं थी। कर्मचारियों ने जब पुन: कनेक्शन काटने का प्रयास किया तो मुशीर पुत्र सत्तार, शहबाज पुत्र मुसरूम ने अज्ञात लोगों की भीड़ के साथ कर्मियों से हाथापाई की और जान से मारने की धमकी दी। जेई ने बताया कि मामले में कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी गई है। थानाध्यक्ष चंचल सिरोही का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**प्राकृतिक परिवेश** विदेशी परिंदे सात समंदर पार कर दरियावगंज झील पर पहुंच रहे

# विदेशी पक्षी पानी में करेंगे अठखेलियां, लोग होंगे आकर्षित

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



दरियावगंज झील पर हवा में अठखेलियां खेलते पक्षी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रंग बिरंगे पक्षी भला किसे अच्छे नहीं लगते। इनकी चहचहाहट वातावरण को संगीत मय बना देती है। कभी पानी में अठखेलियां खेलते तो कभी हवा में उड़ान भरते हैं। पक्षी प्रेमी इन्हें देख आकर्षित हो जाते हैं। विदेशी परिंदे सात समंदर पार कर कासगंज की दरियावगंज झील पहुंच रहे हैं।

नैसर्गिक सुंदरता सहेजे जिले की दरियावगंज झील पर मेहमान परिंदों के लिए अब आकर्षण का केंद्र बनने लगी है। झील पर धीरे-धीरे पक्षियों की आवक शुरू हो गई है। यहां चाइनीज और ताइबानी पक्षियों की कई प्रजातियों का आगमन हो चुका है। आने वाले समय में अभी और भी मेहमान परिंदों की आवक होनी है। इन मेहमानों की मेजबानी में वन विभाग लग गया है। पक्षियों के संरक्षण के लिए वन विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है। नीले आसमान के तले पानी में पक्षी अठखेलियां कर रहे हो तो दृश्य आकर्षण का केंद्र बन ही जाता है। इसी तरह का आकर्षण अब दरियावगंज झील पर होने लगा है। इस झील पर विदेशी पक्षियों का आगमन होने लगा है। जैसे जैसे मौसम सर्द हो रहा है वैसे वैसे पक्षी सात समंदर पार कर जिले की आबोहवा का लुत्फ उठाने के लिए आने लगे हैं। फिलहाल चीन और ताइबान से कुछ प्रजातियों के पक्षी दरियावगंज झील पर आ गए हैं। विदेशी पक्षियों के संरक्षण के लिए वन विभाग योजना तैयार कर चुका है। दरियावगंज झील पर पक्षियों की निगरानी दूरबीन से कराई जाएगी। पटियाली रेंज के अफसरों को अभी से निगरानी की जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

### इन प्रजातियों के पक्षी आए

चीन से ग्रलैग गूज, पिनटेन, कूट्स, पर्पल मोरेन, ताइबान से पेंटेट स्टार्स आदि प्रजातियों के पक्षियों की आवक हो गई है, जबकि स्वदेशी पक्षी सारस, बगुला, जलमुर्गी सहित अन्य प्रजातियों के पक्षी यहां पहले से ही पानी में कलरव कर रहे हैं। विदेशी पक्षी अफ्रीका, अमेरिका, न्यूजीलैंड, हिमालय पर्वत सहित अन्य क्षेत्रों से पक्षी दीपावली पर्व तक दरियावगंज झील में आ जाते हैं और फिर पूरी सर्दी के मौसम में यहां पानी में अठखेलियां कर आकर्षण बढ़ाते हैं।

> चाइनीज और ताइबानी पक्षियों का आगमन शुरू होने लगा है। जैसे-जैसे मौसम और सर्द होगा पक्षी दरियावगंज झील पर बढ़ जाएंगे। सर्द मौसम पक्षियों को सुहाता है। पक्षियों का संरक्षण करने की पूरी तैयारी है।
>
> - अपूर्व दीक्षित, डीएफओ

# जिला सेवा योजन विभाग आज लगाएगा वृहद रोजगार मेला

**कासगंज, अमृत विचार :** जिला सेवा योजन विभाग लगाएगा 30 नवंबर को वृहद रोजगार मेला का आयोजन वीके जैन कॉलेज ऑफ एजुकेशन पर होगा। जिलाधिकारी मेधा रूपम और जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप ने बैठक कर रोजगार के लिए युवाओं तक मेले की जानकारी पहुंचाने लिए कहा। वहीं प्रचार प्रसार के लिए निर्देश दिए। मेले में 18 कंपनियां फ्लिपकार्ट, एम आर एफ टायर्स फोनपे डिक्सन टेक्नोलॉजी आदि द्वारा 18 से 35 वर्ष आयु तक के हाइस्कूल, इंटर स्नातक तथा आईटीआई उत्तीर्ण युवक युवतियां के चयन किया जाएगा।नोडल अधिकारी सेवायोजन अधिकारी एस मित्तल ने बताया कि 18 कंपनियों द्वारा 950 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर चयन किया जाएगा।

पंचैव पूजयन् लोके यश : प्राप्नोति केवलं।
देवान् पितॄन् मनुष्यांश्च भिक्षून् अतिथि पंचमान्॥

देवता, पितर, मनुष्य, भिक्षुक तथा अतिथि-इन पांचों की सदैव सच्चे मन से पूजा-स्तुति करनी चाहिए। इससे यश और सम्मान प्राप्त होता है।

## संपादकीय

# राष्ट्रीय सुरक्षा पर मंथन

तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में हमें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने की आवश्यकता है। हमें न केवल अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखना है, बल्कि साइबर युद्ध और आतंकवाद जैसी नई राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों के लिए भी तैयार रहना है। देश आगे बढ़ रहा है और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत के विकास को दुनिया स्वीकार कर रही है। परंतु भारत की भू-राजनैतिक स्थिति, इसके पड़ोसी कारक, विस्तृत एवं जोखिम भरी स्थलीय, वायु और समुद्री सीमा के साथ देश के ऐतिहासिक अनुभव इसे सुरक्षा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील बनाते हैं। आज हालात ऐसे हैं कि बाह्य और आंतरिक सुरक्षा में भेद करना कठिन हो गया है। हमारी सुरक्षा को वास्तविक खतरा गुप्त कार्रवाइयों, विद्रोही और आतंकवादी गतिविधियों से है। ऐसे में भुवनेश्वर में शुक्रवार से शुरू हुआ अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों का सम्मेलन देश के आंतरिक सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ाने पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण है कि तीन दिवसीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाग ले रहे हैं। आंतरिक सुरक्षा का सामान्य अर्थ एक देश की अपनी सीमाओं के भीतर की सुरक्षा से है। आंतरिक सुरक्षा बहुत पुरानी शब्दावली है, लेकिन समय के साथ ही इसके मायने बदलते रहे हैं।

स्वतंत्रता से पूर्व जहां आंतरिक सुरक्षा के केंद्र में धरना-प्रदर्शन, रैलियां, सांप्रदायिक दंगे, धार्मिक उन्माद थे तो वहीं स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं तकनीकी की विकसित होती प्रणालियों ने आंतरिक सुरक्षा को अधिक संवेदनशील और जटिल बना दिया है। आज भारत में आंतरिक सुरक्षा के लिए आतंकवाद, उग्रवाद, सांप्रदायिक हिंसा, साइबर हमले, संगठित अपराध व अलगाववादी आंदोलन जैसी कई चुनौतियां हैं। निश्चित ही सरकार ने इस दिशा में आंशिक प्रयास जरूर किए हैं, जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी की स्थापना, भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की स्थापना, रक्षा नियोजन समिति की स्थापना आदि, लेकिन ये सभी निकाय अपने-अपने स्तरों पर कार्यरत हैं। आवश्यकता है ऐसी नीति और संरचना की जो इन सभी को एक साथ लेकर चले। आंतरिक सुरक्षा को बेहतर करने के लिए सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्तर से लेकर स्थानीय स्तर तक खुफिया तंत्र में तत्काल सुधार की आवश्यकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद और सुरक्षा पर गठित कैबिनेट समिति को पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई से उत्पन्न सुरक्षा खतरों के खिलाफ एक प्रभावी जवाबी रणनीति तैयार करनी चाहिए। हमारी रणनीति प्रतिक्रियाशीलता के बजाय अधिक सक्रियता की होनी चाहिए। संगठित अपराध से निपटने के लिए अंतर्राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्राप्त करने की दिशा में कार्य करना चाहिए। केंद्र सरकार को सभी राज्य सरकारों को उनके द्वारा सुरक्षा प्रबंधन के विषय को प्राथमिकता देने की आवश्यकता के संदर्भ में जागरूक किया जाना चाहिए।

# विद्या केंद्रों तक ही सीमित नहीं नैतिक बोध



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

क्या हमने कभी इस बारे में विचार किया है कि देश - दुनिया में जो भी वैश्विक संकट या चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, उनके मूल में बड़ों की दुनिया द्वारा किए जा रहे कृत्य ही हैं। यह भी कि ज्यादातर दुनियावी संकट जिन कारणों से पैदा हुए हैं, उन्हीं में उनका समाधान भी निहित है।

"बच्चों को शिक्षा के जरिए संस्कार नहीं दिए जा रहे।" एक यात्रा के दौरान ऐसा मेरे सहयात्री का कथन था। "यह आप किस आधार पर कह रहे हैं?"- मैंने प्रश्न किया। उनका जवाब था "यह हम इसलिए कह सकते हैं कि आजकल जहां देखिए वहां पर्यावरण से खूब छेड़छाड़ की जा रही है। प्राकृतिक संपदाओं का भरपूर दोहन हो रहा है। हम लोग जहां भी जाते हैं कचरा-गंदगी फैलाकर निकल आते हैं। हर पर्यटन स्थल पर यही आलम है। सरकारी संपत्तियों का लोग किस कदर दुरुपयोग कर रहे हैं यह दिखता ही है। कदाचित अपवादों को छोड़ दें तो नैतिक अवमूल्यन भी यत्र-तत्र प्रदर्शित है। यह सब शिक्षा का दोष नहीं है तो आकइर किसका है?"

मित्र का यह आक्षेप कई मुद्दों पर पुनर्विचार की आवश्यकता का अनुभव करा रहा था। यह कि क्या वाकई स्कूल बच्चों में अपेक्षित संस्कारों व मूल्यों का विकास नहीं कर पा रहे हैं? अगर ऐसा नहीं हो पा रहा है तो क्या इसके लिए सिर्फ स्कूल ही जिम्मेदार या जवाबदेह हैं? क्या इस संबंध में पारिवारिक और सामाजिक दायित्व बिल्कुल नहीं हैं? शिक्षा को किसी भी समाज के निर्माण की धुरी कहा जाता है, जिसका उद्देश्य शिक्षार्थी की अंतर्निहित शक्तियों का प्रकटीकरण करते हुए उसे सामाजिक विकास हेतु उपयुक्त व सक्षम बनाना होता है।

इस हेतु शिक्षा प्रारंभिक वर्षों से ही बच्चों के संज्ञानात्मक, भावात्मक एवं कौशलात्मक विकास का प्रयास करती है। अध्ययनकाल में बच्चे विषयगत ज्ञान-कौशलों को प्राप्त करते हैं। अपने भीतर छिपी प्रतिभाओं को तराशते हैं। सामाजिकता के सबक सीखते हैं तथा सामाजिक विकास में योगदान के हुनर अर्जित करते हैं। शिक्षा में उत्तरोत्तर सुधार हेतु समय-समय पर गठित आयोग और शिक्षा नीतियां अपने नीति- निर्देशक तत्वों द्वारा यह मार्गदर्शन करती है कि शिक्षा के द्वारा किस प्रकार के नागरिकों का निर्माण किया जाए और इसके तरीके क्या हों? उद्देश्य यही होता है कि शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र के संवैधानिक स्वरूप के अनुरूप व्यक्तित्वों का निर्माण हो। इस उद्देश्य को वास्तविकता के धरातल पर उतारने हेतु शिक्षा का एक बड़ा ढांचा संगठित तथा योजनाबद्ध प्रयास करता है, जिसमें विद्यालय प्रमुख एवं प्रभावी भूमिका का निर्वाह करते हैं।

देश और समाज की चिंताएं सिर्फ व्यक्तिगत बयानों और फोटोग्राफी तक सीमित न रहें। गंभीरतापूर्वक उनके पूर्णकालिक व सामूहिक समाधान खोजे जाएं तथा सामूहिकता एवं प्रतिबद्धता पूर्वक बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में साधनों-संसाधनों का प्रयोग सीमित किया जाए।

परिणामस्वरूप एक शिक्षित एवं विकसित समाज आकार लेता है, पर यहां यह विचारणीय बिन्दु यह है कि क्या सामाजिकता के सारे सबक स्कूल में ही सीखे-सिखाए जाते हैं? क्या विद्यालय ही सीखने-सिखाने के एकमात्र अभिकरण हैं? निःसंदेह नहीं। सीखना-सिखाना एक ऐसी प्रक्रिया है, जो निरंतरता के साथ चलती रहती है। हर समय, हर जगह। वह भी घोषित-अघोषित तमाम माध्यमों के द्वारा।

बेशक विद्यालय इस हेतु सर्वमान्य और सर्वस्वीकृत संस्था हैं, पर विद्यालय के उपरांत पूरा समय शिक्षार्थी विभिन्न व्यक्तियों, संदर्भों, साधनों-संसाधनों और माध्यमों के संपर्क में आता है। ये सभी माध्यम प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से शिक्षार्थी की सोच-समझ को प्रभावित करते हैं। इनमें से कुछ विद्यालय में सीखी-जानी बातों का समर्थन करते हैं, कुछ नहीं। विशेषकर मूल्य ,मान्यताओं और संस्कारों के संदर्भ और इन संदर्भों की आधी-अधूरी, अधकचरी या भ्रामक जानकारी ही व्यवहारगत असंगति, विसंगति या अवमूल्यन के रूप में समाज के सामने आती है।

पहले बात करते हैं मूल्यों की। मूल्य वे मार्गदर्शक सिद्धांत हैं, जिनका दैनन्दिन जीवन में अनुपालन हमें सही अर्थों में 'इंसान' बनाता है। इस दृष्टि से देखें तो 'मूल्य शिक्षा' किसी भी व्यक्ति को 'पशुवत व्यवहार' से 'मनुष्यता' की ओर ले जाने की यात्रा है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु शिक्षा में प्रत्येक स्तर पर कार्य किया जाता है। इसका परिणाम समाज में मानवीय मूल्यों को समर्पित तमाम व्यक्तित्वों के रूप में हमारे सामने आता है। इसके इतर मूल्यहीनता के भी उदाहरण यदा-कदा हम सबके अनुभव में आते रहते हैं। निश्चित तौर पर दुनियाभर में विद्यालय नाम की कोई भी संस्था मूल्यहीनता का न तो समर्थन करती है और न ही ऐसे किसी भी आचरण की सीख देती है। यह विद्यालय की परिधि के बाहर की दुनिया का ही बुना गया जाल होता है, जो किसी के मन-मस्तिष्क को दुष्प्रवृत्तियों में उलझा लेता है। नतीजा यह कि जो एक बार इस जाल में उलझा फिर उसका बाहर निकल पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। यहां समाज के हर वर्ग और व्यक्ति की ज़िम्मेदारी होती है कि मानवीय मूल्यों का समर्थन और प्रोत्साहन करे तथा कहीं भी कुछ इसके विपरीत हो रहा है, तो उसके सुधार हेतु प्रयास करे।

अब बात करते हैं सामाजिक मान्यताओं और संस्कारों की। संस्कार का आशय होता है व्यक्ति को सामाजिक मानकों और मान्यताओं के अनुरूप ढालना। व्यक्ति को समाज में रहने के उपयुक्त बनाना। उसके मन, मस्तिष्क और शरीर को पवित्र बनाना तथा ऐसे गुणों का विकास करना कि व्यक्ति सामाजिक नियमों के अनुरूप विकसित हो तथा सामाजिक विकास में सकारात्मक योगदान दे। शिक्षा प्रारंभिक वर्षों से ही बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल देती है। इसके लिए शिक्षार्थी को संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी क्रियाकलापों से होकर गुजरना पड़ता है। शिक्षकों की देखरेख में विद्यालय इस हेतु उपयुक्त वातावरण भी प्रदान करते हैं। इसी का परिणाम होता है कि ज्ञान-विज्ञान, कला-शिल्प, खेलकूद जैसे क्षेत्रों में विभिन्न बाल प्रतिभाएं उभर कर आती हैं।

यहां हम पुनः इस बात पर आते हैं कि फिर चूक कहां रह जाती है? एक विद्वान का कथन है कि " बच्चों को जो सिखाते हैं, उस पर बड़े स्वयं अमल करें तो यह पृथ्वी स्वर्ग बन जाए।" जाहिर सी बात है कि चूक बड़ों के स्तर से होती है और बड़ी तत्परता से इसका जिम्मेदार शिक्षा को ठहरा दिया जाता है। विचार करें कि हम अपने आसपास जो भी नियम विरुद्ध चीजें होते देखते हैं, उन्हें कौन कर रहा होता है? निश्चित तौर पर अधिकांश बड़े ही। बच्चे बहुत ही कम, जो कि समझा देने पर प्रायः उसकी पुनरावृत्ति नहीं करते, लेकिन बच्चे लगातार बड़ों की दुनिया में सामाजिक नियमों का उल्लंघन तथा स्कूली शिक्षा के विपरीत आचरण किया जाते हुए देख रहे होते हैं। छल-फरेब, प्रपंच, भाषा का गिरता स्तर, अश्लीलता, हिंसा, अनाचार जैसे तमाम अवांछित दृश्य चाहे- अनचाहे बच्चों के सामने से गुजरते रहते हैं, जो उनके मन-मस्तिष्क को नकारात्मक संदेश दे रहे होते हैं। यह वह समय होता है जब बच्चे विद्यालय में सिखाई जा रही बातों और परिवेश में घट रही घटनाओं का तुलनात्मक विश्लेषण करते हैं और उनमें बहुधा विरोधाभास पाते हैं। जिन परिवारों में बच्चों से स्वस्थ संवाद की परंपरा होती है, वहां बच्चों की उक्त विषयक जिज्ञासाओं का तार्किक समाधान कर दिया जाता है। तब, विचारणीय यह है कि क्या इसका कोई हल है? निश्चित रूप से हल है। क्या हमने कभी इस बारे में विचार किया है कि देश - दुनिया में जो भी वैश्विक संकट या चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, उनके मूल में बड़ों की दुनिया द्वारा किए जा रहे कृत्य ही हैं। यह भी कि ज्यादातर दुनियावी संकट जिन कारणों से पैदा हुए हैं, उन्हीं में उनका समाधान भी निहित है। जरूरत सिर्फ यह है कि बड़े अपने आचरण में उन बातों को पूरी ईमानदारी से उतारें, जो विद्याकेंद्रों ने सिखाई-बताई थीं।

देश और समाज की चिंताएं सिर्फ व्यक्तिगत बयानों और फोटोग्राफ़ी तक सीमित न रहें। गंभीरतापूर्वक उनके पूर्णकालिक व सामूहिक समाधान खोजे जाएं तथा सामूहिकता एवं प्रतिबद्धता पूर्वक बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में साधनों- संसाधनों का प्रयोग सीमित किया जाए। साधनों - संसाधनों के दोहन से ज्यादा उनके संरक्षण और संवर्धन पर ध्यान दिया जाए। वसुधैव कुटुंबकम् का नारा पूरी दुनिया को देने वाले हम स्वयं भी इस पर अमल करें। प्राकृतिक और सरकारी संपदाओं का संरक्षण हम सबका व्यक्तिगत दायित्व तथा नैतिक जिम्मेदारी है। शिक्षा किसी भी व्यक्ति के व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन है। अगर हम इस बदलाव का रचनात्मक हिस्सा नहीं हैं, तो यह हमारा व्यक्तिगत दोष है, शिक्षा का नहीं। यह सिलसिला लंबा है। हर चीज एक ओर, आदमी की अच्छाई-बुराई एक ओर, अक्सर वही भारी पड़ती है। वैसे देखा जाए तो न कोई बुरा होता है, न अच्छा। बस, कुछ लोग कमजोर होते हैं और कुछ मजबूत और कमजोरी व मजबूती का फर्क भी प्रायः मात्रा का होता है, गुण का उतना नहीं।

## प्रसंगवश

# अब भी क्यों इतने पसंद किए जाते हैं जिम्मी अमरनाथ

मोहिन्दर अमरनाथ ने जब वेस्ट इंडीज के खिलाफ जनवरी, 1988 में अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला था तब तक विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत का जन्म नहीं हुआ था। इसके बावजूद मोहिन्दर अमरनाथ के चाहने वाले अब भी कम नहीं हैं। वह सत्तर वसंत देख चुके हैं। मोहिन्दर अमरनाथ को उनके चाहने वाले जिम्मी पाजी भी कहते हैं। वे एक अर्से के बाद फिर अपने शहर दिल्ली लौटे। मौका था उनकी आत्मकथा का बीते गुरुवार को विमोचन का, उन्होंने 1993 में दिल्ली से मुंबई शिफ्ट कर लिया था।



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

मोहिन्दर अमरनाथ जब 19 साल से कम के थे तब उन्हें आस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई टेस्ट के लिए चुना गया था। अपने पहले ही टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया के दो बेहतरीन बल्लेबाजों किथस्टेकपॉल और इटयान चैपल को आउट करने के बाद भी मोहिन्दर अमरनाथ को अपने दूसरे टेस्ट को खेलने के लिए सात साल का लंबा इंतजार करना पड़ा था। उनकी क्रिकेट के मैदान में बेहतरीन कामयाबियों के साथ-साथ क्रिकेट की बारीकियों की समझ भी असाधारण है। वे जब क्रिकेट पर अपनी बात रखते हैं, तो उसका मतलब होता है। वे सच बोलने में यकीन रखते हैं। बेशक से किसी को बुरा लगे। उनके चाहने वालों में भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर भी हैं।

मोहिन्दर अमरनाथ की आत्मकथा के विमोचन के मौके पर उन्होंने कहा कि "वे स्कूल में पढ़ रहे थे जब मोहिन्दर अमरनाथ ने अपना पहला टेस्ट खेला था। वे उन्हें तब से फॉलो कर रहे हैं। मोहिन्दर अमरनाथ की क्रिकेट काम तलब है दृढ़ता, साहस और धैर्य"। सुनील गावस्कर कहते हैं, "मोहिन्दर अमरनाथ अपने युग के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज थे, लेकिन अजीब तरह से, उन्हें भारतीय टीम से बार-बार बाहर कर दिया गया और बाद में वे अपनी वापसी के लिए प्रसिद्ध हुए, जिससे उन्हें 'कमबैक किंग' का उपनाम मिला। वे एक ऐसे खिलाड़ी थे, जिसने झुकना नहीं सीखा था।" मोहिन्दर अमरनाथ कहते हैं, "मेरे क्रिकेट करियर में कई उतार-चढ़ाव आए, जिन्हें समझाना मुश्किल है, लेकिन जिसने मुझे समझदार और मजबूत बनाया। मैंने कठिन परिस्थितियों में, सभी बाधाओं के खिलाफ दबाव को बेहतर तरीके से संभालना सीखा। क्रिकेट ने मेरे सपनों को पूरा किया। भारत के क्रिकेट प्रेमियों को मुझ पर बहुत विश्वास था और इसने मुझे गरिमा और गर्व के साथ हर कठिन परिस्थिति से लड़ते हुए आगे बढ़ाया। मैं लगातार पेशेवर रूप से काम करने में विश्वास करता हूं, असफल होने पर बहाने नहीं ढूंढता, और गलतियों से सीखता हूं। साथ ही हार में भी सामान्य रहता हूं।"

मोहिन्दर अमरनाथ ने दिल्ली के रेलवे स्टेडियम और कोटला में खूब क्रिकेट खेली। अब भी बहुत से लोगों को याद होगा जब वे किसी मैच से पहले तिपहिया स्कूटर पर कोटला पहुंचते थे अपने बड़े भाई सुरेन्द्र अमरनाथ के साथ। मैच खत्म होने के बाद वापस भी दोनों भाई तिपहिया स्कूटर पर ही घर जाते। उन्हें तिपहिया पर बैठने से पहले उनके कुछ फैन्स सलाह भी दिया करते थे कि उन्हें किस तरह से बल्लेबाजी या गेंदबाजी करनी चाहिए। दोनों भाई ध्यान से अपने चाहने वालों की बातें सुनते और हाथ मिलाकर निकल लेते। बहरहाल,तेज गेंदबाजों का बेखौफ होकर मुकाबला करना तो कोई मोहिन्दर अमरनाथ से सीखे। उन्हें दुनिया का कोई भी तेज गेंदबाज डरा नहीं सका था। वे मूल रूप से बैटिंग ऑल राउंडर थे। ठोस बल्लेबाजी के साथ उनकी मध्यम तेज गति के गेंदों में भरपूर विविधता रहती थी। उसी का कमाल था कि भारत को 1983 के एकदिवसीय विश्व कप को जीतने में बहुत कठिनाई नहीं हुई। वे विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल में मैन ऑफ द मैच रहे थे। मोहिन्दर अमरनाथ के क्रिकेट करियर के लिए कहा जा सकता है कि यह राख से उठने वाले फीनिक्स की तरह है। मशहूर क्रिकेट कमेंटेटर और लेखक डॉ. मोहिन्दर अमरनाथ की क्रिकेट करियर को करीब जानने वाले कहते हैं कि वे बेहतरीन ऑल-राउंडर थे,जो गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन कर सकते थे। उनकी मध्यम तेज गेंदबाजी और निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाजी ने उन्हें टीम के लिए अमूल्य बना दिया था। वे मैच के नतीजे बदलने की क्षमता रखते थे। उनकी बल्लेबाजी या गेंदबाजी, दोनों ही से उन्होंने कई बार मुश्किल परिस्थितियों में भारत को जीत दिलाई थी। मोहिन्दर अमरनाथ कभी हार नहीं मानते थे और हमेशा जीत के लिए संघर्ष करते थे।

# कृषि क्षेत्र में नवाचार और चुनौतियां



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है ताकि किसानों को वास्तव में इन तकनीकों का लाभ मिल सके।

भारत का कृषि क्षेत्र इन दिनों एक ऐसे मेले से गुजर रहा है, जहां हर तरफ नई-नई तकनीकों के स्टॉल सजे हैं। कहीं ड्रोन उड़ रहे हैं, कहीं सैटेलाइट से खेत की फोटो खींची जा रही है, तो कहीं मिट्टी के स्वास्थ्य की रिपोर्ट सीधे मोबाइल पर आ रही है, लेकिन असली सवाल यह है कि क्या ये तकनीकी नवाचार उन किसानों तक पहुंच पा रहे हैं, जिनकी छतें आज भी टपकती हैं और जिनके पास एक सीजन का भी खर्च निकालने में पसीने छूट जाते हैं?

ड्रोन की बात करें तो ये नई तकनीक किसी साइंसफिक्शन फिल्म की तरह है। किसान के खेत पर उड़ता हुआ ड्रोन, जो हर पौधे को देखे, परखे और फिर मोबाइल पर रिपोर्ट भेजे। हां, यह सब सुनने में तो अच्छा लगता है, लेकिन जब छोटे किसान से कहा जाता है कि 'बाबूजी, 50,000 का ड्रोन खरीद लो,' तो वह वही सोचता है कि क्या बैंक वाले कर्ज दे देंगे या फिर उसी कर्ज के बोझ में दबा देंगे। किसानों के लिए ये ड्रोन और सैटेलाइट कोई मेला देखने का सपना बन गए हैं, जो तो हां, दिखते जरूर हैं, लेकिन छूने का मन करे तो जेब में हवा चलने लगती है। अब सरकार जैविक खेती को बढ़ावा देने की बात करती है।

जैविक खेती के नाम पर एक जश्न सा है, लेकिन खेतों में जाने पर स्थिति अलग ही दिखती है। जैविक खेती की लागत भी बढ़ी है और इस खेती से जुड़ी जानकारी तक पहुंचना आसान नहीं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट बताती है कि 2024 तक जैविक खेती का लक्ष्य हासिल करना है, लेकिन इसके लिए सही ढांचा चाहिए। किसान जैविक खेती करना चाहते हैं, लेकिन जब वह महंगे जैविक खाद खरीदने जाते हैं, तो मंहगाई उनके हौसले को ढीला कर देती है। खुद सरकार भी जानती है कि जैविक उत्पादों की बाजार तक पहुंच आसान नहीं है। जैविक उत्पाद अभी भी उपभोक्ता तक पहुंचने से पहले कई मिडिलमैन से गुजरते हैं, जिससे किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता। अब फसल उगाने के बाद किसान को बाजार में ले जाना पड़ता है, जहां उसकी मेहनत का मोल लगाने के लिए एक पूरी व्यवस्था बैठी है।


हर साल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का ऐलान होता है, लेकिन वह एमएसपी की लिस्ट देखता है जैसे त्योहार की तारीख-देखने में बढ़िया, लेकिन हकीकत में त्योहार कब आता है, पता ही नहीं चलता। मंडी में उसकी उपज का दाम वैसे ही घट जाता है, जैसे सब्जी की तौल में दुकानदार का हाथ थोड़ा हल्का हो जाता है। सरकार कहती है कि "किसानों को उचित मूल्य मिलना चाहिए।" अब किसान कहता है कि "बिल्कुल मिलना चाहिए, पर मिलेगा कैसे?" एमएसपी का नियम तो बना है, पर बाजार का नियम एमएसपी से अलग ही चलता है। एक रिपोर्ट के अनुसार केवल 6 प्रतिशत किसान ही अपनी उपज को एमएसपी पर बेच पाते हैं। बाकी लोग तो मंडी के खेल में फंस जाते हैं। किसान के पास मोबाइल है, लेकिन कीमतों की जानकारी से कहीं ज्यादा चिंता उसे ये रहती है कि अगली फसल का कर्ज कैसे उतारेगा। इस सबके बीच, कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है ताकि किसानों को वास्तव में इन तकनीकों का लाभ मिल सके। सरकार कहती है कि वह किसानों के साथ है। अब समय है कि वह अपनी जेब से कुछ मदद दे। हर छोटे किसान को ड्रोन या स्मार्टफोन नहीं चाहिए, उसे एक सस्ता और टिकाऊ हल चाहिए।

क्यों न हर गांव में एक-एक "टेक्नोलॉजी सेंटर" खोला जाए, जहां किसान मुफ्त में अपनी मिट्टी, पानी और फसल का परीक्षण करवा सके? जैविक खेती अच्छी है, पर किसान को इसमें हाथ लगाने के लिए मजबूत कंधा चाहिए। हर राज्य में जैविक केंद्र बनाए जाने चाहिए, जहां किसान बिना महंगे बिल के जैविक खेती के गुर सीख सकें और सस्ते जैविक खाद पा सकें। मंडी का मजमा छोड़, क्यों न अब मंडियों में डिजिटल सिस्टम लागू किया जाए? एक ऐप हो, जहां किसान अपनी फसल का सीधा मूल्य देख सके और डिजिटल तरीके से बेच सके, ताकि मिडिलमैन की भीड़ कम हो और किसानों को उनका हक मिले। आखिरकार किसान भी तो चाहता है कि उसके पास मदद कम और समझदारी का सिस्टम ज्यादा हो। उसे वही चाहिए जो शहरी लोग अपने व्यापार में करते हैं। आसान, पारदर्शी और बिना रुकावट के। सरकार को नीतियों में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि किसान के हाथ में 'हल' के साथ-साथ सही तरीके से 'हिसाब' भी आए।

## सोशल फोरम

# अनादि और अनंत

संसार परिवर्तनशील है। ठीक बात है, लेकिन कुछ चीजें शाश्वत हैं, जिन्हें भारतीय परंपरा की भाषा में अनादि और अनंत कहा जाता है। जैसे अच्छे आदमी और बुरे आदमी का फर्क-यह था, है और रहेगा। अच्छे आदमी के मन में हमेशा अपने बारे में सवाल उठता है-वह कौन है, उसका लक्ष्य क्या है, उसमें क्या-क्या कमियां हैं, क्या-क्या कमजोरियां हैं, वगैरह-वगैरह।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

बुरा आदमी अपनी कमियों-कमजोरियों को लेकर निश्चिंत रहता है, अव्वल तो वह इन्हें कमियां-कमजोरियां मानता ही नहीं और मानता भी है, तो सौ लोगों को अपने से ज्यादा कमतर और कमजोर बताने के बाद, यानी उसमें ये कमियां-कमजोरियां न होतीं तो लोग दिन-दहाड़े उसे लूट लिए होते। वह हमेशा दूसरों की कमियों-कमजोरियों को दिखाने, उनकी व्याख्या करने, उन पर तंज कसने में मशगूल रहता है। यह उसका प्रिय पास टाइम होता है।

बुरा आदमी कभी गलती करते हुए पकड़ लिया गया तो पहले तो वह परिस्थितियों को जिम्मेदार बताता है। यदि परिस्थितियों ने साथ न दिया और वह बहुत तगड़े चपेट में आ गया तो अंत में अपनी अक्ल पर दोष मढ़ देता है-उसका दिमाग खराब हो गया था, वह अभिभूत हो गया था, किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया था, वगैरह-वगैरह। वह कभी, जी हां कभी भी, अपनी नीयत को दोष नहीं देगा, जब कि दूसरों की नीयत को बात-बात पर खोटी बताता रहता है।

अच्छे आदमी को अव्वल तो कभी अपने को काटने की जरूरत नहीं पड़ती, यदि पड़ ही गई तो वह उसकी व्याख्या करता नहीं घूमता। बुरा आदमी किसी आदमी की बुराई दस लोगों के सामने करता है और उसकी तारीफ अकेले में उसको खुश करने के लिए करता है। अच्छा आदमी किसी में कुछ बुरा देखता है, तो उसके सामने, अकेले में कह देता है, जबकि सब लोगों के सामने उसकी अच्छाई का ही जिक्र करता है। बुरा आदमी 'धार्मिक' बनकर और बुरा हो जाता है, वह धर्मध्वज बन जाता है, अच्छा आदमी धार्मिक बनकर और अच्छा हो जाता है, वह संसार से, दुनियादारी से परे हो जाता है।

-फेसबुक वॉल से

# मस्तिष्क और यंत्र का मिलन

लकवाग्रस्त लोगों को चलने-फिरने और बात करने की सुविधा देने वाले उपकरणों में निरंतर परिष्कार किया जा रहा है। इस कड़ी में मनुष्य के विचार और उसकी यादों को समझना एवं उनमें बदलाव लाना भी सम्मिलित है। मनुष्य समझ रहा है कि मानव के विचार क्या होते हैं और हम उन्हें यंत्रों से कैसे जोड़ सकते हैं। वह समझ रहा है कि मनुष्य का 'मैं' क्या होता है और हम उसमें बदलाव कैसे ला सकते हैं। जीव विज्ञान, भौतिकी और तकनीक के क्षेत्र में अब ऐसी खोजें की जा रही हैं जो मनुष्य के विचार को यंत्रों से जोड़ कर मनुष्य की क्षमता को बहुत अधिक बढ़ा देंगी। मस्तिष्क की चिप इस श्रृंखला में नवीनतम खोज है।



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

नोलैंड ऑरबॉ एक लकवाग्रस्त व्यक्ति हैं। वह 2016 में गर्दन के नीचे के हिस्से में लकवे की समस्या से ग्रस्त हो गए थे। उनके मस्तिष्क में अमेरिका की न्यूरालिंक कंपनी द्वारा बनाई गई ब्रेन चिप को शल्य चिकित्सा से प्रत्यारोपित किया गया। इस तरह की ब्रेन चिप का इस्तेमाल करने वाले वह पहले व्यक्ति थे। तब से ऑरबॉ फोन और कंप्यूटर को अपने विचारों से संचालित करते हैं। वह वेब सर्फिंग करते हैं और शतरंज खेलते हैं। यह ब्रेन चिप कैसे सोचने-समझने की क्षमता और शारीरिक क्षमता को बढ़ा सकती है, इसको समझने के लिए एक सामान्य व्यक्ति ने ऑनलाइन गेम 'वेब ग्रिड' खेला। ग्रिड पर अप्रत्याशित रूप से दिखाई पड़ने वाले वर्गों पर क्लिक करने के लिए लैपटॉप के ट्रैकपैड पर उसने अपनी उंगली का उपयोग किया, जिसकी गति 42 वर्ग प्रति मिनट थी। लेकिन जब ऑरबॉ- जो लकवा ग्रस्त थे और जो अपने हाथों का इस्तेमाल नहीं कर सकते थे - ने अपने मस्तिष्क में स्थापित चिप की मदद से अपने विचारों से इस गेम को खेला तो उन्होंने टेलीपैथिक सिग्नलों द्वारा 49 वर्ग प्रति मिनट की गति से इस खेल को खेला। इसी प्रकार नोलैंड ऑरबॉ ने यह भी प्रदर्शित किया कि वह केवल अपने दिमाग का उपयोग करके शतरंज खेल सकते हैं। 8 साल तक पक्षाघात झेलने के बाद उन्होंने न्यूरालिंक द्वारा डिजाइन की गई ब्रेन चिप की मदद से उन कार्यों को करने की क्षमता हासिल कर ली जो पहले उनके लिए असंभव थे। ऑरबॉ ने एक लाइव स्ट्रीम में कहा, "कर्सर के हिलने की कल्पना करना मेरे लिए सहज हो गया। मैं केवल स्क्रीन पर कहीं भी देखता रहता हूं और यह वहीं चला जाता है जहां मैं चाहता हूं।"

वैज्ञानिकों के अनुसार मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस का उपयोग करके इंसानी मस्तिष्क को मशीनों के साथ मिलाने का यह प्रयोग सफल रहा है। रीढ़ की हड्डी की चोटों, स्ट्रोक या किसी हादसे से लकवाग्रस्त होने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में इस तकनीक से वह अपनी खोई हुई क्षमताओं को वापस पा सकते हैं। कैलिफोर्निया में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के न्यूरोसर्जन जैमी हेंडरसन के अनुसार ये सफलताएं दिखाती हैं कि मनुष्य का विचार क्या है, मनुष्य का 'मैं' क्या है, उसकी स्मृतियां क्या होती है, उसका व्यक्तित्व क्या होता है और हम किस प्रकार इन चीजों को उसके शरीर एवं यंत्रों से जोड़ सकते हैं। कोई बड़ी बात नहीं है कि हम मनुष्य की स्मृतियों को भंडारित कर सकें एवं बाद में उन्हें उसके ही मस्तिष्क अथवा किसी अन्य मस्तिष्क में आरोपित कर सकें। हमारी यह समझ मनुष्य के हित में बहुत कुछ कर सकती है।

# ईपीएफओ में बढ़ रहे निष्क्रिय खाते

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय के तहत आने वाला एक वैधानिक निकाय है। यह संगठन भविष्य निधि से जुड़े कामों का प्रबंधन करता है और कर्मचारियों को भविष्य निधि, पेंशन और बीमा से जुड़े फायदे देता है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

कर्मचारी भविष्य निधि से जुड़ा कानून, कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 है। इसे ईपीएफ अधिनियम भी कहा जाता है। फिलहाल ईपीएफओ के सदस्यों के वेतन (मूल वेतन और महंगाई भत्ता) का 12 प्रतिशत ईपीएफ खाते में जाता है। वहीं नियोक्ता के 12 प्रतिशत योगदान में से 8.33 प्रतिशत ईपीएस-95 में जाता है, जबकि शेष 3.67 प्रतिशत ईपीएफ खाते में जमा किया जाता है।

सरकार कर्मचारियों की न्यूनतम बेसिक सैलरी बढ़ा सकती है। केंद्र सरकार संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए एंपलॉय प्राविडेंट फंड (ईपीएफ) के तहत न्यूनतम वेतन सीमा को बढ़ाने की योजना बना रही है। कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) में निष्क्रिय यानी इनऑपरेटिव अकाउंट में जमा रकम 8,505.23 करोड़ रुपये हैं। यह रकम वित्त वर्ष 2023-24 में जमा हुई है। साल 2018-19 में यह रकम 1,638.37 करोड़ रुपये थी। यानी छह सालों में निष्क्रिय ईपीएफ अकाउंट में जमा रकम पांच गुना बढ़ गई है। निष्क्रिय कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) की कुल राशि वित्त वर्ष 2018-19 में 1,638.37 करोड़ रुपये से पांच गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 8,505.23 करोड़ रुपये हो गई है।

लोकसभा में एक लिखित उत्तर में राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि ईपीएफओ द्वारा संचालित ईपीएफ योजना में कोई भी दावा रहित खाता नहीं है, उन्होंने बताया कि 2023-24 में 21,55,387 निष्क्रिय ईपीएफओ खातों में 8,505.23 करोड़ रुपये जमा थे। जागरूक नागरिकों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि वो पता करे कि उनका या उनके साथियों का ईपीएफओ का खाता कहीं निष्क्रिय तो नहीं हो गया है?

## शाहजहांपुर में प्राचीन पुरातात्विक महत्व की वस्तुओं का निकलना जारी

# सिंधौली के गांव गोरारायपुर में निकली प्राचीन गढ़ी की नींव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सिंधौली क्षेत्र के गांव गोरारायपुर में खुदाई के दौरान ईंटों की नींव मिलने से तरह-तरह की चर्चाएं क्षेत्र में हो रही हैं। माना जा रहा है कि यह नीव किसी प्राचीन सभ्यता का अवशेष हो सकती है। जिले में प्राचीन पुरातात्विक महत्व की वस्तुओं का निकलना लगातार जारी है।

अभी हाल ही में निगोही में महाभारत कालीन अस्त्र शस्त्र,क्रांतिकारियों द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली मैच लॉक रायफल निकली थीं वहीं कुछ दिन पूर्व जलालाबाद से एक गुप्तकालीन मंदिर ही जमीन से बाहर आ गया था। ताजा मामले में ग्राम प्रधान के बेटे संजय दीक्षित जब मनरेगा के तहत किसी निर्माण को लेकर खुदाई कार्य करा रहे थे उसी दौरान लगभग 20 फुट लंबी नीब सामने आई। यह पूर्ण रूप से ईंटों की बनी हुई है।



खुदाई में निकली नींव।

इसकी जानकारी मिलने पर एसएस कॉलेज के इतिहास विभागाध्यक्ष विकास खुराना ने बताया कि यह नीव गढ़ी का हिस्सा हो सकती है। चूंकि बस्ती का प्राचीन इतिहास रहा है। इसलिए यहां और भी अवशेष मिलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। डॉ. खुराना ने कहा कि अगर और व्यापक खुदाई का कार्य कराया जाए तो जनपद के लिए अन्य प्राचीन अवशेष सामने आ सकते हैं, जो पुरातात्विक विभाग के लिए अचंभित करने वाले होंगे। इस टीले की ओर सबसे पहला ध्यान संयुक्त प्रांत के पहले पुरातात्विक महानिदेशक एए फ्यूहरर ने आकर्षित किया था। उन्होंने इसके उत्खनन के लिए वर्ष 1892 में पहल भी की थी किंतु योजना को मूर्त रूप नहीं मिल सका। शाहजहांपुर का ब्रिटिश कालीन गजेटियर इसे चीन-भारत यात्रा मार्ग का महत्वपूर्ण पड़ाव बताता है। यहां तक कि मशहूर चीनी यात्री फ़हियाँन ने अपने यात्रा वृतांत में यहां स्थित एक बड़े बुद्ध बिहार का उल्लेख किया है जहां यात्री विश्राम कर आगे बढ़ते थे। यहां गूजर,पासी,अहीर जातियों की अधिकता थी।

बारहवीं सदी में यह स्थान विख्यात कठेरिया राजपूत पीठ के रूप में स्थापित हो गया था। इस समय तक जनपद के उत्तरी सेहरामऊ स्थित ज्ञात प्राचीनतम नगर इसका टप्पा भर था। जब अकबर ने अपने तेरहवें वर्ष में इस क्षेत्र में पहला जिला कांट ओ' गोला सरकार बनाया तब यह स्थान उसका मुख्यालय बना। रुहेला काल में जब जिले के अंतरिक प्रबन्धन के कार्य हुए तब गोरा महाल को तोड़ दिया गया और इसके दस घटक बने । इनमें इस्लामाबाद जीवन या मुर्तजाबाद,औरंगाबाद,हवेली का कुछ हिस्सा मिलकर पुवायां परगना,हवेली पिलखुआ को मिलाकर बड़ा गांव परगना बनाया गया। इस गढ़ी के पास ब्रिटिश काल में खन्नौत नदी का गोरा नौका घाट जिले के सुरम्य प्राकृतिक घाटों में एक था। वस्तुतः गोरा रायपुर जिले के प्राचीनतम इतिहास से लेकर वर्तमान समय तक का साक्षी है।अगर इसकी एक बार विधिवत खुदाई हो जाए तो जनपद के प्राचीन गौरवशाली इतिहास की पुनर्स्थापना हो सकती है।

### क्षेत्र प्राचीन गढ़ी के रूप में अस्तित्व में था: विकास खुराना



एसएस कॉलेज के इतिहास विभागाध्यक्ष विकास खुराना ने बताया कि यह क्षेत्र प्राचीन गढ़ी के रूप में अस्तित्व में था। बताया कि पुरातात्विक महानिदेशक ने क्षेत्र के उत्खनन के लिए प्रयास किए थे, लेकिन इस पर काम नहीं हो सका था। खुदाई के दौरान मिली नीव किसी प्राचीन बस्ती का संकेत दे रही है। ईसा पूर्व छठी सदी में यह प्राचीन अहिच्छत्र जानपद के अंतर्गत स्थित गढ़ी थी। यहां अभी तक अहिच्छत्र और कुषाण कालीन सिक्के बहुतायत में मिलते रहें हैं।

# वाराणसी का यूपी कॉलेज फिर चर्चा में, मुद्दा गरमाया

## 6 साल पहले यूपी सुन्नी वक्फ बोर्ड ने ठोका था दावा

वाराणसी, एजेंसी

- शुक्रवार को लगभग 500 नमाजी कालेज परिसर में पहुंच गए



वक्फ की संपत्तियों को लेकर अक्सर विवाद होता रहा है। केंद्र सरकार भी संसद के वर्तमान सत्र में वक्फ संशोधन बिल लेकर आने वाली है. इसके पक्ष-विपक्ष में पूरे देश में माहौल गरम हैं. ऐसे में वाराणसी में भोजूबीर स्थित उदय प्रताप कॉलेज (यूपी कॉलेज) को लेकर मुद्दा गरमाया हुआ है। यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ की तरफ से उदय प्रताप कॉलेज की जमीन को वक्फ की संपत्ति होने का दावा किया गया है। इस लेकर एक नोटिस 2018 में दिया गया था। अब 6 साल बाद एक बार फिर यह मुद्दा चर्चा में है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री द्वारा चार दिन पहले कालेज के स्थापना दिवस समारोह में कहा गया था कि भूमि उपलब्ध होने पर यहां युनिवर्सिटी बनाई जाएगी। इस बयान के बाद मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया। कालेज परिसर में नवाब टोंक की मस्जिद और एक मजार भी है। मजार को कचनार शाह की मजार के नाम से जाना जाता है। मस्जिद में काफी समय से मुस्लिम समाज के लोग नमाज अदा करने के लिए आते हैं।

शुक्रवार को अचानक जुमे की नमाज पढ़ने के लिए कॉलेज परिसर स्थित मस्जिद में लगभग 500 नमाजी पहुंच गए जबकि पूर्व में वहां दो-चार लोग ही आते थे। जानकारी होने के बाद कॉलेज परिसर में फोर्स तैनात कर दी गई। हालांकि माहौल पूरी तरह शांत रहा। 2018 में 115 वर्ष पुराने संस्थान पर यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ के सहायक सचिव आले अतीक ने वक्फ एक्ट 1995 के तहत 2018 में कालेज प्रबंधक को नोटिस भेजा गया था। प्रबंध कमेटी की ओर से इसका जवाब भी दे दिया गया था. यूपी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ डीके सिंह डॉ डीके सिंह ने बताया कि सुन्नी वक्फ बोर्ड की तरफ से सैकड़ों एकड़ में फैले यूपी कॉलेज कैंपस पर दावा ठोका गया था. जिसका जवाब देकर बताया गया था कि इस कॉलेज की स्थापना इंडोनमेंट ट्रस्ट के द्वारा की गई है। ट्रस्ट की जमीन न तो खरीदी जा सकती है और न ही बेची जा सकती है। उन्होंने बताया कि इस जवाब के बाद बोर्ड की तरफ से कोई जवाब नहीं मिला।

### कैंपस में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई

यूपी कॉलेज को वक्फ बोर्ड के नोटिस के मामले में छात्रों के गुस्से के बाद कैंपस में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। कैंपस में पीएसी और पुलिस की तैनाती कर दी गई है और संदिग्धों पर निगाह रखी जा रही है। यूपी कालेज परिसर छावनी में तब्दील हो गया है। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। इसको लेकर उदय प्रताप कॉलेज में छात्रों और कॉलेज प्रशासन के साथ बैठक हुई। बैठक में कहा गया कि नोटिस 2018 का है और कॉलेज प्रशासन ने साक्ष्यों के साथ जवाब दिया है। अब फिर मामला गरमाने पर प्रशासन सतर्क हो गया है।

# आईपीएस हिमांशु कुमार बने डीआईजी

**लखनऊ, अमृत विचार :** विभागीय जांच में बेदाग होते ही प्रदेश सरकार ने उप्र. कैडर के वर्ष 2010 बैच के आईपीएस हिमांशु कुमार को डीआईजी के पद पर प्रोन्नत कर दिया है। इसके पहले प्रोन्नत समिति की बैठक में विभागीय जांच की वजह से लिफाफा बंद रखा गया था। आईपीएस हिमांशु कुमार के खिलाफ चल रही विभागीय जांच 19 नवंबर को समाप्त कर दी गई थी, उनपर लगे आरोप सही नहीं पाए गए। इसके बाद गृह विभाग ने उन्हें डीआईजी के पद पर पदोन्नत करने का आदेश जारी किया है। उन्हें पहले का रोका गया 1 जनवरी 2023 से सेलेक्शन ग्रेड लेवल 13 समेत 1 जनवरी 2024 डीआईजी पद पर प्रोन्नति और वेतनमान पे मैट्रिक्स लेवल 13-ए देने का आदेश हुआ है। फिलहाल हिमांशु कुमार मणिपुर हिंसा की जांच के लिए भेजी गई सीबीआई की विशेष टीम के सदस्य हैं।

करीब पांच वर्ष पहले नोएडा के तत्कालीन एसएसपी वैभव कृष्ण ने हिमांशु कुमार पर ट्रांसफर-पोस्टिंग में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। बता दें कि इस मामले में विजिलेंस ने मुकदमा भी दर्ज किया था। इसमें बीते वर्ष अप्रैल माह में हिमांशु को क्लीन चिट मिल गई थी।

# विपक्ष भयभीत,अगली बार इससे भी बड़ी होगी जीत

## टीम भावना व एकजुटता से भाजपा कार्यकर्ताओं ने असंभव को संभव बनाया: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उप चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से विपक्षी दल भयभीत हो गए हैं। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में इससे भी बड़ी जीत हासिल करेंगे। योगी ने कार्यकर्ताओं, मंत्रियों और पदाधिकारियों को उप चुनाव के दौरान मिले दायित्वों को लेकर की गई कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहा। कहा कि टीम भावना और एकजुटता के साथ कार्य करने से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय में उप चुनाव में विजयी नवनिर्वाचित विधायकों के भव्य अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते बन रहा था। योगी ने चुनाव से पहले ही बनाई गई जीत की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन और नेतृत्व में एनडीए ने हरियाणा में हैट्रिक लगाई, महाराष्ट्र में भारी बहुमत हासिल किया और उप्र. उप चुनाव में 9 में से 7 सीटों पर विजय प्राप्त की। कहा कि जहां लोग जीत की संभावना पर सवाल उठाते थे, वहां भाजपा ने न केवल जीत हासिल की बल्कि अपनी स्थिति और मजबूत की। कुंदरकी में 1.45 लाख वोटों से रिकॉर्ड तोड़ जीत इसका उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए यह जीत विपक्ष के मन में भय उत्पन्न करेगी। हमें जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना होगा और सघन जनसंपर्क के माध्यम से सरकार की योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। इससे 2027 में हमारी सफलता और बड़ी होगी। मुख्यमंत्री ने खैर विधानसभा से विजयी सुरेंद्र दिलेर के पिता पूर्व सांसद और पूर्व विधायक राजवीर सिंह दिलेर का विशेष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के परिवार के साथ खड़ी रहती है।

इस अवसर पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, सुरेश खन्ना, संजय निषाद, अनिल कुमार समेत जेपीएस राठौर, गुलाब देवी, दयाशंकर सिंह, कपिल देव अग्रवाल, संदीप सिंह, ब्रजेश सिंह, संतोष सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, ब्रजबहादुर, गोविन्द नारायण शुक्ला, संजय राय, सुभाष यदुवंश, शंकर गिरि, शिवभूषण सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान ने किया।



शुक्रवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

### नकारात्मक एजेंडे पर काम कर रहा विपक्ष : भूपेंद्र

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि विपक्ष अपनी पराजय सुनिश्चित मानकर नकारात्मक एजेंडे पर काम कर रहा है। हमें विपक्ष की झूठ और नकारात्मक राजनीति का मुंहतोड़ जवाब देना है, उनका पर्दाफाश करना है।

### उप चुनाव में विजयी 7 प्रत्याशियों की दिलाई शपथ

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानभवन के तिलक हाल में शुक्रवार को उप चुनाव में विजयी घोषित मीरापुर से मिथिलेश पाल (रालोद), कुंदरकी से भाजपा विधायक रामवीर सिंह, फूलपुर से दीपक पटेल, खैर से सुरेंद्र दिलेर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, कटेहरी से धर्मराज निषाद और मझवां से सुचिष्मिता मौर्य को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए इसे प्रदेश के विकास और जनता की आस्था की जीत बताया।

# रोहिंग्या, बांग्लादेशी को घुसपैठ कराने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** देश में घुसपैठ और मानव तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य को एटीएस ने वाराणसी रेलवे स्टेशन से गुरुवार देर शाम को दबोच लिया। बांग्लादेश और रोहिंग्या को भारत में गैरकानूनी तरीके से प्रवेश कराने, उनके पहचान पत्र बनवाने का काम एक सिंडिकेट द्वारा किया जा रहा है। इस सिंडिकेट के 11 सदस्य पहले से ही गिरफ्तार किए गए है। पकड़े गये आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।

एटीएस के अधिकारी के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी मो. अब्दुल्ला उर्फ अबू सालेह मंडल उर्फ अब्दुल्ला गाजी है। वह म्यांमार के अकयाब मांगडू स्थित दामनखाली का रहने वाला है। पूछताछ में उसने कुबूल किया कि उसने कई नाम से अपना भारतीय पहचान पत्र बनवाया है।

# एससी-एसटी एक्ट की कार्यवाही को दी जा सकती है चुनौती: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज एक मामले पर महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए कहा कि उपरोक्त अधिनियम के तहत दर्ज मामले की पूरी कार्यवाही पर न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कोर्ट सीआरपीसी की धारा 482 के अनुसार अपने अधिकार क्षेत्र के तहत विचार कर सकती है। ऐसे मामलों में हस्तक्षेप के संबंध में कोई कठोर नियम नहीं है।

कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के गुलाम मुस्तफा मामले का हवाला देते हुए कहा कि सीआरपीसी की धारा 482 के तहत जब कोर्ट संपूर्ण कार्यवाही का संज्ञान लेती है तो वह समन आदेश आदि की सत्यता और वैधता की जांच भी कर सकती है, लेकिन जब संपूर्ण कार्यवाही धारा 482 के तहत चुनौती के अधीन नहीं होती तो अभियुक्त के लिए एकमात्र रास्ता एससी/एसटी अधिनियम की धारा 14 ए के तहत अपील दाखिल करना होता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने अभिषेक अवस्थी उर्फ भोलू अवस्थी सहित दर्जनों याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

कोर्ट के समक्ष मुद्दा था कि क्या कोई व्यक्ति किसी भी अंतरिम आदेश का विरोध किए बिना एससी/एसटी अधिनियम के तहत पूरी कार्यवाही को सीआरपीसी की धारा 482 के तहत हाईकोर्ट में चुनौती दे सकता है, जिस पर कोर्ट ने तथ्यों की व्याख्या करते हुए स्पष्ट किया कि कोर्ट सीआरपीसी की धारा 482 के तहत संपूर्ण कार्यवाही पर संज्ञान लेते समय समन आदेश की वैधता को भी परखती है। कोर्ट ने याचिका को विचार कर यथोचित आदेश पारित करने को संबंधित पीठ के समक्ष भेज दिया।

# तुलसियानी कंस्ट्रक्शन की डेढ़ करोड़ की संपत्ति कुर्क

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्रा. लि. के निदेशक अनिल कुमार तुलसियानी की डेढ़ करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर दी। ईडी ने यह कार्रवाई शुक्रवार सुबह की। कंपनी के निदेशकों ने निवेशकों के कई सौ करोड़ रुपये हड़पे हैं। वहीं, बैंक से करोड़ों रुपये का लोन करा लिया था। जिसे वापस नहीं किया है। कुर्क की संपत्ति में फ्लैट है।

ईडी के मुताबिक, मेसर्स तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों अनिल कुमार तुलसियानी और महेश कुमार तुलसियानी के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी से संबंधित धाराओं के तहत लखनऊ के हजरतगंज में एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

# 2 ऊर्जा निगमों के निजीकरण प्रक्रिया पर उठ रहे सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. पावर कॉरपोरेशन की दो सहायक कंपनियों पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों को खत्म कर पांच नई कंपनियां बनाने के प्रस्ताव पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वजह यह है कि पूर्व में आगरा शहर की बिजली आपूर्ति व्यवस्था निजी कंपनी टोरेंट को दिये जाने का प्रयोग फेल हो चुका है। ऐसे में पूर्व की तरह इस बार भी निजी घरानों को लाभ पहुंचाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, प्रबंधन की ओर से दावा किया जा रहा है कि नई कंपनियां बनने से विभाग व उपभोक्ताओं को फायदा होगा।

कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, 1 अप्रैल 2010 में तत्कालीन सरकार ने आगरा की बिजली आपूर्ति टोरेंट कंपनी के हवाले कर दी थी। इस दौरान विभाग ने पुराना बकाया वसूल करने पर निजी कंपनी को 10 प्रतिशत 'इन्सेंटिव' देने की व्यवस्था की थी, इसके बाद भी बकाया रकम वसूल नहीं हो सकी। वर्तमान में पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का कुल घाटा एक लाख 10 हजार करोड़ बताया जा रहा है।

### बिजली कर्मियों ने जताया विरोध

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के आह्वान पर राजधानी समेत पूरे प्रदेश में जिला व परियोजना मुख्यालयों पर सभाएं हुईं। बिजली कर्मियों ने निजीकरण प्रक्रिया का विरोध किया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि निजीकरण की कोई भी एकतरफा कार्रवाई की गई तो बिजली कर्मचारी लोकतांत्रिक ढंग से संघर्ष करने के लिए विवश होंगे।


## वर्ग पहेली-267

**बाएं से दाएं**

1. वध, मारण।
4. 1. सब्ज़ी एवं फल आदि बोने तथा बेचने का व्यवसाय करने वाली एक जाति 2. सब्ज़ी एवं फल आदि बेचने वाला व्यापारी या दुकानदार।
5. खिलवाड़ में ही जिसका मन अधिक लगता हो।
7. बड़ी खुरपी।
8. 1. धरती पर पड़ा

**ऊपर से नीचे**

1. 1. निर्जल 2. जो बिना जल ग्रहण किए रहता या रह सकता हो।
2. मूर्ख, बेवकूफ़।
3. 1. डफ़ली के आकार का चमड़ा मढ़ा हुआ छोटा वाद्य जो लोक शैली के गायन में प्रयोग होता है 2. खंजरी, खंजरी।
4. अविवाहित, अपरिणीता, कुमारी लड़की, कुंआरी।
5. खिलवाड़ करने वाला, खिलवाड़ी मानसिकता का, खिलाड़ी।
6. वह छोटा-सा पलंग जो रस्सी या निवाड़ से बुना जाता है और जिसमें चार पाए होते हैं, खटिया, खाट।



### वर्ग पहेली -266 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वि | | | 2 सें | | | 3 फ़ |
| त | | | 4 स | ह | चा | री |
| ति | | | र | | | ज़ा |
| | 5 नि | वे | शि | त | | |
| | रो | | प | | | 6 चिं |
| | ध | | | | 7 बं | ग |
| 8 ध | न | पि | शा | ची | | ड़ा |

## सुडोकू -180

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | | | |
| | 1 | | | | | | 5 | |
| | | | 4 | | | | | |
| | | | | | | 9 | | |
| | | | 1 | | | 3 | | |
| | | 4 | | | | | | |
| 7 | | | | | 9 | | | |
| | 5 | | | | | | 1 | |
| 8 | | | | | | | | 2 |

### सुडोकू - 179 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 8 | 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 |
| 4 | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 1 | 2 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 1 | 4 | 9 | 3 | 8 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 6 | 3 | 5 | 7 | 2 | 1 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 नवंबर, शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-मार्गशीर्ष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 10 .29 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**-हेमंत।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 12 .35 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** - आज आपको काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। अनावश्यक मुद्दों पर अपना समय बर्बाद न करें। माइग्रेन के रोगियों को यात्रा से बचना चाहिए। बड़ा काम करने की इच्छा होगी। व्यापार में सहयोगियों के साथ अनबन हो सकती है।

**वृष** - आज आपको घर पर भी कार्यक्षेत्र का काम करना पड़ेगा। जॉब में आपको उच्च पद मिल सकता है। दोपहर तक सारे महत्वपूर्ण कार्य कर लें। प्रभावशाली लोगों से मैत्रीपूर्ण संबंध बनेंगे। व्यापार की परेशानियां दूर होंगी।

**मिथुन** - आज दिन की शुरुआत थोड़ी उदासीन रहेगी। आलस्य के कारण आपके काम में रुकावटें आ सकती हैं। व्यापार में उधारी न करें। आप जो काम नहीं करना चाहते हैं वो ही आपको करना पड़ेगा। जल्दबाजी वाले स्वभाव से आपको बचना चाहिए।

**कर्क** - आज आप अपने मित्रों के बीच खासे लोकप्रिय रहेंगे। सभी काम योजनाबद्ध तरीके से करेंगे, जिससे आपको बहुत लाभ होगा। विपरीत परिस्थितियों के बीच आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**सिंह** - आज नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। अपने स्वभाव को लेकर आत्मचिन्तन अवश्य करें। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का माहौल रहेगा। सभी काम मन लगाकर करें। धीरे-धीरे आप कारोबार में बड़ा लाभ कमा लेंगे। दांपत्य जीवन में खुशियां बढ़ेंगी।

**कन्या** - आज भावनाओं में आकर निर्णय न लें। भूमि और संपत्ति को लेकर बड़ी डील होने की संभावना है। आय के साधनों में वृद्धि होगी। सुबह सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत रहेंगे। भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**तुला** - आज आप कार्यक्षेत्र में काफी लोकप्रिय रहेंगे। मेहनत के कारण शाम को थकान और बदन दर्द का अनुभव कर सकते हैं। आप दूसरों को अनावश्यक ज्ञान देने से बचें। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिक** - आज प्रेमी जन के साथ डेट पर जाने का विचार बनाएंगे। आप दूसरों की भावनाओं का काफी ध्यान रखते हैं। इसीलिए लोगों के चहेते बने रहेंगे। पर्यटन की योजना से घूमने जा सकते हैं। अनजान लोगों पर ज्यादा भरोसा न करें।

**धनु** - आज कारोबार के लिए दिन बहुत अच्छा नहीं है। घर की साफ-सफाई और व्यवस्था पर ध्यान देंगे। शत्रुओं की योजना सफल हो सकती है। अति उत्साह में बजट का ध्यान रखें। आपको अपनी बात मनवाने के लिए जोर देना पड़ेगा।

**मकर** - आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। यदि आपको कोई सलाह देता है तो उस पर प्रतिक्रिया देने से पहले विचार करना चाहिए। व्यावसायिक रणनीति बनाने के लिए दिन शानदार है। मनोवान्छित कार्य पूरे होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कुंभ** - आज शाम को किसी पार्टी या आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे लोग छुट्टी ले सकते हैं। कार्यों में नवीनता आने से उत्साहित रहेंगे। नए काम को लेकर जल्दबाजी न करें। पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा।

**मीन** - आज आपको दुविधापूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। मन में किसी तरह का पूर्वाग्रह न पालें। इससे आप अपने हितों के चुनाव में गलतियां कर सकते हैं। यात्रा से लाभ होगा। अनावश्यक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
मि. इंडिया - दोपहर : 12 .11
रास्कल्स - रात : 07 .16

**&pictures**
टॉइलेट-एक प्रेम कथा - सुबह : 10 .52
विवाह - रात : 07 .30

**Sony Pix**
बैटमैन बिगिन्स - सुबह : 11 .01
द 355 - रात : 09 .00

**Zee Cinema**
किसी का भाई किसी की जान - सुबह : 10 .49
औरों में कहां दम था - रात : 08 .00

**Zee Action**
बदला नाग का - सुबह : 11 .23
मोहरा - रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह : 10 .49 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

डॉक्टर - आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की - क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर - नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की - ओह! नो अब मैं अब मैं क्या करुंगी?
डॉक्टर- धीरज रखिए।
लड़की - अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था- "बिका माल वापस नहीं होगा"।

अध्यापक- रोहन, अगर तुम्हारे पास पंद्रह सेब हों,जिनमें से छह तुम निर्मला को दे दो,चार सुनिता को दे दो और पांच डौली को दे दो तो तुम्हें क्या मिलेगा?
रोहन- सर ! मुझे तीन नई गर्लफ्रेंड मिलेगी।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 79,802.79 | 24,131.10 |
| बढ़त | 759.05 | 216.95 |
| प्रतिशत में | 0.96 % | 0.91 % |






अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शनिवार, 30 नवंबर 2024


## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2325, राज श्री 1790, फ़ॉर्चून कि. 2290, रविन्द्रा 2310, फॉर्चुन ली. 2100, जय जवान 1990, सचिन 2125, सूरज 2015, अवसर 2150, राग गोल्ड 2270, गृहणी ली 2090, क्लासिक (किलो) 2190, मोर 2185, चक्र टिन 2095, ब्लू 2260, आशीर्वाद मस्टर्ड 2230, स्वास्तिक 2295 ।किराना-( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 16000, जीरा 30500, लाल मिर्च 18000-20000, धनिया 8500-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-780, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1100 ।चावल- ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9900, स्पाइस 6800, शरबती कच्ची 4750, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 7500, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10300, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8500, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4650, खजाना 4600 ।दाल दलहन --मूंग दाल इंदौर 10000, मूंग धोवा 10400, राजमा चित्रा 12000-13000, राजमा भूटान नया 10200, मलका काली 7250-7700 मलका दाल 7375-8000, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8450, दाल चना 8350, लाल हिंदुस्तान 8550, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9750, चना अकोला 8600, डबरा 10000-11200, सच्चा हीरा 12500, मोटा हीरा 14600, अरहर गोला मोटा 10600, अरहर पटका मोटा 11100, अरहर कोरा मोटा 11500, अरहर पटका छोटा 15000-15700, अरहर कोरी छोटी 16800 ।चीनी - डालमियां 3970, पीलीभीत 3950, नवाबगंज 3940, बहेड़ी नयी 3960

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 79300 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 78300 |
| सिल्वर ( पक्की) | 910 (अनुमानित) |

# आवास मूल्य सूचकांक 4.3% बढ़ा : आरबीआई

## एचपीआई में अप्रैल-जून तिमाही में 3.3 और पिछले साल 3.5 प्रतिशत की हुई थी वृद्धि

मुंबई, एजेंसी



- 10 प्रमुख शहरों से प्राप्त जानकारी के आधार पर केंद्रीय बैंक ने जारी किया आंकड़ा
- बेंगलुरु में सर्वाधिक 8.8 तो कानपुर में दर्ज की गई 2 प्रतिशत की गिरावट

अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में सालाना आधार पर 4.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार एचपीआई में अप्रैल-जून तिमाही में 3.3 प्रतिशत और पिछले साल इसी तिमाही में 3.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

आरबीआई ने शुक्रवार को 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए अपना आवास मूल्य सूचकांक जारी किया। यह 10 प्रमुख शहरों में पंजीकरण अधिकारियों से प्राप्त लेनदेन-स्तर के आंकड़ों पर आधारित है। ये शहर अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई हैं। आरबीआई ने कहा कि वार्षिक एचपीआई वृद्धि विभिन्न शहरों में व्यापक रूप से भिन्न रही। बेंगलुरु में यह सर्वाधिक 8.8% रही। जबकि कानपुर में दो प्रतिशत की गिरावट तक देखी गई। तिमाही आधार पर, अखिल भारतीय एचपीआई में जुलाई-सितंबर अवधि में 0.1 प्रतिशत की कमी आई। अहमदाबाद, लखनऊ, कोलकाता और चेन्नई में सितंबर तिमाही के दौरान मकान की कीमतों में पिछली तिमाही की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई।

### उद्योगों के लिए बैंक ऋण आठ प्रतिशत बढ़ा

वाणिज्यिक बैंकों ने अक्टूबर 2024 में उद्योगों को सालाना आधार पर 8% अधिक ऋण दिया, जबकि एक साल पहले यह वृद्धि 4.8 % थी। रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चला कि कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए ऋण अक्टूबर 2024 में सालाना आधार पर 15.5% बढ़ा। इसमें पिछले साल 17.4% की वृद्धि हुई थी। प्रमुख उद्योगों में, रसायन और रासायनिक उत्पाद, पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद और परमाणु ईंधन तथा इंजीनियरिंग के लिए एक साल पहले के मुकाबले अक्टूबर 2024 में ऋण वृद्धि अधिक रही। अक्टूबर में व्यक्तिगत ऋणों की वृद्धि दर घटकर 15.8% रह गई, जबकि एक साल पहले यह 18% थी। ऐसा मुख्य रूप से अन्य व्यक्तिगत ऋण, वाहन ऋण और क्रेडिट कार्ड बकाया की वृद्धि में कमी के चलते हुआ। समीक्षाधीन अवधि में व्यक्तिगत ऋण खंड के सबसे बड़े घटक आवास में पिछले साल की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई।

### सेवा निर्यात 22.3% बढ़कर 34.3 अरब डॉलर पर

भारत का सेवा निर्यात लगातार दूसरे महीने बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में यह 22.3 प्रतिशत बढ़कर 34.3 अरब डॉलर हो गया। दूसरी ओर, अक्टूबर में आयात 27.9 प्रतिशत बढ़कर 17.21 अरब डॉलर हो गया है। जुलाई के मुकाबले अगस्त में गिरावट के बाद सितंबर में सेवा निर्यात बढ़कर 32.57 अरब डॉलर हो गया था। आयात में भी लगातार दूसरे महीने वृद्धि हुई।

# चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग का निर्यात 2030 तक हो जाएगा 20 अरब डॉलर : सीआईआई

नई दिल्ली, एजेंसी



- निर्यात में तेजी के लिए अधिक सरकारी प्रोत्साहन और कारोबारी सुगमता की आवश्यकता

देश में चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग का निर्यात 2030 तक 20 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, इस क्षेत्र को निर्यात में तेजी लाने के लिए अधिक सरकारी प्रोत्साहन और कारोबारी सुगमता की आवश्यकता है। उद्योग मंडल सीआईआई ने शुक्रवार को यह कहा।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के राष्ट्रीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी मंच के अध्यक्ष हिमांशु बैद ने कहा कि चिकित्सा प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना फिलहाल चुनिंदा चिकित्सा उपकरणों के लिए उपलब्ध है। इसके दायरे में सभी उत्पादों को लाने की आवश्यकता है, जबकि विनिर्माताओं को छिपी लागत को पूरा करने के लिए निर्यात प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज हम देश में जरूरत के हिसाब से 60 से 70% मेडिकल उपकरण आयात कर रहे हैं। जबकि, हमारा विनिर्माण अभी भी बहुत कम है क्योंकि 30% उपकरण देश में ही बनते हैं। हमारा आयात हमारे निर्यात से ज्यादा है। हमारा आयात आठ अरब डॉलर है और हमारा निर्यात चार अरब डॉलर है। बैद ने कहा कि भारत में इस उद्योग को अगले स्तर तक बढ़ाने की सबसे अच्छी क्षमता है तथा वह एक विशेष देश पर आयात निर्भरता कम करने के लिए विश्व द्वारा अपनाई जा रही चीन प्लस वन रणनीति का लाभ उठा सकता है। सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और चीन की तुलना में कम लागत वाले श्रम के मामले में भारत में उपलब्ध प्रतिभा के आधार पर देश इसका लाभ उठाने को तैयार है। भारतीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग की निर्यात क्षमता पर उन्होंने कहा कि 2030 तक भारत का निर्यात 15 से 20 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है और हमारा आयात आठ अरब डॉलर से घटकर तीन से चार अरब डॉलर रह जाएगा।

# सोना 700 रुपये तेज, चांदी 1,300 बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी



- सोने की कीमत 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम तो चांदी हुई 92,200 रुपये प्रति किलो

विदेशी बाजारों में मजबूत रुख और स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली बढ़ने से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 700 रुपये की तेजी के साथ 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। चांदी की कीमत भी 1,300 रुपये उछलकर 92,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। जबकि गुरुवार को चांदी 4,900 रुपये टूटकर 90,900 रुपये प्रति किलो रही थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपये बढ़कर 79,000 रुपये पहुंच गया जो गुरुवार को 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सूत्रों ने कहा कि विदेशों में सकारात्मक रुख और घरेलू मांग में वृद्धि से बाजार धारणा मजबूत हुई, जिससे मुख्यतः सोने की कीमतों में तेजी आई। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष, शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग के कारण एमसीएक्स पर सोने में सकारात्मक कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 20.60 डॉलर प्रति औंस या 0.77 प्रतिशत बढ़कर 2,685.40 डॉलर प्रति औंस हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि खरीदारी और फेडरल रिजर्व द्वारा दिसंबर में ब्याज दर में कटौती की संभावना से तेजी आई।

## विदेशी मुद्रा भंडार 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.58 अरब डॉलर पर

- सितंबर के अंत में 704.88 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंचा था

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.58 अरब डॉलर रहा। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 15 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17.76 अरब डॉलर की रिकॉर्ड गिरावट के साथ 657.89 अरब डॉलर रहा था। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। उसके बाद से इसमें पिछले कई हफ्ते से गिरावट आ रही है। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.04 अरब डॉलर घटकर 566.79 अरब डॉलर रही।

# प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन वृद्धि घटकर 3.1 प्रतिशत पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

- अक्टूबर की वृद्धि दर सितंबर में दर्ज 2.4 प्रतिशत के मुकाबले अधिक

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन अक्टूबर 2024 में घटकर 3.1 प्रतिशत रहा। पिछले साल के इसी महीने में यह 12.7 प्रतिशत था। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

अक्टूबर 2024 की वृद्धि दर हालांकि इससे पिछले महीने सितंबर 2024 में दर्ज 2.4 प्रतिशत के मुकाबले अधिक है। अक्टूबर में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में कमी आई है। कोयला, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में वृद्धि क्रमशः 7.8 , 0.4 , 4.2 और 0.6 प्रतिशत रही। पिछले साल अक्टूबर में यह आंकड़ा क्रमशः 18.4, 5.3, 16.9 और 20.4 प्रतिशत था। समीक्षाधीन महीने में रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर के दौरान प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों - कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली - की वृद्धि दर 4.1 प्रतिशत रही। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 8.8 प्रतिशत थी। ये आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्र औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं।



# वे अब चौकीदार को चोर नहीं बोल पाते : मोदी

## विपक्ष पर प्रधानमंत्री ने किया कटाक्ष, बोले- सत्ता के भूखे लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं

- ओडिशा में पार्टी के कार्यक्रम में मोदी ने कहा- सत्ता के लिए विपक्ष जनता को कर रहा गुमराह

भुवनेश्वर, एजेंसी



भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विपक्षी दलों पर सत्ता हासिल करने के लिए देश को गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि सत्ता के भूखे ये लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं। उन्होंने इस क्रम में साल 2019 के लोकसभा चुनाव में राफेल विमान सौदे में कथित भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस की ओर से चलाए गए चौकीदार चोर है अभियान का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो चौकीदार 2019 में उनके लिए चोर था, वह साल 2024 आते-आते ईमानदार हो गया और अब वे एक बार भी चौकीदार को चोर नहीं बोल पाते।

उन्होंने कहा कि इनका (विपक्ष का) मकसद सिर्फ किसी तरह देश की जनता को गुमराह करने के लिए सत्ता पर कब्जा किया जाए, ताकि देश को लूटा जा सके। लगातार हो रही चुनावी हार ने विपक्षी दलों के भीतर इतना गुस्सा भर दिया है कि वे अब देश के खिलाफ साजिश करने में जुट गए हैं और गुस्सा जनता पर निकालने लगे हैं। भाजपा की ओडिशा इकाई के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी झूठ और अफवाह की दुकान 50-60 साल से चल रही है। अब उन्होंने इस अभियान को और तेज कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इनका एक झूठ लोगों पर काम नहीं करता, तो उससे बड़ा दूसरा झूठ ये गढ़ते हैं। ये अपने कार्यकर्ताओं को भी झूठा दिलासा देने के लिए यही करते हैं। उन्होंने विपक्ष के कारनामों को बहुत बड़ी चुनौती करार दिया और देशवासियों से हर पल सतर्क और जागरूक रहने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों ने पार्टी कार्यकर्ताओं में विश्वास भर दिया है और यही भाजपा की विशेषता और उसके कार्यकर्ताओं का सामर्थ्य है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल भाजपा सरकार के खिलाफ सुबह शाम दुष्प्रचार करते रहते हैं। लेकिन जनता भाजपा सरकार के कामों को देखकर उन्हें आशीर्वाद देने खुद मैदान में दौड़ पड़ती है।

### राजनीति में नीतिगत विरोध बहुत स्वाभाविक

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने ओडिशा को केंद्र से मिलने वाले बजट को तीन गुणा किया, नई-नई योजनाएं चलाईं। उन्होंने कहा कि इसलिए ओडिशा की जनता भाजपा की नीति और कार्यशैली को जान सकी। उनके मन में भाजपा को लेकर विश्वास पैदा हुआ और उन्होंने भाजपा को अशीर्वाद दिया। मोदी ने कहा कि दुनिया में भारत का प्रभाव 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद कई गुना अधिक हो गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीति में नीतिगत विरोध बहुत स्वाभाविक है, लेकिन कुछ समय से एक बहुत बड़ा बदलाव यह हुआ है कि संविधान की भावनाओं को कुचल दिया जाता है और लोकतंत्र की सारी मर्यादाओं को अस्वीकार किया जाता है। जो लोग सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं, उनके पास केंद्र की सत्ता पिछले एक दशक से नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज केंद्र सरकार ओडिशा के गौरव को बड़ी प्राथमिकता दे रही है और वह इस राज्य को देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के नक्शे पर लाना चाहती है।

## गुणवत्ता संबंधी याचिका पर विचार से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंदिरों में बांटे जाने वाले प्रसाद की गुणवत्ता पर नियमन की मांग वाली याचिका पर विचार से इनकार करते हुए शुक्रवार को कहा यह मामला सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 26 नवंबर को कहा था कि कार्यपालिका अपनी सीमा में कार्य कर रही है। पीठ ने कहा कि हम इस याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि यह सरकार के नीति क्षेत्र के अंतर्गत आती है। यदि याचिकाकर्ता चाहे तो वह उचित प्राधिकार के समक्ष निवेदन कर सकता है। याचिकाकर्ता के वकील ने प्रसाद खाने के बाद लोगों के बीमार पड़ने की बात का जिक्र करते हुए कहा कि जनहित याचिका प्रचार के लिए दायर नहीं की गई है।

# टूटे हुए रिश्ते आत्महत्या के लिए उकसाने की श्रेणी में नहीं आते

नई दिल्ली, एजेंसी

**मंदिरों में प्रसाद का मामला**



- सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को पलटा

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि टूटे हुए रिश्ते भावनात्मक रूप से कष्टदायक होते हैं और यदि आत्महत्या के लिए उकसावे का कोई इरादा न हो तो यह खुद-ब-खुद उकसाने के अपराध की श्रेणी में नहीं आते। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने एक फैसले में यह टिप्पणी की।

शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें कमरुद्दीन दस्तगीर सनदी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत धोखाधड़ी और आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध में दोषी ठहराया गया था। फैसले में कहा गया कि यह टूटे हुए रिश्ते का मामला है, न कि आपराधिक आचरण का। सनदी पर शुरू में आईपीसी की धारा 417 (धोखाधड़ी), 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) और 376 (दुष्कर्म) के तहत आरोप लगे थे। निचली अदालत ने उसे सभी आरोपों से बरी किया, जबकि उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की अपील पर उसे धोखाधड़ी और आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी ठहराया तथा पांच साल कैद की सजा सुनाई। मां की दर्ज कराई प्राथमिकी के अनुसार, उसकी 21-वर्षीय बेटी 8 साल से आरोपी से प्यार करती थी और अगस्त 2007 में उसने आत्महत्या कर ली थी।

## एक नजर

### 2,800 करोड़ के चिटफंड घोटाले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने शुक्रवार को कहा कि उसने 2,800 करोड़ के चिटफंड घोटाले में कोलकाता में व्यक्ति और उसके बेटे को गिरफ्तार किया है। अदालत ने प्रयाग ग्रुप ऑफ कंपनीज के प्रवर्तक बासुदेब बागची और उनके बेटे अविक को दस दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया। ईडी ने 26 नवंबर को कोलकाता-मुंबई में इन दोनों और कुछ अन्य के परिसरों पर छापा मारा थस।

### पूर्व प्रवर्तकों की नकदी और लग्जरी कारें जब्त

**नई दिल्ली।** ईडी ने 1,400 करोड़ के कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में डेयरी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी क्वालिटी लिमिटेड के पूर्व प्रवर्तकों की तलाशी के बाद 1.3 करोड़ नकद और मुखौटा कंपनियों से संबंधित साक्ष्य जब्त किए है। ईडी ने शुक्रवार को कहा कि साढ़े छह करोड़ मूल्य के लग्जरी वाहन और डीमैट खाते भी फ्रीज किए गए हैं। संघीय एजेंसी ने इस मामले में 27 नवंबर को दिल्ली व एनसीआर में 15 स्थानों पर छापेमारी की थी।

### तमिलनाडु में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या

**तिरुपुर।** तिरुपुर के गांव में शुक्रवार को एक बुजुर्ग, उनकी पत्नी और बेटे की घर में घुसकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि घायल देवसिगामनी ने अस्पताल में दम तोड़ा, उनकी पत्नी अलामेलु व बेटे सेंथिलकुमार घर के अंदर मृत मिले।

# दिल्ली में धमाके के एक दिन बाद स्कूल को मिली बम की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रशांत विहार में हुए विस्फोट स्थल से एक किलोमीटर दूर है स्कूल

दिल्ली में रोहिणी के स्कूल को शुक्रवार को बम की धमकी का ईमेल मिला। यह स्कूल प्रशांत विहार के उस स्थल के एक किलोमीटर दायरे में है जहां गुरुवार को कम तीव्रता का धमाका हुआ था। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि स्कूल में गहन तलाशी के बाद धमकी अफवाह साबित हुई। स्कूल को सुबह 10.57 बजे आए बम की धमकी के ईमेल की पुलिस को जानकारी मिली। स्कूल उस जगह से एक किलोमीटर की दूरी है, जहां गुरुवार को धमाका हुआ था। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस, बम निरोधक दस्ता, खोजी कुत्तों का दस्ता ने स्कूल परिसर की तलाशी ली और कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। स्कूल अधिकारियों ने अभिभावकों को सुबह 11 बजे तक बच्चों को स्कूल से ले जाने का अनुरोध किया था। स्कूल से अभिभावकों को भेजे संदेश में कहा गया है कि स्थिति नियंत्रण में है।

## मृत बच्चे के पिता को गुमराह करने में 6 चिकित्सकों पर केस

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र में निजी अस्पताल के 6 चिकित्सकों के खिलाफ उपचार के दौरान जान गंवाने वाले बच्चे के पिता को गुमराह करने के आरोप में केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी चिकित्सकों ने साक्ष्यों से छेड़छाड़ भी की। पांच वर्षीय बच्चे को 26 अप्रैल को सुतगिरणी में वेदांत अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 10 दिन बाद बच्चे की मौत हो गई। बच्चे के पिता अविनाश अघव के आरोप है कि गलत उपचार से उनके बेटे की मौत हुई। साक्ष्य मिटकर संबंधित कागजात उन्हें नहीं दिए गए।

# 150 वर्ष तक कच्ची मजार रही, मंदिर कैसे आया

अजमेर, एजेंसी

**अजमेर दरगाह**



- दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन अली खान बोले- सरकार अपने लिखे को थूक कर चाट नहीं सकती

अजमेर दरगाह शरीफ के दीवान और ख्वाजा साहब के वंशज दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन अली खान ने कहा है कि दरगाह का इतिहास 800 वर्ष पुराना है, जब गरीब नवाज यहा आए, यह कच्चा मैदान रहा, 150 वर्ष तक कच्ची मजार रही, फिर नीचे मंदिर कैसे आ गया।

आबेदीन ने शुक्रवार को दरगाह में मंदिर विवाद पर पहली बार मीडिया के सामने कहा कि द प्लेस ऑफ वर्शिप 1991 में स्पष्ट है कि 15 अगस्त 1947 को भारत के अंदर जितने भी धर्मस्थल हैं, उनको वैसे ही रखने का सरकार का आदेश है। सरकार अपने लिखे को थूक कर चाट नहीं सकती। उन्होंने सवाल किया कि वाद दायर करने वाले की पृष्ठभूमि क्या है, इसे भी देखना चाहिए। ख्वाजा के वंशज को पक्षकार ही नहीं बनाया गया। जबकि एएसआई का यहां से कोई लेना देना नहीं है। तो फिर सर्वे कैसा? हमारे पास भी कानूनी अधिकार है, हम भी न्यायालय में जाएंगे, लेकिन आम जन कोई ऐसा काम न करें, जिससे विवाद पैदा हो।

### बाबर-औरंगजेब ने मंदिरों पर मस्जिदें बनाईं: दिलावर

**जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि बाबर और औरंगजेब ने मंदिरों पर मस्जिदें बनवाई थीं। अदालत खुदाई का आदेश देती है तो मिलने वाले अवशेषों के आधार पर फैसला होगा। दिलावर का यह बयान दरगाह शिव मंदिर पर बने होने के दावे से संबंधित विवाद के बीच आया।

## वक्फ बोर्ड को 10 करोड़ नहीं देगी महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य वक्फ बोर्ड को 10 करोड़ देने के आदेश को शुक्रवार को वापस ले लिया। राज्य की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने यह जानकारी दी। राज्य प्रशासन ने एक दिन पहले एक सरकारी प्रस्ताव जारी कर प्रदेश के वक्फ बोर्ड को मजबूत करने के लिए 10 करोड़ की निधि जारी करने का आदेश दिया था। सरकारी प्रस्ताव के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य वक्फ बोर्ड को मजबूत करने के लिए 2024-25 के वास्ते 20 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई थी। इसमें से दो करोड़ रुपये बोर्ड को हस्तांतरित किये गए थे।

# महंगी गाड़ियों के मालिक ले रहे पेंशन का लाभ

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- वित्त विभाग के गरीबों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन की समीक्षा में सच हुआ उजागर

केरल के वित्त विभाग ने एक नगरपालिका में गरीबों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों की समीक्षा की है, जिसमें पता चला है कि बीएमडब्ल्यू जैसी महंगी कारों के मालिक और वातानुकूलित मकानों में रहने वाले लोग इस योजना का लाभ उठा रहे हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि मलप्पुरम जिले में कोट्टक्कल नगर पालिका के अंतर्गत की गई समीक्षा में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ। इसके बाद राज्य के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल ने अधिकारियों को पूरे राज्य में ऐसा ऑडिट करने और लाभार्थी सूची से सभी अपात्र व्यक्तियों को हटाने का निर्देश दिया है। केरल में राजपत्रित अधिकारियों और कॉलेज के प्रोफेसरों समेत 1,500 सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों के फर्जी तरीके से सामाजिक सुरक्षा पेंशन हासिल करने से जुड़ी खबरों को लेकर व्याप्त आक्रोश के बीच यह नया खुलासा हुआ है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय स्वशासी निकायों को बैंक खातों से पेंशन राशि प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की पात्रता का नियमित मूल्यांकन करने का निर्देश दिया जाएगा। राज्य के वित्त मंत्री ने कोट्टक्कल मामले पर शुक्रवार को उन अधिकारियों की सतर्कता जांच के आदेश दिए, जिन्होंने योजना में समृद्ध व्यक्तियों को शामिल किया था। वित्त मंत्री ने पात्रता का सत्यापन करने वाले, आय प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारियों और पेंशन को मंजूरी देने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सतर्कता जांच की बात कही है।

## मप्रः खंडवा में मशाल जुलूस के दौरान 30 लोग झुलसे

**खंडवा (मप्र)।** मध्यप्रदेश के खंडवा में मशाल जुलूस के दौरान महिलाओं और बच्चों समेत 30 लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। खंडवा के एसपी मनोज राय ने बताया कि यह घटना गुरुवार आधी रात की है जब जुलूस शहर के क्लॉक टॉवर पर समाप्त हो रहा था। जलती मशालों को उल्टा करके बुझाने के लिए पानी से भरे कंटेनर में डाला जा रहा था, तभी आग की लपटें धधक उठीं। कुछ सेकेंड तक इन लपटों से आसपास के लोग झुलस गए। महिलाओं और बच्चों समेत 30 लोगों को जिला अस्पताल ले जाया गया। प्रतिबंधित छात्र इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के सदस्यों द्वारा 2009 को मारे गए पुलिसकर्मी सीताराम सहित तीन लोगों की याद में हर साल ये जुलूस निकाला जाता है।

# मुख्यमंत्री पर फैसला एक-दो दिन में : शिंदे

नई दिल्ली, एजेंसी



- कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने कहा- सरकार गठन पर गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के साथ हुई सकारात्मक बातचीत

महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में सरकार गठन के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के साथ उनकी अच्छी और सकारात्मक बातचीत हुई।

शिंदे ने मुंबई जाने से पहले कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पर फैसला एक या दो दिन में महायुति की बैठक में होगा। शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने राज्य में सत्ता साझेदारी समझौते पर बातचीत के लिए गुरुवार रात शाह और नड्डा से मुलाकात की थी। निवर्तमान मुख्यमंत्री ने कहा कि हम एक या दो दिन में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पर निर्णय लेंगे। हमने चर्चा की है और यह जारी रहेगी। जब हम अंतिम निर्णय लेंगे तो आपको पता चल जाएगा। शिंदे ने कहा कि वह राज्य में सरकार गठन में बाधा नहीं बनेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा शाह द्वारा लिए गए निर्णय का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि लाडका भाऊ (प्यारा भाई) का दर्जा मेरे लिए किसी भी अन्य चीज से ऊपर है।

# लक्ष्य, प्रियांशु और पीवी सिंधु सेमीफाइनल में पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप
- कपिला-तनीषा क्रैस्टो मिश्रित युगल और अश्विनी-तनीषा महिला युगल के अंतिम चार में



**अमृत विचार :** शीर्ष वरीय स्टार भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप में धमाकेदार प्रदर्शन के साथ महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बना ली। साथ ही पुरुष एकल में शीर्ष वरीय भारतीय शटलर लक्ष्य सेन व दूसरी वरीय प्रियांशु राजावत भी जीत के साथ अंतिम चार में पहुंच गए हैं। महिला युगल में दूसरी वरीय त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी. भी सेमीफाइनल में पहुंच गईं। 5वीं वरीय भारत के ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो मिश्रित युगल व पिछली उप विजेता भारत की शीर्ष वरीय अश्विनी पोनप्पा व तनीषा क्रैस्टो महिला युगल के अंतिम चार में जगह बना चुकी हैं।

गोमती नगर स्थित बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में चैंपियनशिप में राष्ट्रमंडल खेल के स्वर्ण व विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को जीत के लिए शुक्रवार को अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने हमवतन माइसनम लुआंग मेरबा को 21-8, 21-19 से हरा कर आसान जीत दर्ज की। लक्ष्य सेन को दूसरे गेम में थोड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ा। एक समय ऐसा भी लगने लगा था कि लक्ष्य यह गेम गवां बैठेंगे। अंतिम पलों में लक्ष्य ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए आसानी से जीत अपने नाम की। लक्ष्य ने जीत के बाद खुशी जताते हुए कहा कि दूसरे गेम में कुछ कठिनाई हुई थी, लेकिन जीतना अच्छी बात है। पुरुष एकल में दूसरी वरीय भारत के प्रियांशु राजावत ने वियतनाम के गुयेन हे डांग को आसानी से 21-13, 21-8 से हराया। महिला एकल में शीर्ष वरीय भारत की पीवी सिंधु ने चीन की डाई वांग को 21-15, 21-17 से हराया।

### इशान और शंकर प्रसाद ने भी किया अंतिम चार में प्रवेश

पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में भारत के इशान भटनागर व शंकर प्रसाद, उदय कुमार के साथ साई प्रतीक व पृथ्वी के.राय भी अंतिम चार में पहुंचे गए। महिला एकल में थाईलैंड की एल. चाइवान ने भारत की तसनीम मीर को 21-13, 21-15 से और चीन की वू लुओ यू ने भारत की श्रीयांशी वली शेट्टी को 20-22, 21-14, 21-19 से हराया।

### इन भारतीय स्टार खिलाड़ियों पर आज होंगी सभी की निगाहें

- लक्ष्य का मुकाबला आज जापान के शोगो ओगावा से होगा, जिन्होंने 8वीं वरीय भारत के आयुष शेट्टी को 21-7, 21-14 से हराया।
- प्रियांशु की अब सेमीफाइनल में सिंगापुर के चौथी वरीय जिया हेंग जेसन तेह से टक्कर होगी, जिन्होंने भारत के आर. संजीवी सतीश कुमार को हराया।
- पीवी सिंधु की टक्कर अब भारत की उन्नति हुड्डा (ओडिशा ओपन 2022 विजेता) से होगी, जिन्होंने एक अन्य मुकाबले में अमेरिका की इशिका जायसवाल को 21-16, 21-9 से हराया।

### आज के अन्य परिणाम

- मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में 5वीं वरीय भारत के ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो ने मलेशिया के लू बिंग कू व हो लो यी को 21-16, 21-13 से हराया।
- महिला युगल में ओलंपियन अश्विनी पोनप्पा के साथ उतरी तनीषा क्रैस्टो ने 5वीं वरीय हमवतन श्रुति मिश्रा व प्रिया कोन्जेंगबम को 21-12, 17-21, 21-16 से हराया।
- महिला युगल क्वार्टर फाइनल में त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी. ने छठीं वरीय मलेशिया की गो पेई की व तेओह मेई जिंग को 21-8, 21-15 से और चीन की बाओ ली जिंग व ली कियान ने रूतुपर्णा पांडा व स्वेतपर्णा पांडा को 21-9, 21-4 से हराया।
- मिश्रित युगल में थाईलैंड के डी. पुवारानुक्रोह व सुपिसारा पेवसम्प्रान ने भारत के दूसरी वरीय सतीश कुमार करुणाकरन व आद्या वरियानाथ को हराकर बड़ा उलटफेर किया।



## गुकेश-लिरेन ने ड्रॉ खेली चौथी बाजी

सिंगापुर, एजेंसी

विश्व शतरंज चैंपियनशिप

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और गत चैंपियन डिंग लिरेन ने शुक्रवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की चौथी बाजी ड्रॉ खेली जिससे दोनों खिलाड़ी बराबरी पर बने हुए हैं।

दोनों खिलाड़ियों ने 42 चाल के बाद बाजी ड्रॉ कराने पर सहमति जताई। इस तरह से 14 दौर के इस मुकाबले में चार दौर के बाद दोनों खिलाड़ी दो-दो अंक लेकर बराबरी पर हैं। विश्व चैंपियनशिप का मुकाबला खेल रहे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी 18 वर्षीय गुकेश ने बुधवार को तीसरी बाजी जीतकर बराबरी की थी। चीन के 32 वर्षीय खिलाड़ी लिरेन ने पहली बाजी जीतकर अच्छी शुरुआत की थी। दूसरी बाजी ड्रॉ रही थी।

## खेल डायरी

### मालागा गोल्फ में संयुक्त दूसरे स्थान पर प्रणवी

**मालागा (स्पेन)।** भारत की प्रणवी उर्स ने एंडालुशिया कोस्टा डेल सोल ओपन डे एस्पाना गोल्फ के पहले दौर के बाद बोगीरहित छह अंडर 66 स्कोर करके संयुक्त दूसरा स्थान हासिल कर लिया। वह फिनलैंड की नूरा कोमुलेनेन से एक शॉट पीछे है। लेडीज यूरोपीय टूर पर पहली बार खेल रही प्रणवी ने छह बर्डी लगाए। उनके साथ जर्मनी की हेलेन ब्रीम, पैट्रिशिया इसाबेल एस और स्पेन की अना पालेज ट्रिविनो दूसरे स्थान पर है। भारत की अदिति अशोक संयुक्त 20वें, दीक्षा डागर संयुक्त 32वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 41वें स्थान पर हैं।

### श्रीलंका सीरीज से बाहर हुए चोटिल मुल्डर

**डरबन।** दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्डर अंगली में चोट लगने के कारण श्रीलंका के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए। किंग्समीड स्टेडियम में खेले जा रहे टेस्ट के दूसरे दिन वियान मुल्डर दाएं हाथ की अंगुली में चोट लगने के कारण फ्रेक्चर हो गया था। इस चोट के कारण मुल्डर श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में बल्लेबाजी के दौरान मुल्डर के हाथ में चोट लग गई थी और बाद में एक्स-रे से फ्रेक्चर की पुष्टि हुई। इस पारी में मुल्डर नौ रन बनाकर नाबाद रहे थे।

### हॉकी इंडिया ने लॉन्च किया आधिकारिक मोबाइल एप

**नई दिल्ली।** खेल की अधिक लोगों तक पहुंच और प्रशंसकों के अनुभव को समृद्ध करने की दिशा में एक सार्थक कदम उठाते हुए हॉकी इंडिया ने हॉकी इंडिया लीग से पहले आधिकारिक रूप से मोबाइल एप लॉन्च किया है। करीब सात वर्ष के अंतराल के बाद हो रही हॉकी इंडिया लीग की वापसी को लेकर खिलाड़ी और प्रशंसक उत्साहित है। इस एप के लिए अब दुनिया भर के हॉकी खिलाड़ी और प्रशंसक जुड़े रह सकते है। यह एप नवीनतम फोटो और प्रेस रिलीज से लेकर आंकड़ों की विस्तृत जानकारी का अनुभव प्रदान करता है। हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ दिलीप तिर्की ने एप को लेकर कहा आधिकारिक हॉकी इंडिया और हॉकी इंडिया लीग एप खेल को अपने प्रशंसकों के करीब लाने की दिशा में एक कदम है। हमारा लक्ष्य अपडेट, लाइव एक्शन और विशेष सामग्री सहजता प्रदान करना है। हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा यह एप न केवल प्रशंसकों के लिए है, बल्कि खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए भी है, जो खेल का जश्न मनाने और खेल को आगे बढ़ाने के लिए एक एकीकृत मंच बना रहा है। कई विशेषताओं को एकीकृत करके हमारा लक्ष्य खेल और प्रशंसकों के बीच की खाई को पाटना है। यह एप सभी के लिए सुलभ एक जीवंत हॉकी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के हमारे दृष्टिकोण का प्रमाण है।

### भारतीय महिला टीम की वनडे जर्सी का अनावरण



**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शुक्रवार को यहां बोर्ड मुख्यालय में टीम की वनडे के लिए नई जर्सी का अनावरण किया। महिला टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ 22 दिसंबर से वडोदरा में खेली जाने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान नई जर्सी पहनेगी। हरमनप्रीत ने कहा जर्सी का अनावरण करना सम्मानजनक है और वास्तव में खुशी है कि हम पहली टीम हैं जो वेस्टइंडीज टीम के खिलाफ यह जर्सी पहनने जा रही है। मुझे यह जर्सी बहुत अच्छी लगी और यह वास्तव में खुशी की बात है कि हमें वनडे के लिए विशेष जर्सी मिली है। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले हरमनप्रीत की अगुवाई वाली भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी जहां वह पांच से 11 दिसंबर तक तीन मैचों की वनडे श्रृंखला खेलेगी। हरमनप्रीत ने कहा कि भारतीय टीम की जर्सी पहनना हमेशा खास होता है क्योंकि इसे हासिल करने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। मैं चाहती हूं कि भारतीय प्रशंसक भी यह जर्सी पहन कर गर्व महसूस करें।

## कैनबरा में आज से शुरू होगा दो दिवसीय अभ्यास मैच, बल्लेबाजी संयोजन तय करना चाहेगी भारतीय टीम

# बल्लेबाजों को परखेगी पिंक बॉल

कैनबरा, एजेंसी



**मैच : सुबह 9:10 बजे**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नीतिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश :** जैक एडवडर्स (कप्तान), चार्ली एंडरसन, माहली बीयर्डमैन, स्कॉट बोलैंड, जैक क्लेटन, एडेन ओकोनोर, ओली डेविस, जेडेन गुडविन, सैम हार्पर, हान्नो जैकब्स, सैम कोंस्टास, लॉयड पोप, मैथ्यू रेनशॉ, जेम रियान।

ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ शनिवार से मानुका ओवल पर शुरू हो रहे दो दिवसीय अभ्यास मैच में भारतीय टीम एडीलेड में दिन रात के टेस्ट से पहले अपना बल्लेबाजी संयोजन तय करने के इरादे से उतरेगी। भारत ने अब तक दिन-रात के चार टेस्ट खेले हैं और एकमात्र पराजय चार साल पहले एडीलेड में मिली जब टीम 36 रन पर आउट हो गई थी। इसके बाद हालांकि भारत ने वापसी करके चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला जीती थी।

गुलाबी गेंद सूर्यास्त के समय खेलना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। चूंकि अभ्यास मैच को प्रथम श्रेणी मैच का दर्जा नहीं है लिहाजा भारत के अधिकांश बल्लेबाज अभ्यास करना चाहेंगे। पर्थ टेस्ट 295 रन से जीतने के बाद भारतीय टीम का मनोबल ऊंचा है। अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे कप्तान रोहित शर्मा और अंगूठे के फ्रेक्चर से उबरे शुभमन गिल टीम में लौटे हैं जिससे छह दिसंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए बल्लेबाजी क्रम में बदलाव हो सकता है। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल सलामी बल्लेबाज हैं लेकिन पर्थ टेस्ट में जायसवाल और केएल राहुल ने अच्छा प्रदर्शन किया। ऐसे में रोहित बल्लेबाजी क्रम में नीचे भी उतर सकते हैं। ऐसा होने पर गिल का क्रम भी बदलेगा। भारत को अभ्यास मैच में ही ये प्रयोग करने होंगे।

यह दो दिवसीय मैच ही है जिसमें गेंदबाजों की बजाय बल्लेबाजों को अधिक अभ्यास की जरूरत है। सरफराज खान जैसे बल्लेबाज भी हाथ आजमाना चाहेंगे हालांकि किसी के चोटिल होने की दशा में ही उन्हें मौका मिल सकता है। गिल ने नेट्स पर टीम के साथ अभ्यास किया। भारतीय टीम इस दौरे पर अभ्यास मैच नहीं खेल रही है क्योंकि अमूमन वे प्रतिस्पर्धी नहीं होते। प्रधानमंत्री एकादश टीम की कमान जैक एडवडर्स के हाथ में है । टीम में आस्ट्रेलिया के अंडर 19 स्टार चार्ली एंडरसन, माहली बीयर्डमेन, एडेन ओकोनोर और सैम कोंस्टास भी हैं।

### तैयार है मैकस्वीनी : हैरिस

**मेलबर्न।** नाथन मैकस्वीनी भले ही अपने टेस्ट पर्दापण में संघर्ष करते दिखे हों लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज रेयान हैरिस ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में इस युवा सलामी बल्लेबाज के अच्छे प्रदर्शन का भरोसा जताते हुए कहा कि वह इस भूमिका के लिए पूरी तरह तैयार हैं। डेविड वॉर्नर की जगह मैकस्वीनी को टीम में जगह मिली थी लेकिन वह पर्थ में पहले टेस्ट में भारत के गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ महज 10 रन और शून्य ही बना सके। हैरिस दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की प्रथम श्रेणी टीम में मैकस्वीनी को कोचिंग देते हैं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि वह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है लेकिन हर किसी की तरह उसे भी रन बनाने की जरूरत है।

### ऑस्ट्रेलिया ने विराट कोहली को शतक बनाने का मौका दिया : एलन बॉर्डर

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर ने पर्थ में पहले टेस्ट के दौरान विराट कोहली के बल्ले पर अंकुश लगाने में उनकी टीम की असमर्थता पर निराशा जताते हुए कहा कि इससे मेजबान को पांच मैचों की श्रृंखला गंवानी पड़ सकती है। पिछले डेढ साल में एक भी टेस्ट शतक नहीं लगा सके कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में फॉर्म में लौटे और नाबाद 100 रन बनाए। भारत ने वह टेस्ट 295 रन से जीता। बॉर्डर ने सेन रेडियो से कहा जिस तरह से उन्होंने कोहली को शतक बनाने दिया, मैं बहुत निराश हूं। हम नहीं चाहते कि पूरी श्रृंखला में कोहली इस तरह आत्मविश्वास के साथ खेले। बॉर्डर ने कप्तान पैट कमिंस की रणनीति पर भी सवाल उठाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में जूझते नजर आए कोहली को उन्होंने फॉर्म मे लौटने का मौका दिया। पूर्व सलामी बल्लेबाजी मैथ्यू हेडन ने कहा विराट को उसकी पारी की शुरूआत में ही आउट करना चाहिए था। फील्ड प्लेसमेंट ऐसे थे कि उसने आसानी से रन बनाए जबकि वह इससे पहले दबाव में था। शॉर्ट गेंद डालने में भी आस्ट्रेलिया ने देर की। जायसवाल शॉर्ट गेंद नहीं खेल पा रहा था।

### राहुल करें पारी का आगाज और तीसरे नंबर पर उतरें रोहित : पुजारा

**कैनबरा।** चेतेश्वर पुजारा चाहते हैं कि केएल राहुल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरूआत करें और कप्तान रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर उतरें। रोहित की गैर मौजूदगी में पर्थ में पहले टेस्ट में राहुल ने मध्यक्रम की बजाय शीर्षक्रम पर बल्लेबाजी की थी। ऑस्ट्रेलिया के पिछले दो दौरों पर भारतीय बल्लेबाजी की रीढ रहे पुजारा का मानना है कि पहले टेस्ट में 295 रन से मिली जीत के बाद सलामी जोड़ी में बदलाव नहीं होना चाहिए। जायसवाल ने पहले टेस्ट में शतक जमाया जबकि राहुल ने 26 और 77 रन की पारियां खेली। पुजारा ने कहा मुझे लगता है कि बल्लेबाजी क्रम में बदलाव नहीं होना चाहिए। केएल और यशस्वी पारी का आगाज करें और रोहित तीसरे, शुभमन पांचवें नंबर पर उतरें । अगर रोहित पारी की शुरूआत करना चाहते हैं तो केएल तीसरे नंबर पर उतरें लेकिन उससे नीचे नहीं। मुझे लगता है कि उसे शीर्षक्रम में ही उतरना चाहिए क्योंकि यह उसकी शैली को रास आता है। अंगूठे के फ्रेक्चर के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे गिल छह दिसंबर से एडीलेड में होने वाला दिन रात का टेस्ट खेलेंगे। पुजारा ने कहा गिल को पांचवें नंबर पर उतरना चाहिए क्योंकि इससे उसे समय मिलेगा। दो विकेट जल्दी गिरने पर भी वह नई गेंद को बखूबी खेल सकता है। तीन विकेट जल्दी गिरने पर वह आ सकता है और पुरानी गेंद के लिए ऋषभ पंत रहेगा।

## बोपन्ना-नागल ने आईओसीएल के लिए पीएसपीबी टेनिस खिताब जीता

पुणे, एजेंसी

इंडियन ऑयल कोरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की पुरुष और महिला टीमों ने क्रमशः ओएनजीसी और गेल को हराकर पीएसपीबी अंतर इकाई लॉन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

आईओसीएल ने ओएनजीसी को पुरुष टीम के फाइनल में 2-1 से हराया जबकि मिला टीम ने गेल को 2-0 से मात दी। डेविस कप खिलाड़ी दिविज शरण और रोहन बोपन्ना ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए विष्णु वर्धन और युकी भांबरी के खिलाफ तीन सेट का रोमांचक मुकाबला 6-7(5), 7-6(5), 10-7 से जीत लिया। दोनों टीमों ने एक एक एकल मुकाबले जीते थे। ओएनजीसी के वर्धन ने शुरूआती एकल में दिविज को 6-3, 6-3 से हराया जिसके बाद सुमित नागल ने युकी को 6-2, 6-3 से हराकर आईओसीएल को बराबरी पर ला दिया। महिलाओं की टीम स्पर्धा में आईओसीएल की रिया भाटिया ने गेल की लक्ष्मीसिरी दांडू को 6-3, 6-3 से ओलंपियन प्रार्थना थोम्बरे ने भी सोहिनी मोहंती को समान अंतर से मात दी।

## ब्रूक के शतक ने इंग्लैंड की तरफ मोड़ा मैच का रुख

क्राइस्टचर्च, एजेंसी



पारी के दौरान शॉट लगाते स्टोक्स

- न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे दिन इंग्लैंड ने पांच विकेट गवांकर बनाया 319 रन का स्कोर

हैरी ब्रूक ने सातवां टेस्ट शतक लगाया और ओली पोप के साथ पांचवें विकेट के लिए 151 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच का रुख अपनी तरफ मोड़ दिया। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ब्रूक 132 और बेन स्टोक्स 37 रन पर खेल रहे थे। यह दोनों छठे विकेट के लिए अभी तक 97 रन जोड़ चुके हैं।

इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 319 रन बनाए हैं और वह न्यूजीलैंड से केवल 29 रन पीछे है जिसने अपनी पहली पारी में 348 रन बनाए थे। ब्रूक और पोप के बीच साझेदारी कितनी महत्वपूर्ण रही इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जब ब्रूक ने क्रीज पर कदम रखा तब इंग्लैंड तीन विकेट पर 45 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। जल्द ही यह स्कोर चार विकेट पर 71 रन हो गया। पोप ने यहां से ब्रूक का अच्छा साथ निभाया और वे स्कोर को 222 रन तक ले गए। पोप अंतिम सत्र में 77 रन बनाकर आउट हुए।

न्यूजीलैंड का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा और उसने ब्रूक को 18, 41, 70 और 112 रन के निजी योग पर जीवनदान दिये। ब्रूक ने इसका पूरा फायदा उठाया। वह अभी तक 163 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के लगा चुके हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड ने सुबह अपनी पहली पारी आठ विकेट 319 रन से आगे बढ़ाकर 348 रन तक पहुंचाई। उसकी तरफ से ग्लेन फिलिप्स 58 रन बनाकर नाबाद रहे।

## बॉलीवुड हलचल



### बेस्टसेलर द किडनी स्कैम में काम करेंगी प्रभलीन

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रभलीन संधू आगामी फिल्म बेस्टसेलर : द किडनी स्कैम में काम करती नजर आयेंगी। वास्तविक घटनाओं से प्रेरित, फिल्म बेस्टसेलर द किडनी स्कैम भारत के सबसे बड़े मानव अंग तस्करी रैकेट के उजागर होने की दिलचस्प सच्ची घटनाओं को उजागर पर आधारित है। इस फिल्म में प्रभलीन संधू काम करती नजर आयेंगी। उन्हें फिल्म बकिंघम मर्डर्स में उनके अभिनय के लिए व्यापक रूप से प्रशंसा मिली है। फिल्म बेस्टसेलर : द किडनी स्कैम की कहानी तीन युवा मेडिकल कॉलेज के छात्रों की है, जिन्हें सड़क के बीच में एक गरीब रिक्शा चालक मिलता है, जिसके घाव गहरे हैं। उन्हें नहीं पता था कि वे भारत के सबसे बड़े किडनी घोटाले का भंडाफोड़ करने वाले हैं। गरीब पीड़ितों की मदद करने के लिए, कीर्ति, राहुल और गुरकीरत अपने कॉलेज के अधिकारियों, प्रमुख डॉक्टरों और यहां तक कि राजनेताओं से भी संपर्क करते हैं। अपनी जान को खतरे में डालने, सबूतों को गायब करने और अपने परिवारों पर मंडराते खतरे के बीच, क्या वे अंत तक लड़ने का साहस कर पाएंगे? प्रभलीन संधू ने कहा, यह हाल के समय की सबसे प्रासंगिक, महत्वपूर्ण और डरावनी कहानियों में से एक है जो सच्ची घटनाओं पर आधारित है।

### पॉप-स्टार एड शीरन भारत के छह शहरों में देंगे प्रस्तुति



**मुंबई।** वैश्विक पॉप स्टार एड शीरन 2025 में छह भारतीय शहरों में प्रदर्शन करेंगे। एड शीरन मार्च 2024 में अपने मुंबई कॉन्सर्ट के बाद भारत के अपने अब तक का सबसे बड़ा दौरा करने वाले हैं, जहां वह अपने संगीत के साथ दिल्ली सहित छह शहरों में प्रदर्शन करेंगे। एड शीरन ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर प्रशंसकों के साथ रोमांचक खबर साझा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा, आपके खूबसूरत देश के अपने अब तक के सबसे बड़े दौरे के लिए भारत वापस आ रहा हूं। साथ ही पहली बार भूटान में भी आ रहा हूं, एक दशक में पहली बार कतर वापस आ रहा हूं और बहरीन के खूबसूरत एम्फीथिएटर में फिर से आने वाला हूं। वर्ष 2025 की शुरुआत कितनी अच्छी हो रही, आप सभी को वहां देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। भारत में 11 दिसंबर से टिकट की बिक्री, भूटान में 30 नवंबर को, कतर और बहरीन में छह दिसंबर को। दौरे का भारत चरण 30 जनवरी को पुणे में शुरू होगा और इसमें हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, शिलांग और दिल्ली भी शामिल होंगे। चुनिंदा कार्डधारकों के लिए प्री-सेल टिकट बुकमायशो पर नौ दिसंबर से उपलब्ध होंगे, जबकि सामान्य टिकटों की बिक्री 11 दिसंबर से शुरू होगी। एड शीरन पुणे : 30 जनवरी यश लॉन्स में, हैदराबाद : 2 फरवरी रामोजी फिल्म सिटी में, चेन्नई : 5 फरवरी वाईएमसीए ग्राउंड में, बेंगलुरु : 8 फरवरी एनआईसीई ग्राउंड्स में, शिलांग : 12 फरवरी जेएन स्टेडियम में और दिल्ली एनसीआर : 15 फरवरी लेजर वैली ग्राउंड में प्रदर्शन करेंगे।

### मुनव्वर फारुकी ने मॉरीशस में पूरी की फर्स्ट कॉपी की शूटिंग

**मुंबई।** मुनव्वर फारुकी ने अपनी बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज फर्स्ट कॉपी की पूरी कर ली है। फर्स्ट कॉपी का अंतिम शेड्यूल मॉरीशस के शानदार स्थानों पर शूट किया गया, जो इस रोमांचक प्रोजेक्ट का एक बेहतरीन समापन था। मुनव्वर ने फर्स्ट कॉपी के साथ अभिनय में कदम रखा है, यह एक ऐसी सीरीज़ है जो उनकी बहुमुखी प्रतिभा के एक नए पहलू को उजागर करने का वादा करती है। शूटिंग के आखिरी दिन की एक तस्वीर पहले ही वायरल हो चुकी है, जिसमें कलाकार- मुनव्वर फारुकी, क्रिस्टल डिसूजा और आशी सिंह- नाव पर आराम करते हुए, सौहार्द और खुशी का इजहार करते हुए नजर आ रहे हैं। मुनव्वर ने अपने दिल की बात साझा की और बताया यह यात्रा अविश्वसनीय से कम नहीं रही है। मॉरीशस में फर्स्ट कॉपी को पूरा करना एक अवास्तविक एहसास है- जैसे इस प्रोजेक्ट में की गई सारी मेहनत, रचनात्मकता और जुनून का सही समापन हो। किरदार, कहानी और इस लुभावने स्थान ने इस अनुभव को वाकई खास बना दिया। मैं इस प्रक्रिया के माध्यम से एक कलाकार और एक व्यक्ति के रूप में बहुत आगे बढ़ा हूं। मैं हर किसी को यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि हमने क्या बनाया है। फरहान पी जम्मा द्वारा निर्देशित और साल्ट मीडिया और आरवीसीजे द्वारा निर्मित फर्स्ट कॉपी दर्शकों को 1990 के दशक के उत्तरार्ध में ले जाती है, जो डीवीडी युग के दौरान फिल्म पाइरेसी की दुनिया में ले जाती है।

## फाइटनाइट के लिए लखनऊ पहुंचे फाइटर्स

**लखनऊ।** नवाबों के शहर में होने वाले मिक्स्ड मार्शल आर्ट (एमएमए) के रोमांचक मुकाबले केसीसी फाइटनाइट की तैयारियां पूरी हो चुकी है।

इस फाइट में अपनी चुनौती पेश करने को तैयार देश के शीर्ष एमएमए फाइटर में शुमार राना रूद्र प्रताप सिंह सहित अन्य विश्व स्तरीय फाइटर लखनऊ पहुंच गए जो एक दिसंबर को चौक स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में होने वाले मुकाबले में जोर आजमाइश करेंगे। कॉम्बैट क्रीड चैंपियनशिप (केसीसी) के तत्वावधान में होने वाली चैंपियनशिप में शनिवार शाम सभी 16 फाइटर्स का वजन किया जाएगा और फाइटर एक-दूसरे से रूबरू होंगे।

इस फाइट में अंकों के अलावा नाकआउट और सबमिशन के आधार पर विजेता का फैसला हो सकता है। केसीसी फाइटनाइट में मार्शल आर्ट की विभिन्न शैलियों जैसे कराटे, किकबॉक्सिंग, जि-जित्सु, ताइक्वांडो आदि के फाइटर्स के रोमांचक फाइटिंग स्टाइल और तकनीक से फाइट से दर्शक रुबरु होंगे।

## उत्तराखंड को मिली नेशनल विंटर गेम्स की मेजबानी

ब्यूरो, देहरादून



- चमोली जिले के औली में 29 जनवरी से होगा आयोजन

**अमृत विचार :** 38 वें राष्ट्रीय खेलों के साथ ही उत्तराखंड को इस बार नेशनल विंटर गेम्स की भी मेजबानी मिल गई है। इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी ने उत्तराखंड विंटर गेम संगठन के अनुरोध पर 29 जनवरी से मौसम को देखते हुए विंटर गेम्स करवाने के लिए अनुमति दी है।

राज्य में विंटर गेम्स को लेकर लगातार उत्तराखंड विंटर गेम संगठन कई सालों से काम कर रहा है। उत्तराखंड विंटर गेम संगठन के प्रेसिडेंट हर्ष मणि व्यास के मुताबिक इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी में अध्यक्ष शिवा केशवन द्वारा स्की एंड स्नो फेडरेशन इंडिया को उत्तराखंड में इस बार नेशनल विंटर गेम्स अलॉट हुए हैं। उम्मीद है कि इस साल अच्छी बर्फबारी देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में विंटर गेम्स आयोजन की जो टेंटेटिव डेट्स उन्हें प्राप्त हुई हैं, वह 29 जनवरी से 2 फरवरी तक दी गई हैं। हालांकि यह पूरी तरह से मौसम और बर्फबारी पर निर्भर करता है।

विंटर गेम के क्षेत्र में उत्तराखंड देश के सभी राज्यों में अग्रणी है। चमोली जिले के औली में पूर्व आईएएस अधिकारी के नाम पर बना एसएस पांगती स्लोप इंटरनेशनल स्की एंड स्नो बोर्ड फेडरेशन (एफआईएस) से अप्रूव्ड स्लोप मौजूद है। ऐसा पूरे देश में केवल उत्तराखंड में है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### बुशरा बीबी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अधिकारी 19 करोड़ पाउंड के कथित भ्रष्टाचार मामले में अदालत में पेश नहीं होने पर जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को गिरफ्तार करने के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के मुताबिक जवाबदेही अदालत द्वारा 22 नवंबर को सुनाए गए फैसले के बाद सख्ती की जा रही है। बुशरा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए गए थे, क्योंकि वह लगातार आठ सुनवाई में अनुपस्थित रही थीं।

### अरबपति मलेशियाई का 86 वर्ष की आयु में निधन

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के सबसे अमीर लोगों में शामिल दूरसंचार, मीडिया, पेट्रोलियम और रियल इस्टेट उद्यमी आनंद कृष्णन का निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। कृष्णन की निवेश कंपनी उसाहा टेगास ने बताया कि उनके परिवार ने लोगों से निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है। बयान में निधन का कारण नहीं बताया गया। इसके अनुसार आनंद ने राष्ट्र निर्माण और कॉर्पोरेट जगत में बड़ा योगदान दिया है। उनके परोपकार के कार्यों ने कई लोगों की जिंदगियों को प्रभावित किया है। फोर्ब्स पत्रिका ने आनंद को मलेशिया का छठा सबसे अमीर व्यक्ति बताया था जिनकी कुल संपदा 5.1 अरब डॉलर की है।

### खैबर पख्तूनख्वा में चार आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान के दौरान चार आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने गुरुवार को एक बयान में कहा है कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर प्रांत के खैबर जिले में अभियान चलाया। आईएसपीआर ने कहा, अभियान के दौरान, सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकाने को चारो ओर से घेर लिया।

### ब्रिटेन की मंत्री ने धोखाधड़ी मामले में दिया इस्तीफा

**लंदन।** ब्रिटेन की परिवहन मंत्री लुइस हेग ने एक दशक पुराने सेलफोन धोखाधड़ी मामले में दोषी पाए जाने के बाद शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर को लिखे एक पत्र में हेग ने कहा, मैं अपनी राजनीतिक जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं, लेकिन अब मेरा मानना है कि पद से इस्तीफा देना ही सबसे उपयुक्त होगा। हेग के इस्तीफे से कुछ घंटे पहले स्काई न्यूज और द टाइम्स ऑफ लंदन समाचार पत्रों में खबरें आई थीं, जिनमें कहा गया है कि हेग पर धोखाधड़ी का आरोप तय हुआ है। खबर के अनुसार हेग ने 2013 में कहा था कि उनका सेलफोन चोरी हो गया है।

### ईरान यूरेनियम संवर्धन पर शुरू करेगा कार्यः संरा

**दुबई।** संयुक्त राष्ट्र (संरा) की एक निगरानी एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि ईरान अपने दो मुख्य परमाणु संयंत्रों (फोर्डो और नतानज) में हजारों उन्नत 'सेंट्रीफ्यूज' के साथ यूरेनियम संवर्धन का काम शुरू कर देगा। तेहरान के इस कार्यक्रम को लेकर तनाव फिर से बढ़ गया है। संयुक्त राष्ट्र के तहत कार्यरत अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के नोटिस में कहा गया है कि केवल पांच प्रतिशत शुद्धता और नए 'सेंट्रीफ्यूज' के साथ ईरान द्वारा यूरेनियम का संवर्धन किया जा रहा है, जो उसकी संवर्धन करने की मौजूदा क्षमता (60 प्रतिशत) से काफी कम है।

### चीन में विशाल पांडा की आबादी बढ़कर 1,900 हुई

**बीजिंग।** कृत्रिम प्रजनन पद्धति के इस्तेमाल के बाद चीन में विशाल पांडा की आबादी बढ़कर लगभग 1,900 हो गई है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। भालू के परिवार के ये सदस्य गोल चेहरे, मोटे शरीर और शरीर पर सफेद तथा काले बालों के विशिष्ट निशान के लिए पहचाने जाते हैं। इनकी आबादी बढ़ने के साथ ही ये लुप्तप्राय से संवेदनशील श्रेणी में आ गये हैं। चीनी विशेषज्ञों का कहना है कि विशाल पांडा का प्रजनन सबसे कठिन प्रक्रिया थी।

## चक्रवात की आशंका



आईएमडी द्वारा समुद्र में न जाने की चेतावनी के बीच तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में मछुआरे अपनी नावों को समुद्र से दूर ले जाते हुए। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने गहरे दबाव के चक्रवात फेंगल में तब्दील होने की आशंका है।

## डेमोक्रेटिक सांसदों को बम विस्फोट की मिली धमकी

**फ्लोरिडा।** अमेरिकी के कनेक्टिकट से डेमोक्रेटिक पार्टी के कम से कम चार सांसदों को उनके घरों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सांसदों एवं उनके कार्यालयों ने यह जानकारी दी। प्रतिनिधि सभा के सदस्यों जिम हिम्स, जो कोर्टनी, जॉन लार्सन और जहाना हेस ने उन्हें धमकियां मिलने की जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि उसे सांसदों की संपत्तियों पर विस्फोटक सामग्री से संबंधित कोई सबूत नहीं मिला।

राज्य से प्रतिनिधि सभा के पांचवें डेमोक्रेटिक सदस्य रोसा डेलाउरो और कनेक्टिकट से डेमोक्रेटिक पार्टी के दो सीनेटर को भी धमकियां मिली हैं या नहीं। इससे एक दिन पहले, अमेरिका में कैबिनेट स्तर के कई मनोनीत और शीर्ष प्रशासनिक अफसरों को धमकी मिली थी।

# भारत फिर चुना गया संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग का सदस्य

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

भारत को 2025-2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग के सदस्य के रूप में फिर से चुना गया है। आयोग में भारत का वर्तमान कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा था। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत को 2025-2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग (पीबीसी) के लिए फिर से चुना गया है।

संस्थापक सदस्य और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में भारत



वैश्विक शांति और स्थिरता की दिशा में काम करने के वास्ते पीबीसी के साथ अपना जुड़ाव जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। पीबीसी में 31 सदस्य देश हैं जो संयुक्त राष्ट्र महासभा, सुरक्षा परिषद और आर्थिक एवं सामाजिक परिषद से चुने जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में शीर्ष वित्तीय योगदान देने वाले देश और शीर्ष सैन्य योगदान देने वाले देश भी इसके सदस्य हैं। भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में वर्दीधारी कर्मियों के रूप में सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है। संयुक्त राष्ट्र के अभियानों के तहत वर्तमान में भारत के लगभग 6,000 सैन्य और पुलिसकर्मी अबेई, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, साइप्रस, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, लेबनान, पश्चिम एशिया, सोमालिया, दक्षिण सूडान और पश्चिमी सहारा में तैनात हैं।

शांति अभियानों में लगभग 180 भारतीय शांति सैनिकों ने कर्तव्य निर्वहन के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया है, जो योगदानकर्ता के रूप में किसी अन्य देश के मुकाबले अब तक की सबसे अधिक संख्या है।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की हो रक्षा

## भारत ने कहा- अंतरिम सरकार निभाए जिम्मेदारी, उग्र बयानबाजी व हिंसा की घटनाएं चिंताजनक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। साथ ही, उसने पड़ोसी देश में उग्र बयानबाजी और हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश सरकार के समक्ष हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ खतरों और लक्षित हमलों का मुद्दा लगातार और दृढ़ता से उठाया है। उन्होंने कहा इस मामले पर हमारा रुख स्पष्ट है।

अंतरिम सरकार को सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जायसवाल ने कहा हम आक्रामक बयानबाजी, हिंसा और उकसावे की बढ़ती घटनाओं से चिंतित हैं। इन घटनाक्रम को केवल यह कहकर खारिज नहीं किया जा सकता कि मीडिया में बढा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा हम एक बार फिर बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए सभी कदम उठाने का आह्वान करते हैं। बांग्लादेशी अधिकारियों द्वारा हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर जायसवाल ने कहा कि भारत ने पाया है कि मामले में कानूनी प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा जहां तक व्यक्तियों के खिलाफ मामलों का सवाल है, हमने पाया है कि कानूनी प्रक्रियाएं चल रही हैं। जायसवाल ने कहा हमें उम्मीद है कि ये प्रक्रियाएं मामले को न्यायसंगत, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निपटाएंगी, जिससे सभी संबंधित लोगों के कानूनी अधिकारों का पूरा सम्मान सुनिश्चित होगा।



जानकारी देते रणधीर जायसवाल।

### बांग्लादेश ने भारत से उसके राजनयिक मिशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा

**ढाका।** बांग्लादेश ने कोलकाता स्थित उप उच्चायोग पर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन पर गहरी चिंता व्यक्त की और भारत से देश में उसके सभी राजनयिक मिशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। विदेश मंत्रालय के दावा किया प्रदर्शन में बांग्लादेश का झंडा फूंका गया।

### ब्रिटेन के सांसद ने हिंदुओं के उत्पीड़न का मामला संसद में उठाया

**लंदन।** ब्रिटेन के संसद सदस्य और ब्रिटिश हिंदुओं के ऑल पार्टी पार्लियामेंट्री ग्रुप (एपीपीजी) के अध्यक्ष बॉब ब्लैकमैन ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित हमलों को लेकर संसद के निचले सदन 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में चिंता जताई। संसद सत्र के दौरान उत्तरी लंदन में हैरो ईस्ट के सांसद ब्लैकमैन ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के कथित उत्पीड़न और हिंदू आध्यात्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास को जेल भेजने की निंदा की। ब्लैकमैन ने सांसदों को बताया उन्हें (दास) बांग्लादेश में गिरफ्तार किया गया है और पूरे बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या की जा रही है, उनके घरों और मंदिरों को जलाया जा रहा है। उन्होंने कहा बांग्लादेश के उच्च न्यायालय में यह फैसला देने का प्रयास किया गया कि इस्कॉन को देश से प्रतिबंधित कर दिया जाना चाहिए, जो हिंदुओं पर सीधा हमला है।

## चिन्मय सहित 16 अन्य के बैंक खाते फ्रीज करने के आदेश



बांग्लादेश में इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की मांग पर जुटी भीड़।

**ढाका।** बांग्लादेश वित्तीय खुफिया इकाई (बीएफआईयू) ने अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी से जुड़े 17 लोगों के बैंक खाते 30 दिन के लिए फ्रीज करने का आदेश दिया है। यह निर्देश गुरुवार को जारी किया गया और देश के विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों को भेजा गया। ढाका ट्रिब्यून ने बीएफआईयू के हवाले से बताया कि इसमें खातों से एक महीने के लिए सभी लेन-देन निलंबित कर दिए गए हैं। इसके अलावा अन्य 16 लोगों में कार्तिक चंद्र डे, अनिक पाल, सरोज रॉय, सुशांत दास, बिस्वा कुमार सिंघा, चंडीदास बाला, जयदेव कर्माकर, लिपि रानी कर्माकर, सुधामा गौर दास, लक्ष्मण कांति दास, प्रियतोष दास, रूपन दास, रूपन कुमार धर, आशीष पुरोहित, जगदीश चंद्र अधिकारी और सजल दास शामिल हैं। बीएफआईयू ने बैंकों से इन व्यक्तियों के स्वामित्व वाले सभी व्यवसायों के लिए खाता खोलने के फॉर्म, केवाईसी फॉर्म और शुरुआत से लेन-देन का ब्यौरा सहित विस्तृत खाता जानकारी भी मांगी है। यह जानकारी तीन कार्य दिवसों के भीतर प्रदान की जानी चाहिए। यह कार्रवाई हाल ही में सनातन जागरण जोत के प्रवक्ता चिन्मय की गिरफ्तारी के बाद की गई है। वहीं, मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को भी इस्कॉन पर प्रतिबां लगाने की मांग की।

# पाकिस्तानी महिला एजेंट को सात माह तक दी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारी

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- गुजरात एटीएस ने किया गिरफ्तार आरोपी के खाते में डालती थी पैसे

राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारी पाकिस्तानी एजेंट को देने के आरोप में गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस ) ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एटीएस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि गुजरात एटीएस को खुफिया सूचना मिली थी कि जय अंबे सोसायटी, तीसरे फाटक के पास, गांव आरभडा, ओखा मंडल, देवभूमि-द्वारका निवासी दीपेशभाई बटुकभाई गोहेल पिछले कुछ समय से व्हाट्सएप के जरिए पाकिस्तानी आर्मी या जासूसी एजेंसी आईएसआई के किसी अधिकारी या एजेंट के संपर्क में है।

सूचना के आधार पर दीपेशभाई गोहेल को पूछताछ के लिये गुजरात के अहमदाबाद एटीएस ऑफिस बुलाया गया। पूछताछ में पता चला कि वह पिछले तीन साल से ओखा जेट्टी पर कोस्ट गार्ड की नावों की मरम्मत का काम कर रहा है। आज से करीब सात महीने पहले वह साहिमा नाम की एक फेसबुक प्रोफाइल के संपर्क में आया। साहिमा फेसबुक प्रोफाइल धारक ने उसे बताया कि वह एक महिला है और पाकिस्तान नौसेना के लिये काम कर रही है। साहिमा फेसबुक प्रोफाइल धारक ने वाटसएप के माध्यम से भी उसका संपर्क किया। इसी बीच, उक्त साहिमा ने दीपेश गोहेल से उसके काम के बारे में पूछा तब उसने



गिरफ्तार आरोपी दीपेशभाई गोहेल।

बताया कि वह ओखा पोर्ट पर डिफेंस बोट में वेल्डिंग और इलेक्ट्रिकल तथा फर्नीचर संबंधी काम करता है। साहिमा ने तब उससे कहा कि वह उसे ओखा बंदरगाह पर तैनात किसी भी तटरक्षक जहाज का नाम और नंबर दे दें। वह उसे दो सौ रुपये रोज के हिसाब से हर महीने उसके बैंक खाते में पैसे जमा करेगी। इसलिए दीपेश गोहेल ने व्हाट्सएप के जरिये साहिमा को पैसे के लिये हर दिन ओखा जेट्टी जाकर वहां मौजूद नावों के नाम और नंबर और अपने दोस्तों के यूपीआई-लिंक्ड नंबर भेजे। इसके लिये साहिमा ने उसके दोस्तों के बैंक खाते में पिछले सात-आठ महीने के दौरान यूपीआई के माध्यम से 42,000 रुपये जमा किये हैं। जिस व्हाट्सएप अकाउंट पर साहिमा ने दीपेश गोहेल के साथ चैट की वह पाकिस्तान से संचालित होता पाया गया।

## कैमरून में नाव पलटी, 20 की मौत

**याउंडे।** कैमरून के सुदूर उत्तरी क्षेत्र में गुरुवार को एक नाव पलट जाने से 20 लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों और सुरक्षा सूत्रों ने गुरुवार शाम को बताया कि नाव उस समय पलट गई, जब वह लोगोने-एट-चारी डिवीजन के क्षेत्र में दारक द्वीप से यात्रियों को ले जा रही थी। फिलहाल लापता लोगों की तलाश जारी है, इससे और अधिक लोगों के हताहत होने की आशंका है। सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में नाव दुर्घटनाएं आम हैं।

## अमेरिका ने परमाणु हथियार वितरण प्रणाली को किया उन्नत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- वायु सेना निरंतर परीक्षण के लिए 259 मिसाइलों का करेगा उपयोग

अमेरिका अपने परमाणु त्रिकोण परमाणु हथियार, मिसाइल और रणनीतिक बमवर्षक ले जाने वाली पनडुब्बियां को उन्नत कर रहा है। आरआईए नोवोस्ती की ओर से प्राप्त रोसकांग्रेस फाउंडेशन की एक रिपोर्ट में कहा गया नए एलजीएम-35 सेंटिनल अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का विकास जारी है।

जिसे पहले ग्राउंड-बेस्ड स्ट्रैटेजिक डिटरेंट (जीबीएसडी) के नाम से जाना जाता था। यह मौजूदा मिनटमैन तृतीय आईसीबीएम की पूरी तरह से जगह ले लेगा। तैनाती के लिए उनकी कुल संख्या 400 पर अपरिवर्तित रहेगी, साथ ही वायु सेना की ओर से निरंतर परीक्षणों के लिए 259 मिसाइलों का उपयोग किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025 के लिए, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने सेंटिनल, अनुसंधान और विकास के लिए 3.7 अरब डॉलर का अनुरोध किया है। सेंटिनल को 2030 के दशक में सेवा में आने की उम्मीद है।

## चीन ने ताइवान के राष्ट्रपति की यात्रा को लेकर की आलोचना

**ताइपे।** ताइवान के राष्ट्रपति लाइ चिंग-ते दक्षिण प्रशांत की अपनी यात्रा के दौरान हवाई और गुआम में ठहरेंगे। उनकी इस योजना की चीन ने आलोचना की है। लाइ शनिवार को ताइवान से मार्शल द्वीप समूह, तुवालु और पलाऊ की यात्रा के लिए रवाना होंगे जो ताइवान के तीन राजनयिक सहयोगी हैं। लाइ के कार्यालय ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह अमेरिका के प्रांत हवाई और अमेरिकी क्षेत्र गुआम में रुकेंगे। उनकी इस योजना की चीन ने आलोचना की है।

## वार्ताकार प्लास्टिक प्रदूषण संधि पर सहमति बनाने के करीब पहुंचे

**बुसान (दक्षिण कोरिया), एजेंसी**

- पनामा के प्रस्ताव को 100 से अधिक देशों का मिला समर्थन

प्लास्टिक प्रदूषण के वैश्विक संकट से निपटने के लिए काम कर रहे वार्ताकार शुक्रवार को एक संधि पर सहमति बनाने के और करीब पहुंच गए क्योंकि और भी देशों ने कहा है कि वे इस समस्या का समाधान करना चाहते हैं। वार्ता का सबसे विवादास्पद मुद्दा यह है कि क्या प्लास्टिक के उत्पादन की सीमा तय की जाए।

पनामा ने प्लास्टिक उत्पादन के समाधान के लिए संधि के वास्ते एक मसौदे का प्रस्ताव किया। पनामा के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख जुआन कारलोस मोंटेरी ने कहा कि संधि के वास्ते आम सहमति बनाने के लिए यह प्रस्ताव लाया गया है और इसमें उत्पादन की सीमा शामिल नहीं की गई है। पनामा के प्रस्ताव को 100 से अधिक देशों का समर्थन मिला है। वहीं, कुछ प्लास्टिक उत्पादक और सऊदी अरब सहित तेल एवं गैस उत्पादक देशों ने प्लास्टिक उत्पादन को संधि में शामिल किये जाने का विरोध किया।

## युद्धविराम उल्लंघन को रोकने के लिए दबाव डालने का आह्वान

**बेरूत।** लेबनान के प्रधान मंत्री नजीब मिकाती ने गुरुवार को इजराइल पर हिजबुल्ला के साथ युद्धविराम समझौते के उल्लंघन को रोकने के लिए दबाव डालने का आग्रह किया। लेबनान के मंत्रिमंडल की मंत्रिपरिषद के एक बयान में यह जानकारी दी गयी। मिकाती ने यह टिप्पणी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ फोन पर बातचीत के दौरान की। इस दौरान उन्होंने बुधवार तड़के संघर्ष विराम लागू होने के बाद लेबनान में मौजूदा स्थिति पर चर्चा की।

## रूसी रक्षा मंत्री उ. कोरिया पहुंचे सैन्य विस्तार पर होगी बातचीत

**सियोल, एजेंसी**

रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव सैन्य अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं के साथ वार्ता के लिए शुक्रवार को उत्तर कोरिया पहुंचे। रूस के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रूस की समाचार एजेंसी तास ने मंत्रालय के हवाले से दी गई अपनी खबर में हालांकि यह नहीं बताया कि बेलौसोव किससे मिलेंगे या बातचीत का उद्देश्य क्या है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस यात्रा की पुष्टि नहीं की है।

पूर्व अर्थशास्त्री बेलौसोव ने मई में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सत्ता में पांचवां कार्यकाल शुरू करने के बाद रक्षा मंत्री के रूप में सर्गेई शोइगू का स्थान लिया था। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई तस्वीरों में बेलौसोव को उत्तर कोरियाई रक्षा मंत्री नो क्वांग चोल के साथ प्योंगयांग हवाई अड्डे पर 'रेड कार्पेट' पर चलते हुए दिखाया गया है। उत्तर कोरियाई सैन्य अधिकारियों को एक बैनर के तले ताली बजाते देखा गया, जिस पर लिखा था, लड़ रही रूस की सेना और उसके लोगों के प्रति पूर्ण समर्थन और एकजुटता। बेलौसोव ने अपने आगमन के बाद कहा कि दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग का विस्तार हो रहा है। उन्होंने प्योंगयांग में जून की बैठक के बाद पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन द्वारा हस्ताक्षरित रणनीतिक साझेदारी समझौते की सराहना की।



## उपराष्ट्रपति पर महाभियोग समय की बर्बादी : राष्ट्रपति

**मनीला।** फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें जान से मारने की सार्वजनिक रूप से धमकी देने के बाद से कानूनी संकट में घिरीं उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते के खिलाफ महाभियोग की शिकायत दर्ज करने से संसद के समय की बर्बादी होगी। कई समूह दुतेर्ते के खिलाफ महाभियोग की शिकायत दर्ज कराने की योजना बना रहे हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि राष्ट्रपति की इस टिप्पणी के बाद इन योजनाओं को रोक दिया जाएगा या नहीं। गोपनीय सरकारी धन का दुरुपयोग करने के आरोपों और राष्ट्रपति, उनकी पत्नी एवं प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष को हाल में दी गई सार्वजनिक धमकी के कारण दुतेर्ते संकट में घिर गई हैं। दुतेर्ते ने कहा था कि यदि वह स्वयं किसी साजिश में मारी गईं तो राष्ट्रपति, उनकी पत्नी और प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष को भी मरवा दिया जाएगा। उन्होंने साजिश का विस्तृत विवरण नहीं दिया था।

**खगोल विज्ञान** चकाचौंध कर देने वाली चमक है दूर की आकाशगंगा में

# वेब के कैमरे में पहली बार कैद हुई गैलेक्सी सोम्ब्रेरो

**संवाददाता, नैनीताल**



**अमृत विचारः** ब्रह्मांड की खोज खबर में जुटी जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने एक और कारनामा कर दिखाया है। इस बार 30 मिलियन प्रकाशवर्ष दूर की आकाशगंगा की तस्वीर कैमरे में कैद की है। यह आकाशगंगा चकाचौंध कर देने वाली चमक खुद में समाए हुए है, जो देखने में बेहद आकर्षक नजर आ रही है। जो महीन धूल से लेकर आंतरिक कोर क्षेत्र तारों के धब्बों को खुद मे समेटे है।

सोम्ब्रेरो आकाशगंगा (एम104) की नई तस्वीर को नासा ने दो दिन पहले जारी किया है। यह रोशनी से चकाचौंध कर देने वाली गैलेक्सी है। इसमें महीन धूल भरी पड़ी है। इसके आंतरिक कोर क्षेत्र में तारों को बखूबी देखा जा सकता है। नासा के अनुसार सोम्ब्रेरो आकाशगंगा विशेष रूप से अत्यधिक सक्रिय तारों का निर्माण नहीं करती है। इसके केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल मौजूद है। यह प्रति वर्ष एक से भी कम सौर द्रव्यमान वाले तारे उत्पन्न करती है। मगर बड़ी संख्या में तारों का उत्पादन होता है । मगर इसकी तुलना स्टारबर्स्ट गैलेक्सी M82 से करें तो मिल्की वे और सोम्ब्रेरो की तुलना में प्रति वर्ष 10 से 20 गुना अधिक तारे पैदा होते हैं। सोम्ब्रेरो आकाशगंगा के केंद्र में स्थित सुपरमैसिव ब्लैक होल का द्रव्यमान लगभग 9 बिलियन सौर द्रव्यमान है। सोम्ब्रेरो गैलेक्सी में लगभग 2,000 तारों का गोलाकार समूह है, जो गुरुत्वाकर्षण द्वारा गोलाकार झुरमुट में एक साथ बंधे होते हैं।

सोम्ब्रेरो आकाशगंगा कन्या राशि के निकट दक्षिणपूर्वी सीमा पर स्थित है। तस्वीरों में एम 104 एक आश्चर्यजनक आकाशगंगा नजर आती है। इसका परिमाण यानी चमक 8.3 मैनेट्यूट है। इसे छोटी दूरबीन से देख सकते हैं। यह एक चमकदार कोर वाली सर्पिल आकाशगंगा है।

### लगातार विस्तार की ओर ब्रह्मांड

**नैनीताल :** ब्रह्मांड का विस्तार निरंतर जारी है। यह कब तक जारी रहेगा, कहा नहीं जा सकता। खगोलविदों का कहना है कि जेम्स वेब की सुविधा उपलब्ध हो जाने से अंतरिक्ष की दुनिया को समझने व देखने में काफी मदद मिली है। इस तरह की अभी कई दूरबीन अंतरिक्ष में स्थापित करनी होगी, तभी हम ब्रह्मांड को भलीभांति समझ पाने में सक्षम हो पाएंगे। इस कार्य में दुनिया के सभी देशों को एकजुट होना होगा और सूचनाओं का आदान प्रदान करना होगा।